राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

Www.gauravshalibharat.com



# गौरवशाली भारत

नई दिल्ली से प्रकाशित

वर्ष : 11
अंक : 263
पृष्ठ : 08
नई दिल्ली
मंगलवार 05 अप्रैल 2022
मूल्य : 1.50/-
RNI No .DELHIN/2011/38334

**मुख्य अपडेट**

पेज 3 प्रदेश भाजपा अध्यक्ष एवं नेता प्रतिपक्ष ने उपराज्यपाल को पांच सूत्रीय मांगों को लेकर एक ज्ञापन सौंपा

पेज 5 एटीएस और एसटीएफ करेंगे गोरखनाथ मंदिर में सुरक्षाकर्मियों पर हमले की जांच

पेज 7 फिट इंडिया क्विज स्टेट के विजेताओं की घोषणा, विजेता अब राष्ट्रीय खिताब के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगे



## शार्ट न्यूज

### जम्मू-कश्मीर के नौशेरा में घुसपैठ की कोशिश नाकाम, एक आतंकवादी ढेर

जम्मू। जम्मू-कश्मीर में राजौरी जिले के नौशेरा सेक्टर में सोमवार को सेना के सतर्क जवानों ने नियंत्रण रेखा (एलओसी) पार करने का प्रयास कर रहे एक आतंकवादी को मार गिराया और घुसपैठ की कोशिश नाकाम कर दी। रक्षा मंत्रालय के एक प्रवक्ता ने यहां बताया कि सेना ने राजौरी जिले के नौशेरा सेक्टर में नियंत्रण रेखा पर पाकिस्तानी आतंकवादियों की घुसपैठ की कोशिश विफल कर दी। उन्होंने बताया कि हथियार और गोला-बारूद के साथ एक आतंकवादी का शव बरामद किया गया है। क्षेत्र में सेना का अभियान अभी जारी है।

### एक्स-रे टेकनीशियन के खिलाफ चार्जशीट

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर की ग्रीष्मकालीन राजधानी श्रीनगर के कोर्ट ऑफ पैसेंजर टैक्स एंड इलेक्ट्रिसिटी में कश्मीर अपराध शाखा( सीबीके) ने सोमवार को एक एक्स-रे टेक्नीशियन के खिलाफ अपनी नियुक्ति के लिए नकली प्रमाणपत्र बनाने के लिए आरोप पत्र दायर किया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी है। सीबीके ने अपने एक बयान में कहा कि उत्तरी कश्मीर के मददार बांदीपोरा निवासी बशीर अहमद वानी के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है, जिसमें उसने 12वीं का नकली प्रमाण पत्र की मदद से स्वास्थ्य विभाग में जूनियर एक्स-रे टेकनीशियन का पद हासिल किया था। बांदीपोरा के गुंड रामपोरा निवासी एजाज अहमद मीर नाम की एक व्यक्ति ने सीबीके को एक शिकायत दी जिसमें आरोप लगाया था कि बशीर अहमद वानी ने एसएसआरबी के माध्यम से 12वीं की नकली प्रमाण पत्र के सहारे स्वास्थ्य विभाग में जूनियर एक्स-रे की सहायक पद पर नौकरी हासिल की है। इस संदर्भ में सीबीके पुलिस थाना ने केस दर्ज कर लिया था तथा जांच के दौरान पाया गया कि उसने स्वास्थ्य विभाग में जुनियर एक्स-रे टेकनीशियन के पद पर 12वीं की फर्जी प्रमाण पत्र के माध्यम से नौकरी प्राप्त की है। गौरतलब है कि कथित तौर पर इस प्रमाम पत्र को उत्तर प्रदेश शिक्षा स्कूल बोर्ड इलाहाबाद से मेरठ के स्थानीय कार्यालय ने जारी किया है।

### चंडीगढ़ तो बहाना है, पंजाब के पानी पर निशाना है : सिद्धू

चंडीगढ़। पंजाब कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष नवजोत सिंह सिद्धू ने सोमवार को आरोप लगाया कि चंडीगढ़ एक बहाना है, पंजाब के दरियाई पानी पर निशाना है। चंडीगढ़, जो पंजाब एवं हरियाणा दोनों प्रदेशों की राजधानी है और केंद्र शासित प्रदेश भी है, में कर्मचारियों पर केंद्रीय सेवा नियम लागू करने की घोषणा के बाद छिड़े राजनीतिक बवाल के बीच श्री सिद्धू ने ट्वीट किया और कहा कि पंजाब के 27 गांव उजाड़ के बनाया हुआ चंडीगढ़ पंजाब का था, है और रहेगा। उन्होंने आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल, हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर और पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान को टैग करते हुए आगे कहा, कहीं पे निगाहें कहीं पे निशाना ज्चंडीगढ़ तो बहाना है, पंजाब के दरियाई पानी पे निशाना है। चंडीगढ़ के मुद्दे पर हरियाणा विधानसभा का एक विशेष सत्र कल (मंगलवार, पांच अप्रैल को) बुलाया गया है। पंजाब विधानसभा पहले ही प्रस्ताव पारित कर चंडीगढ़ को पंजाब को सौंपने की मांग कर चुकी है।

### पीएपी 80वीं बटालियन ने मनाया आठ जवानों का जन्मदिन, कमांडेंट ने बांटे गुलदस्ते

जालंधर। अपनी तरह की अनूठी पहल में, पंजाब सशस्त्र पुलिस (पीएपी) जालंधर की 80वीं बटालियन ने सोमवार को अपने आठ अधिकारियों को उनके जन्मदिन के अवसर पर गुलदस्ते देकर सम्मानित किया। कमांडेंट जगमोहन सिंह ने जानकारी देते हुए कहा कि पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान द्वारा पुलिस कर्मियों का जन्मदिन इस तरह से मनाने के लिए जारी निर्देशों का पालन करते हुए, बटालियन में एक सरल लेकिन प्रभावशाली कार्यक्रम आयोजित किया गया, जहाँ आठ जवानों को उनके जन्मदिन पर सम्मानित किया गया। कमांडेंट ने इन अधिकारियों को गुलदस्ते और मुख्यमंत्री तथा डीजीपी पंजाब द्वारा हस्ताक्षरित एक जन्मदिन ग्रीटिंग कार्ड प्रदान किया और उन्हें एक खुशहाल और समृद्ध वर्ष की शुभकामनाएं दीं। इस निर्णय को पुलिस बल को अपने कर्तव्य के प्रति प्रोत्साहित करने में एक बेंचमार्क बताते हुए, कमांडेंट ने कहा कि यह पहल पूरे बल के मनोबल को और बढ़ाने के साथ-साथ उन्हें एक इकाई के परिवार के सदस्यों की तरह महसूस कराने में एक लंबा रास्ता तय करेगी। उन्होंने 80वीं बटालियन में इस तरह की गतिविधियों को नियमित रूप से आयोजित करने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई ताकि मुख्यमंत्री और डीजीपी द्वारा जारी निर्देशों का पालन किया जा सके।

### फिरोजपुर सेक्टर में दो किलो से अधिक हेरोइन बरामद

जालंधर। सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने सोमवार को फिरोजपुर सेक्टर के क्षेत्र में सीमा पार से हेरोइन की तस्करी के प्रयास को विफल करते हुए दो किलो दो सौ ग्राम हेरोइन बरामद की है। बीएसएफ के जनसंपर्क अधिकारी ने बताया कि आज तड़के सीमा सुरक्षा बल के जवानों ने तरन-तारन जिले के फिरोजपुर सेक्टर के क्षेत्र में सीमा सुरक्षा बाड़ के दूसरी तरफ एक व्यक्ति को संदिग्ध हालत में घूमते और कुछ हरकत करते हुए देखा और थंपिंग की आवाज सुनी। जवानों ने उस व्यक्ति (तस्कर) पर छह गोलियां चलाईं लेकिन वह खड़ी फसलों की आड़ में वहां से भागने में सफल रहा। अधिकारी ने बताया कि क्षेत्र की तलाशी पर सीमा सुरक्षा बाड़ के भारतीय पक्ष से पीले चिपकने वाली टेप में लिपटे हेरोइन के दो पैकेट बरामद किए गए। जिनका वजन 2.200 किलोग्राम है।

### आयकर अधिकारी को ब्लैकमेल कर ऐंठे तीन लाख रुपये

सिरसा। हरियाणा के सिरसा में सिविल लाईन थाना पुलिस ने आयकर विभाग के एक अधिकारी को ब्लैकमेल कर तीन लाख रुपये ऐंठने के आरोप में एक महिला समेत दो लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आयकर अधिकारी ने शिकायत में बताया कि उनके एक रिश्तेदार रवि ने हिसार से कुछ समय पहले फोन कर कहा कि उसकी पत्नी से अधिकारी के संबंध हैं और इसका वीडियो उसके पास है। वीडियो वायरल करने से बचने के लिए उसने पीड़ित से तीन लाख रुपये की मांग की। अधिकारी ने तीन लाख रुपये रवि के कहने पर विनोद देवी नामक महिला के बैंक खाते डलवा दिए, लेकिन आरोपी के कल फिर से फोन के जरिए दो लाख रुपये और मांगने पर उसने पुलिस को इसकी शिकायत दी। पुलिस ने रवि और विनोद देवी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया और मामले की जांच जारी है।

### ऐतिहासिक अध्ययन विभाग का पंजाबी विवि में विलय अतार्किक : धामी

अमृतसर। शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी (एसजीपीसी) के अध्यक्ष एडवोकेट हरजिंदर सिंह धामी ने पंजाबी यूनिवर्सिटी, पटियाला (पीयूपी) द्वारा यूनिवर्सिटी में पंजाब हिस्टोरिकल स्टडीज विभाग को इतिहास विभाग में विलय करने के फैसले पर कड़ी आपत्ति जताई और इस मुद्दे पर पुनर्विचार की मांग की। धामी ने कहा कि पीयूपी के सिंडिकेट की हालिया बैठक में इन दोनों विभागों के विलय का फैसला अतार्किक है और इससे शोध की व्यापक संभावनाएं सीमित हो जाएंगी। उन्होने कहा कि यह सिख विरासत को नष्ट करने के लिए एक कदम है, विशेष रूप से पंजाब ऐतिहासिक अध्ययन विभाग, जो सिख इतिहासकार डॉ गंडा सिंह का प्रतीक है। पंजाब का इतिहास सिखों से संबंधित है और पंजाब ऐतिहासिक अध्ययन विभाग के बिना, इस क्षेत्र के इतिहास की अनुसंधान प्राथमिकताएं संभव नहीं होंगी। एसजीपीसी अध्यक्ष ने कहा कि इस फैसले से पंजाब के इतिहास और संस्कृति पर असर होना तय है जिसे तुरंत वापस लिया जाना चाहिए। एडवोकेट धामी ने कहा कि विश्वविद्यालय का यह फैसला हैरान करने वाला है क्योंकि शोध कार्य को तेज करने के लिए नए विभाग खोलने की बजाय पहले से मौजूद विभागों को खत्म किया जा रहा है।

# जम्मू-कश्मीर: लाल चौक और पुलवामा में आतंकी हमले, सीआरपीएफ जवान शहीद

**एजेंसी**

**श्रीनगर।** जम्मू और कश्मीर के श्रीनगर में सोमवार को आतंकी हमला हुआ है। लाल चौक के मैसुमा में हुए इस हमले में सीआरपीएफ के दो जवान घायल हो गए हैं। इनमें से एक की मौत हो गई है। इसके अलावा खबर है कि आतंकियों ने पुलवामा में भी स्थानीय लोगों को निशाना बनाया है। घायलों को अस्पताल ले जाया गया है। खास बात है कि रविवार को ही सेना ने पुंछ जिले में नियंत्रण रेखा के पास गांव से बड़ी संख्या में हथियार बरामद किए थे।

जम्मू-कश्मीर के पुलवामा जिले में सोमवार को आतंकवादियों ने गैर-



स्थानीय दो लोगों को गोली मार दी। अधिकारियों ने बताया कि पिछले 24 घंटों में गैर-स्थानीय लोगों पर आतंकवादियों का यह दूसरा हमला है। उन्होंने बताया, पुलवामा के लाजूरा में सोमवार दोपहर में आतंकवादियों ने पटलेश्वर कुमार और जाको चौधरी पर गोलियां चलायीं। दोनों बिहार के रहने वाले हैं।

उन्होंने बताया कि घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अधिकारी ने बताया कि और जानकारी की प्रतीक्षा है। इससे पहले आतंकवादियों ने रविवार की शाम पुलवामा के नौपोरा इलाके में दो गैर-स्थानीय मजदूरों को गोली मार दी थी। दोनों पंजाब के रहने वाले थे।

रविवार को भी भारतीय सेना और स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप को बड़ी सफलता मिली थी। समाचार एजेंसी एएनआई के अनुसार, संयुक्त कार्रवाई में पुंछ जिले में हथियार और गोला-बारूद बरामद किए गए थे। जम्मू में रक्षा प्रवक्ता की तरफ से बयान जारी किया गया, खुफिया जानकारी के आधार पर व्हाइट नाइट कॉर्प्स की पुंछ ब्रिगेड और एओजी पुंछ की तरफ से तहसील हवेली के नूरकोट गांव में सर्च ऑपरेशन चलाया गया था।

बयान के अनुसार, जवानों को दो एके-47 राइफल, एके-47 की दो मैगजीन, एक 223 बोर एके आकार की बंदूक और मैगजीन, एक चीनी पिस्तौल और मैगजीन, एके-47 के 63 राउंड्स, 223 बोर बंदूक के 20 राउंड और चीनी पिस्तौल के 4 राउंड बरामद किए गए थे।

# दिल्ली-पंतनगर के बीच आठ अप्रैल से स्पाइसजेट भी भरेगी उड़ान

नैनीताल। उत्तराखंड का पंतनगर हवाई अड्डा हवाई सेवा के मामले में नयी इबारत लिखने जा रहा है। दिल्ली-पंतनगर-देहरादून हवाई सेवा के बाद अब पंतनगर से दिल्ली व अन्य शहरों के बीच हवाई सेवा शुरू करने जा रहा है। आगामी आठ अप्रैल से दिल्ली से पंतनगर के बीच एक नयी हवाई सेवा शुरू होने जा रही है। स्पाइसजेट इस सेवा को शुरू करेगा। पंतनगर एयरपोर्ट अथॉरिटी को इस सेवा को शुरू करने की अनुमति मिल गयी है और स्पाइसजेट व अथॉरिटी के बीच इस सेवा को लेकर सभी प्रकार की औपचारिकतायें पूरी कर ली गयी हैं। पंतनगर हवाई अड्डा के निदेशक राजीव पुनेठा ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि आगामी आठ अप्रैल से दिल्ली-पंतनगर के बीच स्पाइसजेट की एक और नियमित हवाई सेवा शुरू हो रही




है। उन्होंने बताया कि इस हवाई सेवा को स्पाइसजेट की ओर से दिल्ली से अन्य महानगरों व शहरों को विस्तार देने की योजना है। यह भी जानकारी मिली है कि स्पाइसजेट की ओर से इस सेवा के लिये आनलाइन बुकिंग शुरू कर दी गयी है।

गौरतलब है कि इससे पहले विगत 27 मार्च को इंडिगों की ओर से दिल्ली-पंतनगर-देहरादून के बीच नियमित हवाई सेवा की शुरूआत हुई थी। जानकारों का मानना है कि पंतनगर हवाई अड्डा से हवाई सेवा के विस्तार से उत्तराखंड के कुमाऊं में पर्यटन गतिविधियों को बढ़ावा मिल सकेगा।

### पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने केंद्रीय राजमार्ग एवंम परिवहन मंत्री नितिन गडकरी को लिखा पत्र

रांची। भारतीय जनता पार्टी के विधायक दल के नेता व पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मराण्डी ने केंद्रीय राजमार्ग एवंम परिवहन मंत्री नितिन गडकरी को पत्र लिखा है। पत्र के माध्यम से श्री मरांडी ने आज कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व और श्री गडकरी के कुशल प्रबन्धन में सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय जनोपयोगी योजनाओं के क्रियान्वयन में जनाकांक्षाओं के अनुरूप अपने लक्ष्यों को पाने में सफल सिद्ध हुई है। आपके अधीनस्थ मंत्रालय से सम्बन्धित एक महत्वपूर्ण विषय, जो झारखंड राज्य और आंशिक रूप से बिहार राज्य से सम्बन्धित है, की ओर आपका ध्यान आकृष्ट कराना चाहता हूँ। आप अवगत होंगे कि गया से हिसुआ राजगीर होते हुए बिहारशरीफ जानेवाली राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच-82) का चौड़ीकरण किया जा रहा है। इसी राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच-82) में स्थित हिसुआ से नवादा (बिहार)-सतगावाँ (जिला-कोडरमा)-गावाँ-तिसरी-चतरो (जिला गिरिडीह) होते हुए चकाई (बिहार) तक लगभग 138 किलोमीटर पी.डब्लू.डी. मार्ग को राष्ट्रीय राजमार्ग में उन्नयन करते हुए चकाई (एनएच-114 ए) में जोड़ना बहुत जनोपयोगी एवं बहुआयामी विकास की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा। श्री मरांडी ने अपने पत्र में कहा चकि चकाई (एनएच-114ए) से देवघर-बासुकीनाथ-दुमका- रामपुरहाट (पश्चिम बंगाल) मार्ग को राष्ट्रीय राजमार्ग में उन्नयन की स्वीकृति मिल चुकी है एवं निविदा प्रक्रिया भी सम्पादित हो गई है। यदि उपरोक्त वर्णित पी.डब्लू.डी. मार्ग को राष्ट्रीय राजमार्ग में उन्नयन कर दिया जाता है तो यह राष्ट्रीय राजमार्ग पर्यटन / तीर्थ परिपथ (सर्किट) के रुप में विकसित हो जाएगा। मरांडी ने कहा कि इससे एक बड़े ग्रामीण भूभाग के लोगों को आवागमन की सुगम सुविधा मिलेगी साथ ही कृषि/ ग्रामीण उत्पादों को एक विस्तृत बाजार मिलेगा। व्यापारिक गतिविधियों में भी वृद्धि होगी और निश्चित रूप से रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे। इस क्षेत्र में श्रमिकों-कृषकों को रोजगार की तलाश में अन्यत्र पलायन नहीं करना पड़ेगा जोकि झारखंड प्रदेश की एक विकट समस्या है। उन्होंने कहा कि उपरोक्त वर्णित मार्ग के निर्माण से बौद्ध, जैन व शैव मतालंबियों को तीर्थ स्थलों तक पहुंचने के लिए एक सुलभ आवागमन की सुविधा मिल सकेगी और पर्यटन/तीर्थ स्थलों का और विकास संभव हो सकेगा।

# आंध्र प्रदेश को मिला नया नक्शा, जिलों की संख्या दोगुनी होकर 26 हुई; सीएम जगन ने किया शुभारंभ

## इससे बड़े पैमाने पर शासन और सेवाओं के वितरण में सुधार होगा

**एजेंसी**

अमरावती। आंध्र प्रदेश को सोमवार को एक नया प्रशासनिक नक्शा मिला। इसके मुताबिक राज्य में 13 नए जिले बनाए गए हैं। 13 नए जिलों के साथ आंध्र प्रदेश में कुल जिलों संख्या दोगुनी होकर 26 हो गई है। राज्य सरकार ने कहा कि इससे बड़े पैमाने पर शासन और सेवाओं के वितरण में सुधार होगा।

आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री वाई एस जगन मोहन रेड्डी ने सोमवार को वर्चुअल रूप से आयोजित एक कार्यक्रम में राज्य के 13 नए जिलों का शुभारंभ किया। रेड्डी के नेतृत्व वाली वाईएसआरसीपी सरकार ने 13 जिलों को पुनर्गठित करके 13 नए जिले बनाए हैं। प्रदेश में राजस्व संभाग 72 हो गए हैं।

रेड्डी ने 2019 के विधानसभा चुनावों के लिए प्रचार करते हुए वादा किया था कि अगर उनकी पार्टी सत्ता में




आती है, तो वह 25 लोकसभा क्षेत्रों में से प्रत्येक को एक जिला बनाएगी।

### ये हैं आंध्र के 13 नए जिले

नव नर्मिति जिलों में पार्वतीपुरम मान्यम, अल्लूरी सीताराम राजू, अनाकापल्ली, काकीनाडा, कोनसीमा, एलुरु, एनटीआर, पलनाडु, बापटला, नंदयाला, श्री सत्य साई, तिरुपति और अन्नामय्या शामिल हैं। राज्य सरकार ने शनिवार को नए जिलों के नर्माण और आईएएस तथा आईपीएस अधिकारियों के फेरबदल को लेकर गजट नोटिफिकेशन जारी कर दिया था। नए जिलों के लिए जिला कलेक्टर कार्यालय और अधिकारियों को तैयार कर लिया गया है। सरकार ने जिला कलेक्टरों, पुलिस अधीक्षकों, संभागीय राजस्व अधिकारियों, आरडीओ और अन्य अधिकारियों को नियुक्त किया है। नवसृजित 13 जिलों के लिए आवश्यक आधारभूत संरचना प्रदान की जा रही है।

गौरतलब है कि सरकार ने नए जिलों में से एक का नाम अल्लूरी सीताराम राजू रखा जो एक स्वतंत्रता सेनानी थे। सरकार ने एक अन्य जिले का नाम एनटीआर जिला (तेलुगू देशम पार्टी के संस्थापक और पूर्व मुख्यमंत्री एन टी रामाराव) भी रखा। अंतिम बार राज्य में 1979 में संयुक्त आंध्र प्रदेश में विजयनगरम जिले के रूप में एक नया जिला बनाया गया था।

मुख्यमंत्री ने नए जिलों का शुभारंभ करने के बाद कहा कि प्रशासन को उदार और आसान बनाने के लिए 13 जिलों को पुनर्गठित करके 13 नए जिले बनाए गए हैं। उन्होंने कहा कि 13 जिलों के बनने से राज्य में अब 26 जिले हो गए हैं जो लोगों की बेहतर तरीके से सेवा करने और उन तक अधिक प्रभावी ढंग से पहुंचने में मदद करेंगे। उन्होंने कहा, हमारी नीति एक कुशल और पारदर्शी प्रशासन प्रदान करना है और शहरों और गांवों में भी प्रशासन का विकेंद्रीकरण करना है ताकि लोगों तक बेहतर तरीके से पहुंच सकें और पारदर्शी तरीके से काम कर सकें।

उन्होंने कहा, हमने यह सुनश्चिति किया है कि प्रत्येक जिले में छह से आठ विधानसभा क्षेत्र हों और प्रत्येक जिले की आबादी 18 लाख तक हो। हमने नए जिले बनाने में लोगों की भावनाओं और आशंकाओं को लिया है और उन्हें संबोधित किया है। उन्होंने कुप्पम राजस्व मंडल के नर्माण पर दिलचस्प टप्पिणियां कीं। उन्होंने कहा कि कुप्पम तेलुगु देशम पार्टी के प्रमुख एन चंद्रबाबू नायडू का नर्विाचन क्षेत्र है जहां से उन्होंने सात बार जीत हासिल की है।

**दाऊद इब्राहिम मनी लॉन्ड्रिंग केस**

# नवाब मलिक की न्यायिक हिरासत 18 अप्रैल तक बढ़ी, घर का खाना-दवाइयों की इजाजत

मुंबई। महाराष्ट्र के मंत्री व राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के नेता नवाब मलिक की न्यायिक हिरासत विशेष पीएमएलए अदालत ने 18 अप्रैल तक बढ़ा दी है। हालांकि कोर्ट ने उन्हें घर का खाना और दवाइयों के लिए इजाजत दे दी है। इससे पहले मलिक को न्यायिक हिरासत के दौरान बेड, गद्दा और कुर्सी मुहैया कराने की उनकी याचिका को स्वीकार किया गया था।

वहीं, मलिक ने उन्हें तत्काल रिहा किए जाने की अपली वाली अंतरिम याचिका को खारिज करने के बंबई



उच्च न्यायालय के आदेश को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी है। वकील अंकुर चावला की ओर से तैयार की गई याचिका में मलिक ने हाई कोर्ट की खंडपीठ के 15 मार्च के आदेश को चुनौती दी है। विशेष अनुमति याचिका वकील वी डी खन्ना के जरिए दायर की गई है।

### मलिक को तत्काल रिहा करने की याचिका खारिज

बंबई उच्च न्यायालय ने मलिक को तत्काल रिहा करने का अनुरोध करने वाली याचिका खारिज कर दी थी। अदालत ने कहा था कि चूंकि विशेष पीएमएलए अदालत के उन्हें हिरासत में भेजने का आदेश उनके पक्ष में नहीं है तो इससे यह आदेश गैरकानूनी या गलत नहीं हो जाता है।

प्रवर्तन निदेशालय ने भगोड़े गैंगस्टर दाऊद इब्राहिम के सहायकों से कथित तौर पर जुड़े एक संपत्ति सौदे को लेकर धन शोधन रोकथाम कानून (पीएमएलए) के तहत इस साल 23 फरवरी को मलिक को गिरफ्तार किया था।

गिरफ्तारी के बाद मलिक ने बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका दायर करते हुए दावा किया था कि ईडी द्वारा उनकी गिरफ्तारी और इसके बाद हिरासत में भेजना गैरकानूनी है।

# देहरादून की वृद्धा ने राहुल के नाम की सारी संपत्ति

देहरादून। उत्तराखंड की राजधानी देहरादून निवासी एक 78 वर्षीय बुजुर्ग महिला पुष्पा मुन्जियाल पुत्री मेघराज निवासी प्रेम धाम, 25, नेहरू रोड, डालनवाला ने अपनी सारी संपत्ति का मालिकाना हक कांग्रेस पार्टी के पूर्व अध्यक्ष व सांसद राहुल गांधी के नाम कर कर दिया है। पुष्पा मुन्जियाल ने इसके पीछे खास वजह बताई है। सोमवार को कांग्रेस के महानगर अध्यक्ष लालचंद शर्मा ने बताया कि श्री राहुल गांधी के नाम अपनी संपत्ति का वसीयतनामा पूर्व प्रदेश अध्यक्ष प्रीतम सिंह को उनके यमुना कॉलोनी स्थित आवास पर सौंपते हुए सुश्री पुष्पा मुन्जियाल ने कहा कि वह श्री राहुल गांधी के विचारों से अत्यधिक प्रभावित हैं। उनका कहना है कि गांधी परिवार ने आजादी से लेकर आज तक आगे बढ़कर देश के लिए सर्वोच्च कुर्बानी दी है। उन्होंने कहा कि चाहें इंदिरा गांधी रहीं हों या श्री राजीव गांधी, उन्होंने इस देश की एकता और अखंडता के लिए अपने प्राणों की कुर्बानी दी। श्रीमती सोनिया गांधी और श्री राहुल गांधी ने देश सेवा के लिए अपने को समर्पित किया है। सुश्री मुन्जिवाल ने न्यायालय में अपनी संपत्ति का पूर्ण ब्योरा देते हुए राहुल गांधी के नाम वसीयतनामा प्रस्तुत कर न्यायालय से अनुरोध किया है, कि मेरे देहांत के उपरांत मेरी पूरी संपत्ति का मालिकाना हक उन्हें सौंपा जाए।

# चंडीगढ़ पर हरियाणा और पंजाब कांग्रेस आमने-सामने

चंडीगढ़। चंडीगढ़ के मुद्दे पर हरियाणा और पंजाब कांग्रेस आमने-सामने आ गई है।

हरियाणा में नेता प्रतिपक्ष एवं कांग्रेस नेता भूपेंद्र सिंह हुड्डा की अध्यक्षता में सोमवार को कांग्रेस विधायक दल की बैठक में पंजाब की आम आदमी पार्टी (आप) सरकार की तरफ से विधानसभा में चंडीगढ़ को लेकर पास किए गए प्रस्ताव पर कड़ी आपत्ति जाहिर की गई और विधायक दल ने एकमत से कहा कि चंडीगढ़ हरियाणा की राजधानी थी, है और रहेगी।

उल्लेखनीय है कि पंजाब विधानसभा में पारित प्रस्ताव जिसमें चंडीगढ़ को पंजाब को सौंपने की मांग की गई। जिसमें भारतीय जनता पार्टी को छोड़कर, कांग्रेस समेत सभी राजनीतिक दलों ने समर्थन किया था। पंजाब विधानसभा के प्रस्ताव पारित करने के बाद हरियाणा ने भी चंडीगढ़ के मुद्दे पर विधानसभा का एक विशेष सत्र मंगलवार (05 अप्रैल) को बुलाया है।

श्री हुड्डा ने अपनी पार्टी के विधायक दल की बैठक के बाद पत्रकारों से कहा कि प्रदेश के अधिकारों का संरक्षण करने के लिए राज्यपाल से लेकर राष्ट्रपति तक से मुलाकात की जाएगी। साथ ही एक बार फिर प्रधानमंत्री से मिलने का समय भी मांगा जाएगा।

उन्होंने कहा कि पंजाब के साथ हरियाणा के तीन मसलों को लेकर विवाद है। पहला सतुलज यमुना जोड़ नहर (एसवाईएल) का पानी, दूसरा हिंदी भाषी क्षेत्र और तीसरा राजधानी। हमारी प्राथमिकता है कि सबसे पहले उच्चतम न्यायालय के फैसले के मुताबिक हरियाणा को एसवाईएल का पानी मिले। उसके बाद बाकी मसलों पर भी बातचीत हो।

श्री हुड्डा ने कहा कि विधायक दल की बैठक में भाखड़ा ब्यास मैनेजमेंट बोर्ड (बीबीएमबी) में हरियाणा और पंजाब की स्थाई सदस्यता खत्म किए जाने का भी विरोध किया गया। भाखड़ा ब्यास मैनेजमेंट बोर्ड में पहले सदस्य( पावर) पंजाब से और सदस्य( सिंचाई) हरियाणा से होते थे, लेकिन संशोधित नियम में यह अनिवार्यता खत्म कर दी गई है।

संशोधित नियमों के मुताबिक अब सदस्य किसी भी राज्य से हो सकते हैं। उन्होंने कहा कि अगर ऐसा हुआ तो बोर्ड में हरियाणा के हित सुरक्षित नहीं रह पाएंगे।

# चारधाम यात्रा में इस बार ज्यादा श्रद्धालु आने की संभावना

देहरादून। उत्तराखंड में प्रतिवर्ष होने वाली गंगोत्री, यमुनोत्री, केदारनाथ और बद्रीनाथ की चार धाम यात्रा में इस वर्ष अधिक संख्या में श्रद्धालुओं के आने की संभावनाओं के कारण सरकार ने व्यापक तैयारी शुरू कर दी है। सोमवार को यात्रा प्रशाशन संगठन की गढ़वाल मंडल के आयुक्त सुशील कुमार की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक हुई।

ऋषिकेश स्थित नगर निगम सभागार में हुई इस बैठक में 25 अप्रैल तक सभी विभागों को यात्रा तैयारियां पूरे करने के निर्देश दिये गए। बैठक में कानून व्यवस्था, यात्रा मार्गो की स्थिति, परिवहन, पेयजल, विद्युत आपूर्ति, पर्यटन विभाग द्वारा यात्रा रजिस्ट्रेशन,स्वास्थ्य चिकित्सा, प्राथमिक उपचार, खाद्यान्न व्यवस्था, तीर्थयात्रियों हेतु आवास व्यवस्था, धामों में दर्शन – पूजा व्यवस्था, सूचना संचार, हेली यात्रा, आपात कालीन परिचालन, स्वच्छता व्यवस्था, यात्रा वाहनों के ग्रीन कार्ड एवं पंजीकरण आदि विषयों पर संबंधित विभागों ने प्रगति आख्या प्रस्तुत की।

आयुक्त, श्री कुमार ने बैठक में कहा कि आने वाली चारधाम यात्रा में बड़ी संख्या में तीर्थ यात्रियों के श्री बदरीनाथ, श्री केदारनाथ, श्री गंगोत्री,



श्री यमुनोत्री सहित उत्तराखंड के तीर्थस्थलों में पहुंचने की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि कोरोना काल के बाद, चारधाम यात्रा का प्रवाह निश्चित ही बढ़ेगा। इसके लिए तीर्थ यात्रियों को अधिक से अधिक यात्री सुविधाएं मिले इसके लिए सभी संबंधित विभाग तैयारियों को 25 अप्रैल से पहले पुख्ता करें।

श्री कुमार ने कहा कि अधिक से अधिक तीर्थयात्रियों का आनलाइन/ आफ लाईन पंजीकरण किया जाये। सड़को के चिह्नित पेचों जैसे लाम बगड़, कलियासौड़ को दुरस्त किया जाये। उन्होंने गंगोत्री एवं यमुनोत्री मार्ग तथा केदारनाथ यात्रा मार्ग में चिह्नित जगहों पर सड़क दुरस्त करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने यात्रा के दौरान, खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता, निरीक्षण-नियंत्रण हेतु जिलाधिकारियों को जांच कमेटी बनाने के निर्देश दिए।

उन्होंने इस बात पर बल दिया कि तीर्थ यात्री सरकारी वेबसाइट पर अपना आन लाईन अथवा आफ लाईन पंजीकरण जरूर करवाएं। उन्होंने कहा कि वे लोग वेब पोर्टल, रजिस्ट्रेशन सेंटर, मोबाइल एप, यात्री मित्र के माध्यम से अपना पंजीकरण करवाये।

इस संबंध में पर्यटन विभाग के अधिकारियों ने डेमो प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि हरिद्वार से लेकर संयुक्त बस अड्डा, गुरूद्वारा ऋषिकेश, बदरीनाथ मार्ग, केदारनाथ, गंगोत्री, यमुनोत्री मार्ग पर आफ लाईन पंजीकरण व्यवस्था है। बताया गया है कि केदार नाथ हेतु हेली पंजीकरण आज से शुरू हो चुकी है। जिसके लिए अलग से बेवसाइट है जबकि श्री बदरीनाथ एवं श्री केदारनाथ धाम के पूजाओं की आन लाइन बुकिंग दोनों के नाम से सरकारी वेबसाइट पर उपलब्ध है।

बैठक में पुलिस महानिरीक्षक गढ़वाल के एस नगयाल ने चारधाम यात्रा के दौरान कानून व्यवस्था तथा आपात स्थिति में त्वरित रूप से तीर्थयात्रियों की मदद हेतु पुलिस बल को तत्पर रहने को कहा।

बैठक में जिलाधिकारी देहरादून डा. आर राजेश, जिलाधिकारी चमोली हिमांशु खुराना, जिलाधिकारी रूद्रप्रयाग मनुज गोयल, ? जिलाधिकारी टिहरी ईवा आशीष, श्री बदरीनाथ- केदारनाथ मंदिर समिति के मुख्य कार्याधिकारी बी.डी. सिंह, मुख्य विकास अधिकारी उत्तरकाशी गौरव कुमार, अपर आयुक्त एवं यात्रा प्रशासन संगठन के विशेष कार्याधिकारी नरेंद्र सिंह क्वीरियाल, एसएसपी चमोली श्वेता चौबे, एसएसपी पौड़ी यशवंत सिंह पौड़ी, एसएसपी टिहरी नवनीत भुल्लर, सहित तमाम अधिकारी उपस्थित रहे।

## शार्ट न्यूज

### डॉ रश्मी सिंह ने संयुक्त निदेशक सुभाष वत्स के सेवा निवृत्ति के अवसर पर उनका पुष्प गुच्छ से स्वागत किया




**नई दिल्ली।** डॉ रश्मी सिंह निर्देशिका महिला एवं बाल विकास विभाग, दिल्ली ने संयुक्त निदेशक सुभाष वत्स के सेवा निवृत्ति के अवसर पर उनको पुष्प गुच्छ से स्वागत किया ।सुभाष वत्स1990 से कार्यरत थे उनका मुख्य कार्य सहायक मघ निषेध प्रचार अधिकारी के पद पर कार्य आरंभ किया था। आप बहुत ही मृदुभाषी स्वभाव के हैं आप ने मघ निषेध पर काफी सराहनीय कार्य किया है जिससे आपको दिल्ली सरकार ने कई बार प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया। आपने कोरोना काल के समय में भी कोई अवकाश नहीं लिया और अग्रणी कार्यकर्ता के रूप में सहायकों का मार्गदर्शन किया। सेवा निवृत्ति पर विभाग के कर्मचारीगण नम नयन एवं रुंधे हुए कण्ठो से विदा किया। इनके द्वारा किए गए कार्यों को विभाग हमेशा याद करेगा।

### प्रदेश भाजपा अध्यक्ष ने सांसद खेल कूद प्रतियोगिता एवं अन्य कार्यक्रमों को लेकर वरिष्ठ नेताओं के साथ की विस्तृत चर्चा




**नई दिल्ली।** प्रदेश भाजपा अध्यक्ष श्री आदेश गुप्ता ने आज सांसदों, विधायकों और पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये सांसद खेल प्रतियोगिता व आगामी कार्यक्रमों को लेकर विस्तार से चर्चा किया। बैठक में कार्यक्रमों की रूप रेखा तय किया गया। श्री गुप्ता ने कहा कि पार्टी अपने स्थापना दिवस से लेकर 20 अप्रैल तक कई विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन करने जा रही हैं जिसके लिए पूरी तैयारी कर ली गई है। आज हुई वीडियो कांफ्रेंसिंग में मुख्य रूप से सांसदों, विधायकों के अलावा भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं प्रदेश प्रभारी श्री बैजयंत जय पांडा, नेता प्रतिपक्ष श्री रामवीर सिंह बिधूड़ी, प्रदेश संगठन महामंत्री श्री सिद्धार्थन, प्रदेश महामंत्री श्री कुलजीत सिंह चहल, श्री हर्ष मल्होत्रा एवं श्री दिनेश प्रताप सिंह सहित अन्य पदाधिकारी भी मौजूद थे। गुप्ता ने कहा कि 6 अप्रैल को सुबह 10 बजे प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी का सम्बोधन होगा जिसके लिए बूथ स्तर पर कार्यकर्ता उपस्थित होंगे और विभिन्न प्रमुख स्थानों पर बड़ी-बड़ी एलईडी स्क्रीन के माध्यम से प्रधानमंत्री के सम्बोधन को सुना जायेगा। उन्होंने कहा कि 14 अप्रैल को बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर के जन्म जयंती को बूथ स्तर पर पार्टी कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों द्वारा मनाया जाएगा। साथ ही सार्वजनिक स्थलों पर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया जाएगा। अपने विचारधारा के आधार पर तथा अंत्योदय के संकल्प के साथ गरीबों, शोषितों एवं वंचितों के हितों को सर्पोपरि रख कर पार्टी, प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में एक अलग ही गाथा लिख रही है जिसे आगे भी निरंतर जारी रहेगी। गुप्ता ने कहा कि भाजपा द्वारा स्थापना दिवस से सेवा पखवाड़ा मनाया जाएगा उसमें आयुष्मान भारत, झुग्गी सम्मान, पीएम आवास योजना, पीएम गरीब कल्याण अन्न योजना, स्वच्छ भारत अभियान सहित आज़ादी के अमृत महोत्सव के अलावा और अन्य कार्यक्रम शामिल हैं।

### दिल्ली में गर्मी से कोई राहत नहीं, अधिकतम तापमान 39 डिग्री सेल्सियस

**नयी दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी-एनसीआर में सोमवार को भी गर्म हवा चलती रही और अधिकतम तापमान 39 डिग्री सेल्सियस के करीब रहने का अनुमान है।भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने यह जानकारी दी। मौसम विभाग के अनुसार राजधानी में न्यूनतम तापमान 19 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। विभाग के अनुसार दिल्ली के अलग-अलग स्थानों में अधिकतम तापमान पालम में 40.2 डिग्री सेल्सियस, रिज इलाके में 41.4, नजफगढ़ में 41.7 और गुरुग्राम में 42.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। आईएमडी ने बताया कि आज दिन के दौरान 20-30 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाओं चल सकती है। बुधवार को अधिकतम तापमान 40 डिग्री और शुक्रवार को 41 डिग्री तक रह सकता है। आईएमडी ने रविवार को ट्वीट किया कि अगले पांच दिनों के दौरान दक्षिण हरियाणा-दिल्ली, उत्तर प्रदेश और अगले तीन दिनों के दौरान गुजरात, झारखंड और मध्य प्रदेश में लू जारी रहने का अनुमान है।

### नरेला तक मेट्रो लाइन के लिए डीडीए ने दिए 130 करोड़

**नई दिल्ली।** दिल्ली विकास प्राधिकरण की ओर से नरेला में बसाई जा रही सब सिटी में यातायात सुविधा मुहैया कराने के लिए सोमवार को डीडीए और दिल्ली मेट्रो के अधिकारियों के बीच बैठक हुई। इसमें नरेला तक पहुंचने वाली मेट्रो लाइन के रूट और बजट को लेकर महत्वपूर्ण फैसले लिए गए हैं। नरेला तक मेट्रो पहुंचाने के लिउ डीडीए की ओर से 130 करोड़ रुपये की राशि डीएमआरसी को जारी की गई है। डीडीए का मानना है कि जल्द यह मेट्रो लाइन बनाने का काम शुरू किया जाएगा और इससे वहां रहने वाले लोगों को लाभ मिलेगा। डीडीए द्वारा बनाया जा रहा नरेला उप शहर नए तीन उप शहर परियोजनाओं में शामिल है। यह बाहरी दिल्ली के इलाकों में बनाए जा रहे हैं। दिल्ली में आवास की कमी को पूरा करने के मकसद से इन क्षेत्रों में फ्लैट बनाए जा रहे हैं। डीडीए द्वारा अब तक वहां 25 हजार से ज्यादा फ्लैटों का निर्माण किया जा चुका है। इस क्षेत्र के विकास को बढ़ावा देने के लिए और उसे दिल्ली के अन्य महत्वपूर्ण हिस्सों से जोड़ने के लिए डीडीए मेट्रो कनेक्टिविटी लाने का प्रयास कर रहा है। इसके लिए वह डीएमआरसी के साथ सक्रिय रूप से काम कर रहा है। डीएमआरसी द्वारा रिठाला-बवाना-नरेला के मेट्रो रूट को पहले ही प्रस्तावित किया जा चुका है। इस मेट्रो रूट को अंतिम रूप देने के लिए डीडीए के साथ डीएमआरसी ने कई राउंड की बैठक की है। अभी के समय में ट्रांसपोर्ट की कमी के चलते यहां रहने वाले लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। यहां पर बने हुए फ्लैटों को लेने में भी लोगों की दिलचस्पी इस वजह से कम रहती है। डीडीए का मानना है कि मेट्रो रूट जब नरेला पहुंच जाएगा तो इससे वहां कनेक्टिविटी में सुधार आएगा और ज्यादा से ज्यादा लोग नरेला की तरफ फ्लैट लेंगे। डीडीए के अनुसार नरेला में मेट्रो के प्रोजेक्ट के लिए उनकी तरफ से फाइनेंशियल मंजूरी दी गई थी और प्रस्तावित रूट को समय पर बनाने के लिए डीएमआरसी को 130 करोड़ रुपये की राशि डीडीए द्वारा जारी की गई है। डीडीए सार्वजनिक परिवहन सुविधा के लिए एक तरफ जहां मेट्रो को इस क्षेत्र में ला रहा है तो वहीं दूसरी तरफ एनएचएआई और डीएमआरसी के साथ मिलकर सड़क निर्माण को लेकर भी काम कर रहा है।

# राजधानी में लोक संसद के मंच पर आजादी के 75 वर्षों की समीक्षा

नई दिल्ली। लोक संसद के पहले संस्करण का आयोजन 8 अप्रैल 2022 को एनडीएमसी कन्वेंशन सेंटर में होने जा रहा है। लोक संसद का आयोजन माता ललिता देवी सेवाश्रम ट्रस्ट की ओर से किया जा रहा है जिसके कार्यकारी संयोजक रविशंकर तिवारी हैं। वीपी हाउस में सोमवार को हुई प्रेस वार्ता में इसकी जानकारी देते हुए देश के अग्रणी विचारक व लोक संसद के संरक्षक श्री के. एन. गोविंदाचार्य ने बताया, अंग्रेज 15 अगस्त 1947 को भारत छोड़ गए। भारत को अपनी तासीर, तेवर व जरूरत के हिसाब से शासन व्यवस्था करने और इसका संचालन करने का शुभ अवसर प्राप्त हुआ। देश ने लोकतांत्रिक व्यवस्था को चुना और उसके संचालन के लिए संविधान को भी स्वीकार किया।

'अब 75 साल हो गया है। वक्त की जरूरत है कि आजाद भारत की इस यात्रा में हमने क्या-क्या पाया, क्या कुछ खोया, उसकी समीक्षा करें और वह भी अंतिम व्यक्ति के नजरिए से। देश का हर नागरिक जाति, क्षेत्र, भाषा, संप्रदाय व अपनी राजनीतिक प्रतिबद्धता से ऊपर उठकर भारत का जागरूक, संवेदनशील नागरिक बनकर समीक्षा भी करे और आगे की योजना तैयार करें। भारत को भारत के नजरिए से देखते हुए हम सबको योजना बनानी है।

इसी मकसद से लोक संसद का गठन मित्रों ने किया है। मैं भी उन सबके साथ हूं। एक सत प्रयास का नाम है, लोक संसद। यह पूरे देश व सभी जन की आवाज बने, भारत की विरासत की जमीन का ख्याल भी रखे,




लोकतंत्र की बुनियाद, विश्वास व संवाद की प्रक्रिया को इससे पुष्टि और ताकत मिले, यह अपेक्षा है। इस प्रयास में संपूर्ण समाज का लोक संसद हृदय से स्वागत करती है। यह प्रयास सबका अपना है, यह ध्यान रखें और इसे सशक्त बनाएं। एक दिवसीय लोक संसद की विस्तृत रूपरेखा बताते हुए अमेरिकी दूतावास के पूर्व राजनीतिक सलाहकार व लोक संसद के संयोजक श्री दिनेश दुबे ने बताया, एक दिन का पूरा आयोजन इसी शुभ सोच के इर्द-गिर्द तैयार है। पहली लोक संसद का विषय 'आजादी के 75 साल: कहां है, कहां होना चाहिए तय किया गया है। इसमें विचारधारा की जगह विचार को अहमियत दी गई है। तभी लोक संसद देश में मौजूद सभी विचाधाराओं का संगम बन सका है।'

**कार्यक्रम की रूपरेखा**

**पंजीकरण: 9:00-10:00 बजे**
**उद्घाटन सत्र:10:00-11:00 बजे**
**सद्भाव संसद: 11: 00-12:30 बजे**
**समाज संसद: 12:40-2:10 बजे**
**राज संसद: 3:00-4:30 बजे**
**समापन सत्र: 4:40-6:00**

8 अप्रैल, सुबह 10 बजे इसका उद्घाटन होगा। इसमें श्री आरिफ मोहम्मद खान, राज्यपाल केरल, स्वामी चिदानंद, परमाध्यक्ष, परमार्थ निकेतन, ऋषिकेश, डॉ. इमाम उमैर अहमद इलियासी, मुख्य इमाम, राष्ट्रीय इमाम संघ, जलपुरुष राजेंद्र सिंह, गांधीवादी पीवी राजगोपाल, समाजवादी रघु ठाकुर समेत तमाम सम्मानित अतिथि मौजूद रहेंगे।

'इसके बाद सद्भाव संसद, समाज संसद व राज संसद के तौर पर क्रमश: तीन सत्र होंगे। हर सत्र में सत्र विशेष के विशेषज्ञ बतौर वक्ता अपनी बात रहेंगे। मसलन, सद्भाव संसद में धार्मिक-आध्यात्मिक शख्सियतें होंगी। समाज संसद में समाजिक क्षेत्र में काम करने वाले लोग बात करेंगे। और राज संसद में राजनीतिक विचारक मौजूदा हालात की समीक्षा करेंगे। अंत में समापन सत्र होगा। इसमें दिन-भर की चर्चा से मुख्य बिंदुओं पर बात करके लोक संसद की भविष्य की कार्ययोजना भी बताई जाएगी।'

# प्रदेश भाजपा अध्यक्ष एवं नेता प्रतिपक्ष ने उपराज्यपाल को पांच सूत्रीय मांगों को लेकर एक ज्ञापन सौंपा

**बर्खास्त आंगनबाड़ी महिलाओं को तुरंत बहाल करें केजरीवाल सरकार: आदेश गुप्ता**

नई दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्री आदेश गुप्ता एवं नेता प्रतिपक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी ने आज दिल्ली की समस्याओं से संबंधित पांच सूत्रिय मांगों को लेकर माननीय उपराज्यपाल से मुलाकात की। दिल्ली भाजपा द्वारा रखी गई पांच सूत्रिय मांगों में 22 हज़ार आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की समस्या, गेस्ट शिक्षक की समस्या, दिल्ली सरकार के 12 कॉलेजों के शिक्षक और गैर शिक्षक कर्मचारी को पिछले कई सालों से वेतन नहीं मिलने की समस्या, वोकेशनल ट्रेनर्स को कम वेतन दिए जाने की समस्या एवं डेढ़ लाख से अधिक कन्ट्रैक्ट पर काम करने वाले कर्मचारियों को अभी तक नियमित ना करने की समस्या शामिल हैं। आदेश गुप्ता ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि दिल्ली के अंदर 22 हज़ार से अधिक आंगनबाड़ी कार्यकर्ता जिनका दिल्ली के स्वास्थ्य विभाग में महत्वपूर्ण योगदान हैं, पिछले कई दिनों से अपनी वेतन बढ़ाने की मांग कर रही थी, लेकिन दिल्ली सरकार ने तानाशाही रवैया अपनाते हुए लगभग 1000 आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को नौकरी से बर्खास्त कर दिया। उन्होंने कहा कि हमने आज माननीय उपराज्यपाल से मांग की है कि दिल्ली सरकार को एक



आदेश जारी कर उन सभी आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को नौकरी पर रखा जाए एवं उनका वेतन भी बढ़ाया जाए। अपना परिवार चलाने के साथ-साथ दिल्ली की महिलाओं की सुरक्षा भी इन्हीं आंगनबाड़ी महिलाओं के हाथों में हैं ऐसे में इनके साथ दोहरा व्यवहार नहीं होना चाहिए।

आदेश गुप्ता ने कहा कि गेस्ट टीचर्स को नियमित कर उनका वेतन बढ़ाने के मुद्दे पर उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया के बयान को नौटंकी करार देते हुए कहा कि पंजाब चुनाव से पहले उन्होंने नियमित करने की बात कहते रहे, लेकिन हकीकत यह है कि अभी तक एक भी गेस्ट टीचर को नियमित नहीं किया है। उन्होंने कहा कि इस बार के बजट में गेस्ट टीचर्स के बजट भी सिर्फ छह से सात महीनों का रखा गया है। दिल्ली के 12 कॉलेजों के शिक्षकों और गैर शिक्षक कर्मचारियों का पिछले दो सालों से वेतन रोका गया है और आम आदमी पार्टी सरकार द्वारा लगातार प्रताड़ित किया जा रहा है। कॉलेज के अंदर केजरीवाल सरकार अपने आदमी को रखना चाहती है और कॉलेज द्वारा मना किए जाने के बाद उनकी सज़ा दिल्ली के 12 कॉलेज के शिक्षकों को विकास फंड को रोक कर दिया जा रहा है।

गुप्ता ने कहा कि पिछले कई दिनों से दिल्ली विश्वविद्यालय शिक्षक संघ के लोग केजरीवाल सरकार के आवास के बाहर अपनी मांगों को लेकर लगातार प्रदर्शन कर रहे हैं। उनके समर्थन में हमने आज एक समर्थन पत्र भी दिया है जो ड्यूटा की ओर से दिया गया है। नेता प्रतिपक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी ने कहा कि दिल्ली में या तो कन्ट्रैक्ट वर्कर्स हो या फिर वोकेशनल ट्रेनर्स हो, उन्हें दिल्ली में न्यूनत्तम वेतन भी नहीं दिया जा रहा है जबकि केजरीवाल पूरे देश में जा कर कह रहे हैं कि हमने दिल्ली में न्यूनतम वेतन 20 हज़ार रुपये कर दिया है लेकिन हकीकत ये है कि वोकेशनल ट्रेनर्स को 16,000 रुपये और लगभग 1.5 लाख कंट्रैक्ट वर्कर्स हैं उन्हें 10 से 11 हज़ार रुपये दिए जा रहे हैं जिसको लेकर हमने मांग की है कि अगर केजरीवाल सरकार उनका वेतन नहीं बढ़ा सकती तो कम से कम उन्हें न्यूनतम वेतन तो दिया जाए।

रामवीर सिंह बिधूड़ी ने कहा कि किसानों की जमीन केजरीवाल सरकार 17 लाख प्रति एकड़ के हिसाब से ले रही है जबकि केंद्र सरकार फरीदाबाद में 8 करोड़ रुपये प्रति एकड़ के हिसाब से किसानों की जमीन सड़क बनाने के लिए ले रही है। पिछले 15 सालों से किसानों के जमीन का मुआवजा राशि नहीं बढ़ाई गई है। उन्होंने कहा कि केजरीवाल का किसानों को मुफ्त बिजली देना, लाल डोरा बढ़ाना एवं कृषि यंत्रों पर सब्सिडी देने का वायदा आज तक पूरा नहीं किया है। इन सभी बातों को आज हमने माननीय उपराज्यपाल के सामने रखी है और उन्होंने अश्वासन दिया है कि इसके बारे में मुख्यमंत्री से बात कर समस्याओं का समाधान किया जाएगा।

# मेवाड़ में शिक्षा विभाग की तीन दिवसीय सेमिनार आयोजित







गाजियाबाद। वसुंधरा स्थित मेवाड़ ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित सेमिनार के दौरान मेवाड़ स्मारिका एवं एडुविजन का लोकार्पण हुआ। मेवाड़ ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के चेयरमैन डॉ. अशोक कुमार गदिया, निदेशिका डॉ. अलका अग्रवाल, डॉ. अरविन्द कुमार एवं डॉ. प्रमोद कुमार मेहरा ने संयुक्त रूप से लोकार्पण किया। 'आधुनिक शिक्षा प्रणाली में कृत्रिम बुद्धिमत्ता का प्रभाव' विषय पर आयोजित सेमिनार में चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय के डीन डॉ. विजय जायसवाल, जेएनयू के डॉ. अरविन्द कुमार, इग्नू के डॉ. प्रमोद कुमार मेहरा, दिल्ली विश्वविद्यालय के डॉ. अखिलेश कुमार गौतम, आशा किरण, प्रज्ञा आदि ने अपने-अपने विचार प्रकट किये। सेमिनार में विभिन्न संस्थानों के प्रोफेसरों, शिक्षकों एवं शोध विद्यार्थियों ने विषय सम्बंधी पेपर भी प्रस्तुत किये। सेमिनार में शिक्षा विभाग की प्रभारी डॉ. गीता रानी समेत तमाम शिक्षण स्टाफ उपस्थित रहा। सेमिनार तीन दिन तक चला।

# दिल्ली सरकार प्रदूषण को कम करने को समर एक्शन प्लान बनाएगी

नयी दिल्ली। दिल्ली के पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने पर्यावरण,डीपीसीसी, डीडीए, एमसीडी, फायर सर्विस, डूसिब, राजस्व सहित तमाम संबंधित विभागों के साथ संयुक्त बैठक में फैसला लिया कि उनकी सरकार दिल्ली के प्रदूषण को कम करने के लिए विंटर एक्शन प्लान की तरह समर एक्शन प्लान बनाएगी।

गोपाल राय ने कहा कि समर एक्शन प्लान के तहत अप्रैल से सितंबर तक की तात्कालिक और दीर्घकालिक योजना बनाकर उसको लागू किया जाएगा।

सभी विभागों को निर्देश दिए गए हैं कि एक सप्ताह के अंदर समर एक्शन प्लान सरकार को देंगे। अगली बैठक 11 अप्रैल को बुलाई गई है।

राय ने कहा कि दिल्ली के अंदर प्रदूषण एक बड़ी चुनौती के रूप में हर समय मौजूद रहता है। आम आदमी पार्टी की सरकार बनने के बाद मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व में दिल्ली के प्रदूषण स्तर को कम करने के लिए लगातार काम किए हैं। उन तमाम उपायों के परिणाम स्वरूप दिल्ली के अंदर प्रदूषण के स्तर में लगातार गिरावट दर्ज की जा रही है।

उन्होंने कहा कि इस बार हमने तमाम विशेषज्ञों के साथ विचार विमर्श किया तो हमें महसूस हुआ कि विंटर एक्शन प्लान की सफलता के लिए हमें समर एक्शन प्लान पर भी काम करने की जरूरत है।

उसको ध्यान में रखते हुए आज पर्यावरण विभाग, डीपीसीसी, डीडीए, एमसीडी, फायर सर्विस, डूसिब, राजस्व विभाग, डीएसआईडीसी, इरिगेशन एंड फ्लड डिपार्टमेंट सहित तमाम संबंधित विभागों के साथ संयुक्त बैठक की है। उस बैठक में फैसला लिया है कि सरकार विंटर एक्शन प्लान की तरह समर एक्शन प्लान बनाएगी।

# जेल में बंद सिख बंदियों को उनकी सजा पूरी होने के बाद रिहा किया जाए : हरसिमरत कौर बादल

- **बठिंडा की सासंद ने संसद में कहा कि 2019 में आठ सिख बंदियों को विशेष छूट दी गई थी, लेकिन प्रोफेसर भुल्लर सहित दो अभी भी जेल में बंद**
- **केजरीवाल प्रोफेसर भुल्लर को रिहा करने की अनुमति नही दे रहे**

दिल्ली। पूर्व केंद्रीय मंत्री सरदारनी हरसिमरत कौर बादल ने आज देश की विभिन्न जेलों में बंद सिख बंदियों की जेल की सजा पूरी हो जाने के बाद उन्हे रिहा करने की मांग की है।

बठिंडा की सांसद ने आज संसद में प्रश्नकाल के दौरान इस मुददे को उठाया, जहां उन्होने सदन के ध्यान में 1984 में इंदिरा गांधी की अगुवाई वाली कांग्रेस सरकार द्वारा श्री हरिमंदिर साहिब पर हमले के बाद कई सिखों ने भावनात्मक रूप से प्रभावित होकर कानून को अपने हाथों में ले लिया था। उन्होने कहा कि कुछ बंदी 25 सालों से जेलों में बंद हैं तथा अकाली दल उनकी सजा पूरी हो जाने के बाद रिहाई की मांग कर रहा है।

सरदारनी बादल ने सदन के ध्यान में लाया कि 2019 में श्री गुरु नानक देव जी की 550वीं जयंती के दौरान एनडीए



सरकार ने आठ सिख कैदियों को विशेष छूट दी थी। उन्होने कहा कि इन कैदियों में प्रोफेसर दविंदरपाल सिंह भुल्लर थे जिनकी मौत की सजा को मार्च 2014 में आजीवन कारावास में बदल दिया गया था , और गुरदीप सिंह खैहरा भी शामिल थे। उन्होने कहा कि इस स्पष्ट आदेश के बावजूद अरविंद केजरीवाल की अगुवाई वाली दिल्ली की आप सरकार प्रोफेसर भुल्लर की रिहाई की अनुमति नही दे रही है। उन्होने कहा कि इसी तरह गुरदीप सिंह खैहरा को कर्नाटक की एक जेल में बिना पैरोल के 25 साल से अधिक समय तक जेल में रखा गया है।

मौत की सजा पाने वाले कैदी बलवंत सिंह राजोआणा की दया याचिका पर निर्णय लेने में अत्यधिक देरी के बारे में बोलते हुए सरदारनी बादल ने कहा कि अब शीर्ष अदालत ने भी केंद्र को 30 अप्रैल तक राजोआणा की दया याचिका पर निर्णय लेने का निर्देश दिया था।

उन्होने कहा कि राजोआणा पिछले 27 सालों से जेल में बंद हैं और उन्हे हाल ही में अपने पिता के अंतिम संस्कार में शामिल होने के लिए एक घंटे की पैरोल दी गई थी।

इस मुददे पर सिख भावनाओं के बारे में बोलते हुए सरदारनी बादल ने कहा कि कांग्रेस पार्टी की भावनाएं पूर्व प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी से जुड़ी हुई हैं, जिन्होने श्री हरिमंदिर साहिब पर हमला किया था। उन्होने कहा कि पूरे विश्व में सिख कौम, सिख बंदियों की जल्द रिहाई की कामना कर रही हैं। उन्होने कहा कि यदि इंदिरा गांधी और राजीव गांधी के हत्यारों को रिहा किया जा सकता है तो उन सिख कैदियों के खिलाफ भी भेदभाव नही किया जाना चाहिए, जिन्होने भावनात्मक आवेश में आकर यह काम किया था।

# 'अनेकांत और विरूद्धों का सामंजस्य' विषय पर विशेष व्याख्यान का आयोजन

नई दिल्ली। सोमवार को इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय और अखिल भारतीय अणुव्रत न्यास के संयुक्त तत्वावधान में बाबा साहेब भीम राव अम्बेडकर सभागार, इग्नू, नई दिल्ली में 'अनेकांत और विरूद्धों का सामंजस्य' विषय पर विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया। यह व्याख्यान स्वाधीनता संग्राम और प्रवासी अध्ययन केंद्र, इग्नू द्वारा आजादी का अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में आयोजित किये जा रहे विशेष व्याख्यानों की कड़ी में 50वां व्याख्यान था तथा अणुव्रत न्यास निधि व्याख्यानों की श्रृंखला में 9वां व्याख्यान था। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि थे - केरल के राज्यपाल, श्री आरिफ मोहम्मद खान। इस अवसर पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि दुनिया ने भारत को ज्ञान और प्रज्ञा के केंद्र के रूप में प्राचीन काल से ही देखा है। हमें यह आवश्यकता है कि पुन: उस गौरवशाली परम्परा को याद करें और उसे सबके सम्मुख प्रस्तुत भी करें।




जिसे हम अनेकांत कहते हैं वह प्रकृति का नियम है। संघर्ष तब पैदा होते हैं, जब हम प्रकृति के नियमों का उल्लंघन करते हैं। भारत के मनीषियों ने सदैव ही आचरण की शुद्धता और पवित्रता तथा विविधता को स्वीकारोक्ति दी। हम हमेशा से यह मानते रहे हैं कि अच्छे विचार जहाँ से भी मिलें उनका स्वागत करना चाहिए। अनेकांत का सबसे बड़ा उदाहरण यह है कि हम भारत के लोग त्वचा के रंग, रस्म-रिवाज, वेशभूषा, पूजा पद्धति इत्यादि के अलग होने बाद भी मिलजुल कर रहते हैं। यही अनेकांत है और यही विरूद्धों का सामंजस्य भी है। इस अवसर पर इग्नू के कुलपति प्रो. नागेश्वर राव ने कहा कि असहमति का स्वागत करना चाहिए उसे हतोत्साहित नहीं करना चाहिए। सकारात्मक भाव से उपजी असहमति अन्तत: व्यापक सहमति में परिवर्तित होकर लोक कल्याण का ही काम करती है।

स्वागत वक्तव्य देते हुए इग्नू के समकुलपति प्रो. सत्यकाम ने कहा कि विरूद्धों में सामंजस्य कैसे स्थापित किया जाए इसके लिए हमें सदैव सक्रिय रहना चाहिए और ऐसे व्यक्तियों से प्रेरणा लेनी चाहिए जिन्होंने यह काम किया हो या कर रहें हों। इस अवसर पर अखिल भारतीय अणुव्रत न्यास के मैनेजिंग ट्रस्टी श्री के.सी. जैन ने भारतीय परम्परा से कई ऐसे तत्वों को रेखांकित किया जो अनेकांत के दर्शन को सशक्त करते हैं। बजरंग बोथरा, ट्रस्टी अणुव्रत न्यास ने सभी को इस कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए धन्यवाद दिया।

इस कार्यक्रम का इग्नू के फेसबुक पेज व यूट्यूब चैनल तथा वेब-कास्टिंग के माध्यम से सीधा प्रसारण किया गया। इस अवसर पर भारी मात्रा में लोगों की उपस्थिति रही।

# नवरात्रि के दौरान 9 दिन तक मीट-मांस की दुकानें रहेंगी बंद

नई दिल्ली। दक्षिण दिल्ली नगर निगम ने सोमवार को संबंधित अधिकारियों को 2 अप्रैल से 11 अप्रैल तक मनाए जा रहे नवरात्रि उत्सव की नौ दिनों की अवधि के दौरान मांस की दुकानों को बंद करने के लिए कार्रवाई करने का आदेश दिया है।

दक्षिण निगम के महापौर मुकेश सूर्यान ने नवरात्रों में मंदिर के आस-पास और सड़कों पर मीट की दुकानों को बंद करने के आदेश जारी किए हैं। उन्होंने कहा कि कॉलोनियों में भी जो मीट की दुकानें चल रही हैं उन्हें भी बंद रखा जाए। इस संबंध में महापौर ने दक्षिण दिल्ली नगर निगम के निगमायुक्त को एक पत्र लिखा है, जिसमें दो अप्रैल 2022 से लेकर 11अप्रैल 2022 तक मीट की दुकानों को बंद करने के लिए कहा गया है।

उन्होंने कहा कि नवरात्रों में लोग मंदिरों में पूजा-अर्चना के लिए अपने



परिवारों के साथ जाते हैं। नवरात्रों के दिनों में भक्त प्याज और लहुसन तक का इस्तेमाल भी नहीं करते हैं, लेकिन सड़कों पर खुले में मीट की दुकानें मंदिर के पास खुले रहने की जानकारी आई थी। मंदिर आने-जाने के दौरान मीट की बदबू उपवास रखने वाले लोगों को परेशान करती है। इतना ही नहीं, मीट का कारोबार करने वाले दुकानदार मीट के बेकार टुकड़े रोड पर ही फेंक देते हैं, जिससे वहां कुत्तों का भी जमघट लग जाता है, इसलिए जब तक नवरात्र चल रहे हैं तब तक के लिए मीट की दुकानों को बंद किया जाए।

## संपादकीय



# मुस्लिम कट्टरपंथियों के कारण खुलकर भाजपा से जुड़ने में डरता है आम मुसलमान

हालिया उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव में इस बात की एक बार फिर पुष्टि हो गई कि बीजेपी को हराने के लिए मुसलमानों का एक बड़ा धड़ा किसी भी हद से आगे जाने से गुरेज नहीं करता है। यह स्वाभाविक नहीं है, इसके लिए दशकों से सियासी साजिश रची जा रही है। पहले कांग्रेस ने मुसलमानों के मन में भाजपा के खिलाफ जहर भरा और बाद में यही काम यूपी में सपा-बसपा जैसे दलों ने किया। मुसलमान इन दलों के पीछे भागते हुए भाजपा को हराने का सपना देखते रहे। उनका यह सपना कई बार पूरा भी हुआ, लेकिन पिछले चार चुनावों (दो विधानसभा और दो लोकसभा चुनावों) से बीजेपी के खिलाफ मुसलमानों की 'दाल' नहीं गल पा रही है। इसकी सबसे प्रमुख वजह यह है कि हिंदू अब जातियों में और बंटने को तैयार नहीं हैं। उनकी समझ में आ गया है कि आपस में लड़ के कहीं ना कहीं अपना ही नुकसान कर रहे थे। इसीलिए उन्होंने हिन्दुओं को अगड़े-पिछड़े, ठाकुर-बनिया आदि के नाम पर लड़ाने वालों से तौबा कर ली है। इसी वजह से बीजेपी का ग्राफ लगातार बढ़ता और अन्य दलों का गिरता जा रहा है।

बीजेपी के सत्ता में आने के बाद उसको (बीजेपी) लेकर विपक्षी दलों और मुल्ला-मौलवियों द्वारा फैलाया गया एक भ्रम और दूर हो गया है कि बीजेपी सत्ता में आएगी तो मुसलमान दोयम दर्जे का नागरिक बन जाएगा। उसके सारे अधिकार छिन जाएंगे आदि-आदि। बीजेपी के खिलाफ यह भ्रम इसलिए फैलाया गया था क्योंकि कुछ राजनैतिक दल मुसलमानों को वोट बैंक की तरह इस्तेमाल करते रहे थे, लेकिन अब हालात बदल रहे हैं। योगी राज में किसी भी नागरिक के साथ भेदभाव नहीं हो रहा है। यदि प्रधानमंत्री आवास हिन्दुओं को मिल रहा है तो मुसलमानों को भी इसका फायदा पहुंच रहा है। फ्री राशन हिन्दुओं को दिया जा रहा है तो मुसलमान परिवार भी इससे वंचित नहीं हैं। स्वास्थ्य कार्ड यदि हिन्दुओं के बन रहे हैं तो मुस्लिमों के भी बिना भेदभाव के बनाए जा रहे हैं। श्रमिक कार्ड में भी सबके खाते में बिना भेदभाव के पैसा आ रहा है। इसी वजह से मुसलमानों के मन में भाजपा के खिलाफ जो खौफ पैदा किया गया था, वह दूर होता जा रहा है। धीरे-धीरे ही सही मुसलमान बीजेपी से जुड़ने लगे हैं। यह और बात है कि यह बदलाव कुछ राजनैतिक दलों और कट्टरपंथियों को रास नहीं आ रहा है, जो अभी भी बीजेपी के खिलाफ जहर उगल रहे हैं और घृणा की राजनीति में लगे हैं।

हाल यह है कि यदि बीजेपी के पक्ष में कोई मुसलमान आगे आता है तो उसको न केवल परेशान किया जाता है बल्कि कई बार तो बीजेपी समर्थक मुसलमानों को मौत के घाट उतार दिया जाता है। जैसा हाल ही में बीजेपी समर्थक बाबर के साथ हुआ। बाबर का कसूर इतना था कि वह बीजेपी की जीत की खुशी में मिठाई बांट रहा था। कट्टरपंथियों ने उसे मौत के घाट उतार दिया। बात उत्तर प्रदेश के जिला कुशीनगर की है, जहां चुनाव नतीजे आने के बाद बीजेपी कार्यकर्ता बाबर की उसके पटीदारों द्वारा बेरहमी से पीट कर हत्या कर दी गई थी। परिजनों की मानें तो बाबर को कई बार धमकी मिल चुकी थी, जिसकी वजह से उसने थाने में शिकायत पत्र भी दिया था। इसको पुलिस ने नजरअंदाज कर दिया, जिसके बाद बाबर की हत्या कर दी गई। मामला जब मीडिया में आया तो पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। इसके बाद एसपी सचिंद्र पटेल ने थाना प्रभारी सहित दो अन्य उप निरीक्षकों को भी लाइन हाजिर कर दिया है। पुलिस ने बाबर की हत्या के मामले में नामजद चार आरोपियों को भी गिरफ्तार कर लिया है।

हैरानी की बात यह है कि बाबर की जान लेने वाले लोग अनजान नहीं थे, वे उसके अपने रिश्तेदार और पड़ोसी थे, जो उसे बचपन से जानते थे। जब बाबर अली ने सुरक्षा की गुहार लगाई तो कुशीनगर जिले के रामकोला थाने की पुलिस ने कोई ऐक्शन नहीं लिया। इसी तरह से कानपुर में भी एक मुस्लिम युवक द्वारा बीजेपी का झंडा फहराना उसके लिए मुसीबत का सबब बन गया है। उसके पड़ोसी और रिश्तेदार ही उसकी जान के दुश्मन बन गए हैं। शकील नामक यह शख्स जिसे जान से मारने की धमकियां मिल रही हैं, लम्बे समय से बीजेपी के साथ जुड़ा हुआ है।

# गरीबी में आटा गीला किसे कहते हैं, यह पाकिस्तान के हालात देखकर समझा जा सकता है

**डॉ. वेदप्रताप वैदिक**

पाकिस्तान के कार्यवाहक प्रधानमंत्री इमरान खान की स्पष्टवादिता चुनावों में उन्हें मंहगी पड़ सकती है। एक बार मंहगाई के सवाल पर वे इतने चिढ़ गए थे कि उन्होंने कह दिया कि प्रधानमंत्री का काम टमाटर और गाजर के भाव तय करना नहीं है।

इमरान खान ने वही किया, जिसकी संभावना इस लेख में परसों व्यक्त की गई थी। उन्होंने विपक्षियों द्वारा लाया हुआ अविश्वास प्रस्ताव रद्द करवा दिया, राष्ट्रीय सभा (संसद) भंग करवा दी और चुनावों की घोषणा करवा दी। अब पाकिस्तान के चुनाव 90 दिन बाद होंगे, ऐसा मानकर चला जा सकता है। इमरान ठीक कहते थे कि उन्होंने बाजी हारी नहीं है। उनके पास एक तुरुप का पत्ता है। अब वह उन्होंने चल दिया है। उनके खिलाफ सर्वोच्च न्यायालय में कई याचिका दायर हो जाएंगी। लेकिन अदालत अब क्या कर सकती है?

संसद के उपाध्यक्ष ने अविश्वास प्रस्ताव को रद्द कर दिया और राष्ट्रपति ने संसद को भंग करके चुनाव की घोषणा कर दी है। ऐसे में यदि फौज उल्टा रास्ता पकड़ ले तो ही इमरान की गाड़ी उलट सकती है। पाकिस्तान की असली मालिक फौज ही है। फौज चाहे तो राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, संसद, सरकार और न्यायपालिका सभी को भंग कर सकती है लेकिन फौज इतनी हिम्मत करेगी, इसमें मुझे संदेह है, क्योंकि सेनापति क़मर बाजवा सर्वशक्तिशाली व्यक्ति होते हुए भी मर्यादित बर्ताव करते हैं। उन्होंने कल ही एक समारोह में कहा कि वे कश्मीर की समस्या का हल बातचीत से करना चाहते हैं। यदि भारत तैयार हो तो वे देरी नहीं करेंगे। इमरान के सवाल पर वे जो चाहते हैं, वह तो हो ही रहा है। अब इमरान कार्यवाहक प्रधानमंत्री भर रह गए हैं। कई मुद्दों पर फैसले लेने के अधिकार से वे वंचित हो गए हैं। उन्होंने पाकिस्तान के नौजवानों के नाम संदेश जारी करके कहा था कि वे लाखों की संख्या में इकट्ठे होकर संसद को घेर लें। विपक्षियों का आरोप है कि वे विरोधी दलों के सांसदों को संसद भवन में घुसने ही नहीं देना चाहते थे। लेकिन इमरान को अब संसद घेरने की जरूरत ही नहीं पड़ी है।

उनके एक मंत्री का दावा है कि विपक्ष के लोग इमरान की हत्या करवाना चाहते हैं, क्योंकि उन्हें लगता है कि पाकिस्तान की जनता अगले चुनाव में दल-बदलुओं और विपक्ष के अनैतिक गठबंधन को हराकर ही दम लेगी। इस तर्क में कुछ दम जरूर है लेकिन पाकिस्तान की जनता मंहगाई और महामारी के कारण इतनी परेशान रही है कि वह इमरान से ऊबने लगी है। इमरान की स्पष्टवादिता भी उन्हें मंहगी पड़ सकती है। एक बार मंहगाई के सवाल पर वे इतने चिढ़ गए थे कि उन्होंने कह दिया कि प्रधानमंत्री का काम टमाटर और गाजर के भाव तय करना नहीं है। उन्होंने भारतीय विदेश नीति की दो बार खुले-आम तारीफ करके मुसीबत मोल ले ली है। पाकिस्तान और भारत में नेतागीरी का जलवा चमकाने के लिए एक-दूसरे के खिलाफ लगातार गोलंदाजी करना बहुत जरूरी होता है। इमरान ने पिछले दो-तीन दिनों में अपनी फौज की तटस्थता का भी जिक्र किया है लेकिन फौज उनके साथ होती तो चुनाव की नौबत ही क्यों आती? पाकिस्तान की यह बदकिस्मती है कि उसकी राजनीति में कभी स्थिरता दिखाई नहीं पड़ती। आज की विषम परिस्थिति में खड़ा हुआ यह राजनीतिक संकट ऐसा है, जिसे 'गरीबी में आटा गीला' होना कहा जाता है।

# कश्मीर में हिन्दुओं की वापसी राष्ट्रीय मुद्दा बने



**ललित गर्ग**



राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रमुख मोहन भागवत ने कहा कि कश्मीरी हिन्दुओं की कश्मीर में वापसी इस तरह होनी चाहिए कि उन्हें फिर उजाड़ा न जा सके, उस पर सरकार ही नहीं, सभी दलों को भी गंभीरता से ध्यान देना चाहिए। भागवत का यह बयान न केवल कश्मीरी पंडितों के दर्द, वेदना, उपेक्षा के घावों पर मरहम लगाने का काम कर रहा है, बल्कि उनके दर्द को समझने के साथ ऐसा वातावरण बनाने में सहयोग देने की अपेक्षा को भी उजागर कर रहा है कि कश्मीर में हिन्दुओं की वापसी सम्मानजनक तरीके से हो, उनको इस तरह मजबूती से बसाया जाये कि कोई भी शक्ति उन्हें उजाड़ न सके, उन्हें बहिर्गमन करने की विवशता को न भोगना पड़े। यह एक राष्ट्रीय मुद्दा बनना चाहिए।

कश्मीरी हिंदुओं का बहिर्गमन एक त्रासदी थी, एक उत्पीड़न की चरम पराकाष्ठा थी, एक राजनीतिक स्वार्थ की घिनौनी एवं अशोभनीय मानसिकता थी जो वर्ष 1989 के अन्तिम चरण से लेकर 1990 के आरम्भिक दिनों तक जेकेएलएफ एवं अन्य इस्लामी उपद्रवियों द्वारा निशाना बनाए जाने की शुरुआत के तुरन्त बाद हुए हिंदू विरोधी नरसंहारों और हमलों की श्रृंखला को संदर्भित करती है, जिसमे अंततः कश्मीरी हिंदू घाटी छोड़कर भागने को मजबूर हुए थे। इसे कश्मीरी पंडितों के पलायन भी कहा जाता है। कांग्रेस, अन्य कश्मीर के राजनीतिक दलों एवं नेताओं ने यह काला अध्याय लिखा और कट्टरवादी शक्तियों ने इसे अंजाम दिया। यही कारण है कि आज भी कांग्रेस सहित कई विपक्षी दल इस बहुचर्चित त्रासदी पर बनी फिल्म 'द कश्मीर फाइल्स' को न केवल खारिज कर रहे हैं, बल्कि उसे झूठी फिल्म भी बता रहे हैं। यह उनकी बौखलाहट है, यह उनकी औछी मानसिकता है जिसके चलते वे इस फिल्म को यूट्यूब पर अपलोड करने जैसे बेतुके बयान दे रहे हैं, वहीं कुछ नेता यह दुष्प्रचार करने में जुटे हैं कि यह फिल्म नफरत फैला रही है। कुछ यह भी समझाने में लगे हैं कि सेंसर बोर्ड को तो यह फिल्म पास ही नहीं करनी चाहिए थी। जबकि यह फिल्म साहस एवं संवेदना की सार्थक एवं सत्य अभिव्यक्ति है, एक सत्य को लम्बे समय तक दबाये रखने की कुचेष्ठा को चुनौती देते हुए उस सत्य को प्रकट करने की वीरतापूर्ण प्रस्तुति है, यह राष्ट्रीयता को मूर्च्छित करने वाली शक्तियों को एक करारा तमाचा है।

कश्मीरी हिंदुओं की हत्याओं और उनके भयावह उत्पीड़न की सच्ची घटनाओं पर आधारित कश्मीर फाइल्स सफलता के नए मानदंड स्थापित कर रही है तो इसीलिए कि उसने 32 साल बाद कश्मीर के दिल दहलाने वाले सच को सामने लाने का काम किया है। जो लोग भी कश्मीर फाइल्स को वैमनस्य फैलाने वाली बताने की कुचेष्टा कर रहे हैं, उन्हें एक तो यह जानना चाहिए कि यह फिल्म संयुक्त अरब अमीरात में भी रिलीज होने जा रही है। दुनियाभर में इस फिल्म की चर्चाएं हो रही हैं। सत्य कभी ढ़का नहीं रह सकता, वह देरसवेर प्रकट होता ही है। लेकिन इस फिल्म को लेकर जो दुष्प्रचार किया जा रहा है, वह महज राजनीतिक शरारत ही नहीं, बल्कि कश्मीर से मार भगाए गए लाखों कश्मीरी हिंदुओं के जख्मों पर नमक छिड़कने की कोशिश भी है। इस घोर संवेदनहीनता एवं घृणित मानसिकता के पीछे एक उद्देश्य वोट बैंक की राजनीति को साधना है। वास्तव में माहौल खराब करने की कोशिश तो ऐसे ही लोग कर रहे हैं। वे यह देखने से इन्कार कर रहे हैं कि कोई भी फिल्म तभी लोकप्रिय होती है, जब वह लोगों के दिलों को छूती है। राष्ट्रीय आदर्शों, राष्ट्रीय प्रतीकों और राष्ट्रीय मान्यताओं की परिभाषा खोजने के लिए और कहीं नहीं, अपनी विरासत में झांकना होगा, अपने अतीत में खोजना होगा। उन पर राजनीतिक स्वार्थ की रोटियां सेकना बन्द करना होगा। अन्यथा राष्ट्र कमजोर होता रहेगा। हमें राष्ट्रीय स्तर से सोचना चाहिए वरना इन त्रासदियों से देश आक्रांत होता रहेगा।

कश्मीर घाटी में रहने वाले हिन्दुओं की संख्या लगभग 3 से 6 लाख तक थी। 2016 में कश्मीर घाटी में केवल 2 से 3 हजार हिन्दू ही शेष हैं, जबकि सन् 1990 में कश्मीरी हिन्दू 19 जनवरी 1990 के दिन को 'दु:खद बहिर्गमन दिवस' के रूप में याद करते हैं। जनवरी का महीना पूरी दुनिया में नए साल के लिए एक उम्मीद ले कर आता है, लेकिन कश्मीरी पंडितों के लिए यह महीना दुख, दर्द और निराशा से भरा है। 19 जनवरी प्रतीक बन चुका है उस त्रासदी का, जो कश्मीर में 1990 में घटित हुई। जिहादी इस्लामिक ताकतों ने कश्मीरी पंडितों पर ऐसा कहर ढाया कि उनके लिए सिर्फ तीन ही विकल्प थे- या तो धर्म बदलो, मरो या पलायन करो। आतंकवादियों ने सैकड़ों अल्पसंख्यक कश्मीरी पंडितों को मौत के घाट उतार दिया था। कई महिलाओं के साथ सामूहिक दुष्कर्म कर उनकी हत्या कर दी गई। उन दिनों कितने ही लोगों की आए दिन अपहरण कर मार-पीट की जाती थी। पंडितों के घरों पर पत्थरबाजी, मंदिरों पर हमले लगातार हो रहे थे। घाटी में उस समय कश्मीरी पंडितों की मदद के लिए कोई नहीं था, ना तो पुलिस, ना प्रशासन, ना कोई नेता और ना ही कोई मानवाधिकार के लोग। उस समय हालात इतने खराब थे कि अस्पतालों में भी हिन्दू समुदाय के लोगों के साथ भेदभाव हो रहा था। सड़कों पर चलना तक मुश्किल हो गया था। कश्मीरी पंडितों के साथ सड़क से लेकर स्कूल-कॉलेज, दफ्तरों में प्रताड़ना हो रही थी- मानसिक, शारीरिक और सांस्कृतिक। 19 जनवरी, 1990 की रात को अगर उस समय के नवनियुक्त राज्यपाल जगमोहन ने घाटी में सेना नहीं बुलाई होती, तो कश्मीरी पंडितों का कत्लेआम व महिलाओं के साथ सामूहिक दुष्कर्म किस सीमा तक होता, इसकी कल्पना नहीं की जा सकती।

साम्प्रदायिक समस्या एवं स्वार्थ की देश तोड़क राजनीति का हल तो तभी प्राप्त हो सकेगा जब इस बात को सारे देश के मस्तिष्क में बहुत गहराई से बैठा दिया जाए कि भारतवर्ष की अपनी सांस्कृतिक विशिष्टता है और उसको आत्मसात करने में ही सबका हित है। हिन्दू और मुसलमान दोनों को ही जब इस देश में रहना है तो दोनों को ही अपनी-अपनी मानसिकता बदलनी होगी। इसीलिये मोहन भागवत ने कश्मीरी पंडितों के दर्द को साझा करते हुए कहा, मुझे लगता है कि वह दिन बहुत करीब है जब कश्मीरी पंडित अपने घरों में वापस आएंगे और मैं चाहता हूं कि वह दिन जल्दी आए। संघ प्रमुख ने कहा कि फिल्म ने 1990 के समय में घाटी से कश्मीरी पंडितों और उनके पलायन की तस्वीर सामने रख दी है। भागवत ने यह भी कहा कि कश्मीरी पंडितों को अपने वतन लौटने का संकल्प लेना चाहिए, ताकि स्थिति जल्दी बदल सके। विविधता में एकता हम सब एक हैं, के लिए लम्बा समय और जीवन खपा देने वालों की कुर्बानी को हम भूल रहे हैं। जबकि इस प्रकार की संस्कृति तो नित्य योगदान मांगती है। ये पौधे तो नित्य पानी मांगते हैं। जनता राजनीतिज्ञों से ईमानदारी की अपेक्षा रखती है। वह उन पर जाति सम्प्रदाय का लेबल देखना नहीं चाहती। समझ में नहीं आता सत्ता मोह और धर्मान्धता व्यक्ति को इतना संकीर्ण, अनुदार और बहुरूपिया क्यों बना देती है?

कश्मीरी पंडितों के दर्द को देखना जितना दयनीय है, उतना ही लज्जाजनक भी है। अब कश्मीरी हिंदुओं के दर्द को समझने के साथ ऐसा वातावरण बनाने में सहयोग देना चाहिए कि उनकी घाटी में वापसी हो सके, तब या तो सस्ती राजनीति की जा रही है या फिर परस्पर दोषारोपण किया जा रहा है, अब तोड़ने नहीं जोड़ने की बात हो। कोई इस फिल्म की विषयवस्तु से सहमत हो या न हो, लेकिन इस सच से मुंह नहीं मोड़ सकता कि कश्मीरी हिंदुओं पर भीषण अत्याचार हुए। यह समझा जाना चाहिए कि लाखों कश्मीरी हिंदुओं का घाटी से पलायन एक ऐसी त्रासदी है, जिसे भूला नहीं जा सकता। वास्तव में आवश्यक केवल यह नहीं कि कश्मीरी हिंदुओं का दमन करने वालों कीकश्मीर में हिन्दुओं की वापसी राष्ट्रीय मुद्दा बने

# मोदी के अथक प्रयासों के बावजूद देश पूरी तरह भ्रष्टाचार मुक्त नहीं हो पाया है

पिछले कुछ सालों में अक्सर सत्ता पक्ष की कोशिश देखी जाती है कि वह विपक्ष को धकिया कर अपने फैसले लागू करा दे। इसी के चलते संसद से लेकर तमाम विधानसभाओं में संघर्ष और विरोध प्रदर्शन की नौबत आए दिन आ जाती है।

राष्ट्र में अन्याय, शोषण, भ्रष्टाचार, अनाचार और राजनीतिक अराजकता के विरुद्ध समय-समय पर क्रांतियां होती रही हैं। लेकिन उनका साधन और उद्देश्य शुद्ध न रहने से उनका दीर्घकालिक परिणाम संदिग्ध रहा है। यही कारण है कि लोकतंत्र को जीवंतता देने की बात हो या भ्रष्टाचार मुक्ति का आह्वान, असरकारक नहीं हो पा रहे हैं। सत्ता और संपदा के शीर्ष पर बैठकर यदि जनतंत्र के आदर्शों को भुला दिया जाता है तो वहां लोकतंत्र के आदर्शों की रक्षा नहीं हो सकती। पश्चिम बंगाल विधानसभा में सत्ता पक्ष और विपक्षी नेताओं के बीच हाथापाई इसी का नतीजा थी। पिछले दिनों वहां के रामपुरहाट में हुई हिंसा में आठ लोग जल कर मर गए। उसी के विरोध में विपक्षी दलों ने सदन में जवाब मांगा, तो सत्तापक्ष के नेता हिंसक हो उठे। उस घटना से सबक नहीं लिया गया और दिल्ली विधानसभा में विपक्ष के हंगामा करने पर उसके नेताओं को सुरक्षाकर्मियों के जरिए धकिया कर बाहर कर दिया गया।

यही हाल दिल्ली नगर निगम की बैठक में भी रहा। वहां सत्तापक्ष और विपक्ष के पार्षद इस कदर गुत्थम-गुत्था हुए कि एक दूसरे के कपड़े तक फाड़ डाले। जनतंत्र की खूबसूरती यही है कि उसमें सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों मिल कर नीतिगत फैसले करते हैं। अगर विपक्ष न हो तो सत्तापक्ष को निरंकुश होते देर नहीं लगती। मगर इस तकाजे को शायद आज के राजनेता भुला चुके हैं, इसी से लोकतंत्र दिनोंदिन कमजोर एवं निस्तेज होता जा रहा है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के भ्रष्टाचार मुक्त शासन की भी धज्जियां बार-बार उड़ती रहती हैं। हाल ही में उत्तर प्रदेश में बारहवीं कक्षा की परीक्षा में कई जगहों पर प्रश्न-पत्र गलत तरीके से बाहर आने की घटना से फिर यही साबित हुआ है कि भ्रष्टाचार शासन-प्रशासन की जड़ों में आज भी गहरा पैठा है।

बार-बार ऐसी गड़बड़ियों एवं भ्रष्टाचार के बावजूद सरकार इसे लेकर शायद ज्यादा फिक्रमंद नहीं है। बुधवार को अंग्रेजी विषय की परीक्षा होनी थी, मगर उससे दो घंटे पहले ही यह खबर सामने आई कि प्रश्न-पत्र बाहर कुछ लोगों के हाथ लग गया है और वे उसका उत्तर तैयार करा रहे हैं। लेकिन यह राजनीतिक दुर्बलता एवं प्रशासनिक लापरवाही ही कही जायेगी जिसमें ऐसे संकेतों को नजरअंदाज करने से भ्रष्टाचार पलता है। इन स्थितियों में लोकतंत्र के चारों स्तंभ ध्वस्त दिखायी दे रहे हैं, उनकी पवित्रता नष्ट हो चुकी है। सरकार जनता की समस्याओं को न समझने का प्रयास कर रही है और न निराकरण करने का प्रयास कर रही है। हमें जीवन को तो सदैव तरोताज़ा रखना है। चाहे राष्ट्रीय जीवन हो चाहे सामाजिक जीवन हो। इसके लिये जरूरी है भ्रष्टाचार मुक्ति का संकल्प आकार लेते हुए दिखें एवं विधायी सदनों में लोकतंत्र को शुद्ध सांसें मिले।




# मानवीय मृत्यु का अनसुल्झा रहस्य



**आधुनिक प्रौद्योगिकी युग में भी मनुष्य या कोई जीव मृत देह मैं कैसे बदल जाता है, विज्ञान इस सवाल से निरंतर जूझ रहा है?**

**मानवीय मृत्यु एक अनसुल्झी पहेली बनी हुई है - शरीर से आखिर ऐसा क्या निकल जाता है कि शरीर निर्जीव हो जाता है!! - एड किशन भावनानी**

गोंदिया - कुदरत द्वारा बनाई इस अनमोल खूबसूरत सृष्टि में कुदरत की अनमोल कलाकृति मानवीय जीव के रूप में सृजित हुई और जिस मानवीय कुनबे में शिशु का जन्म होता है वहां खुशियों की बहार छा जाती है ऐसा सदियों से हजारों वर्षों से होता आया है और वर्तमान काल में भी हो रहा है। परंतु जब किसी मानवीय जीव की मृत्यु हो जाती है तो आदि अनादि काल से यह भी सच है कि उसी कुनबे में अति संवेदनशील दुखों का पल छा जाते हैं और उनका कुनबा यह सोचने पर मज़बूर हो जाता है कि आखिर ऐसा क्या इस शरीर में से निकल गया जो यह शरीर निर्जीव हो गया जो आज के वर्तमान परिपेक्ष में भी एक अनसुलझा रहस्य बना हुआ है!!! जिसके विज्ञान, विशेषज्ञों, जानकारों के अलग अलग तर्क दिए गए हैं परंतु हमारे बड़े बुजुर्गों और आध्यात्मिकता में यह ईश्वर अल्लाह की देन है और कहा गया है कि हम मानवीय जीव उसके हाथ के बने खिलौने हैं जिनका वह जीवन फिक्स कर देता है और समय आने पर उसे तोड़ देता है याने मृत्यु!!परंतु आधुनिक प्रौद्योगिकी युग में भी मनुष्य या कोई भी जीव मृत दे ह में कैसे बदल जाता है विज्ञान इस सवाल से निरंतर जूझ रहा है!!

साथियों बात अगर हम मृत्यु की करें तो यह नाम सुनते ही दिल दहल जाता है, कांप जाता है। जिस तरह हमने कोरोना महामारी कॉल की पीक़ स्थिति में मृत्यु का तांडव देखे, तो दिल पसीज़ गया था।

हमनें फिल्म उद्योग की पुरानी फिल्म पुष्पांजलि का दर्द भरा गीत, दुनिया से जाने वाले, जाने चले जाते हैं कहां, कैसे ढूंढे कोई उनको नहीं होते नामोनिशान और चिट्ठी न कोई संदेश, ना जाने कौन सा देश, जहां तुम चले गए सुनें होंगे जो दुखों के पलों में अक्सर याद आते हैं। हालांकि इन गीतों से भी वही प्रश्न गूंज रहा है कि आखिर मानवीय शरीर में से ऐसा क्या निकल जाता है और कहां चला जाता है जो शरीर निर्जीव हो जाता है!! उसका रहस्य आज भी अनसुलझा है! और मेरा मानना है कि शायद कभी सुल्झेगा भी नहीं चाहे कितना भी प्रौद्योगिकी विज्ञान का उपयोग किया जाए?

साथियों बात अगर हम मृत्यु की करें तो, मृत्यु शब्द नही बल्कि, मीडिया में जानकारी के अनुसार, मृत्यु एक परम पवित्र मंगलकारी देवी है। सामान्य भाषा मे किसी भी जीवात्मा अर्थात प्राणी के जीवन के अन्त को मृत्यु कहते हैं। मृत्यु सामान्यत: वृद्धावस्था, लालच, मोह,रोग,, कुपोषण के परिणामस्वरूप होती है। मुख्यतया मृत्यु के 101 स्वरूप होते है, लेकिन मुख्य 8 प्रकार की होती है। जिसमे बुढ़ापा, रोग, दुर्घटना, अकस्मती आघात, शोक,चिंता, ओर लालच मृत्यु के मुख्य रूप है।

साथियों बात अगर हम विज्ञान विशेषज्ञों, जानकारों की करें तो उनका अलग-अलग तर्क है, हालांकि विज्ञान के अनुसार, मृत्यु का अर्थ है जीवित प्राणी के शरीर की सभी जैविक प्रक्रियाओं का समाप्त हो जाना। जैविक प्रक्रिया को दिल के धड़कने, मस्तिष्क के निर्णय लेने की क्षमता, किडनी और लीवर जैसे अंगों के सुचारु ढंग से काम करने में समझा जा सकता है। ये प्रक्रियाएं समाप्त होते ही हमारी मृत्यु हो जाती है।

विशेषज्ञों की जानकारीके अनुसार शरीर की जैविक प्रकियाएं कई कारणों से रुक सकती हैं। उम्र का ढल जाना यानी बूढ़ा हो जाना, किसी दूसरे व्यक्ति का प्राणघातक हमला, कुपोषण, बीमारी, आत्महत्या, भूख, प्यास, दुर्घटना या आघात आदि से ये प्र ?किया रुक सकती है। मृत्यु के बाद शरीर तेजी से विघटित होता है, और कई तत्वों में टूट जाता ? है। भारतीय दर्शन में ये संकल्पना है ही कि शरीर का ?निर्माण पंचतत्वों से हुआ है और अंतत- उन्हीं तत्वों में विलीन हो जाता है।

साथियों लेकिन जीवन और मृत्यु के बीच सटीक सीमा रेखा क्या है? किस क्षण में जीवन मृत्यु में बदल जाता है? शरीर का वह कौन अंतिम अंग या कण है, जिसके रुकते ही जीवन रुक जाता है और मनुष्य या कोई भी जीव मृत देह में बदल जाता है, विज्ञान इस सवाल से निरंतर जूझ रहा है ?बहरहाल मनुष्य का शरीर एक अद्भुत मशीन है। जिसका हर पुर्जा एक दूसरे से जुड़ा हुआ है। लेकिन यह सवाल अभीअनुत्तरित है कि वह कौन सा तत्व है जिसे जीवन का जनक माना जाए या जीवन के न होने की वजह माना जाए!!!

साथियों बात अगर हम बड़े बुजुर्गों और आध्यात्मिकता के दृष्टिकोण की करें तो उनके अनुसार यह जन्म मृत्यु ईश्वर अल्लाह की देन है उनके अनुसार, आध्यात्मिक दृष्टिकोण से आत्मा शरीर में वास करती हैं। मगर मृत्यु के बाद ये शरीर को त्याग देती है और दूसरे शरीर को धारण कर लेती है।

आत्मा ईश्वर का ही एक स्वरूप है। मगर इसे कोई देख नहीं सकता है। आत्मा को नश्वर माना जाता है। आध्यात्मिक दृष्टि से इसका न कोई आकारा होता है और न ही स्वरूप, मृत्यु एक जीव को बनाए रखने वाले सभी जैविक कार्यों की अपरिवर्तनीय समाप्ति है।

साथयों बात अगर हम मृत्यु के बाद दोबारा जीवन की करें तो मीडिया के अनुसार, मृत्यु के बाद क्या होता है, क्या दोबारा जीवन मिलता है, या फिर नहीं। इस बात पर चर्चा फिर से शुरू हो गई है। मीडिया के अनुसार एक प्रदेश में हाल ही में तीन ऐसी घटनाएं हुईं, जिनमें मृत्यु के बाद जीवन मिला। विज्ञान की भाषा में कहें तो सब कुछ व्यर्थ की बातें हैं, लेकिन आज भी कुछ अनसुलझे रहस्य हैं, जिनके आगे विज्ञान भी नतमस्तक है। यह कहना गलत इस लोक के बाहर दुनिया नहीं है या जिस तरह पृथ्वी पर जिस तरह जीवन है, उस तरह अन्य गृहों पर जीवन नहीं है। विज्ञान भी ऐलियन जैसी बातों को मान रहा है। इसलिए यह भी सत्य है, कि हमारे शास्त्रों के अनुसार पूरे ब्रह्मांड को चलाने वाले शक्ति भी है और हमारी मृत्यु के बाद कर्मों का लेखा जोखा होता है।

अत: अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर उसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि मानवीय मृत्यु का अनसुलझा रहस्य!! आधुनिक प्रौद्योगिकी युग में भी मनुष्य या कोई भी जीव मृत देह में कैसे बदल जाता है!! विज्ञान इस सवाल से निरंतर जूझ रहा है?

मानवीय मृत्यु एक अनसुलझी पहेली बनी हुई है कि शरीर से आखिर ऐसा क्या निकल जाता है कि शरीर निर्जीव हो जाता है।

## रखे अलग विचार !



है सबको अधिकार।
रखे अलग विचार ।।
लोकतंत्र का है यही।
अब तक का आधार ।।
अपनी-अपनी राह सब।
चलने को स्वतंत्र ।।
सबकी खातिर होगा।
यही सच्चा मंत्र ।।
किसी के भी मत से।
रख सकते संबंध ।।
सोच हो रचनात्मक।
मिट्टी की सुगंध ।।
रहे इसका ध्यान।
और हो इस पर काम ।।
हटतीं हैं बाधाएं।
आतीं जो तमाम ।।

**कृष्णेन्द्र राय**

## शार्ट न्यूज

### सपा विधायक शहजिल इस्लाम के खिलाफ एफआईआर

बरेली। उत्तर प्रदेश में बरेली की भोजीपुरा विधानसभा सीट से विधायक शहजील इस्लाम सहित अन्य के खिलाफ पुलिस ने भड़काऊ बयान देने के मामल में सोमवार को एफआईआर दर्ज कर कानूनी कार्रवाई शुरु कर दी। इस्लाम द्वारा हाल ही में एक विवादित एवं भड़काऊ बयान दिये जाने के बाद हिंदू युवा वाहिनी के लोगों ने पुलिस से शिकायत की थी। इसके बाद सोमबार को बारादरी थाने में विधायक के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली गयी। बरेली के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रोहित सिंह सजवाण ने बताया कि इस्ला, सपा के जिला उपाध्यक्ष संजीव कुमार सक्सेना और अन्य के खिलाफ आईपीसी की धारा 153ए ,504 और 506 के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है।

### एमएलसी यशवंत सिंह भाजपा से निष्कासित

मऊ। आजमगढ़ मऊ स्थानीय निकाय प्राधिकारी क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के अधिकृत प्रत्याशी के खिलाफ अपने पुत्र विक्रांत सिंह रिशू को निर्दलीय के तौर पर चुनाव मैदान में उतारना भाजपा एमएलसी यशवंत सिंह को भारी पड़ गया। चुनाव लड़ाने व प्रचार प्रसार करने की शिकायत पर उन्हे छह वर्षों के लिए पार्टी से निष्कासित कर दिया गया। आजमगढ़ मऊ स्थानीय निकाय प्राधिकारी क्षेत्र से भाजपा ने समाजवादी पार्टी (सपा) विधायक रमाकांत सिंह के पुत्र अरुण कांत को अपना अधिकृत प्रत्याशी बनाया है वहीं भाजपा के विधान परिषद सदस्य यशवंत सिंह के पुत्र विक्रांत सिंह रिशु निर्दल प्रत्याशी के रूप में चुनाव लड़ रहे हैं। यशवंत सिंह सपा के तरफ से पिछले लगभग 20 वर्षों से विधान परिषद सदस्य रहे हैं। योगी आदित्यनाथ के वर्ष 2017 में मुख्यमंत्री बनने के बाद उन्होने अपनी सीट से इस्तीफा दे दिया था जिन्हें बाद में भाजपा द्वारा विधान परिषद सदस्य बनाया गया था। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष ने संज्ञान में लेते हुए पार्टी के अधिकृत प्रत्याशी के विरुद्ध चुनाव लडाने तथा प्रचार प्रसार व पार्टी विरोधी गतिविधियों में संलिप्त होने के कारण विधान परिषद सदस्य यशवन्त सिंह को तत्काल प्रभाव से पार्टी से छ: वर्ष के लिए निष्कासित कर दिया गया। उक्त सूचना पार्टी के जिला मीडिया प्रभारी कृष्ण कांत राय ने दी।

### 'बुलडोजर' और 'एनकाउंटर' के डर से 50 हजार के इनामी बदमाश ने किया आत्मसमर्पण

जौनपुर। उत्तर प्रदेश में योगी आदित्यनाथ सरकार की सत्ता में वापसी के बाद से वांछित अपराधी बड़ी तेजी से बुलडोजर और एनकाउंटर के डर से खुद को पुलिस के हवाले कर रहे हैं। इस क्रम में सोमवार को जौनपुर में 50 हजार रुपये के इनामी बदमाश रवि तिवारी ने पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया। लूट और हत्या के कई मामलों में पिछले कुछ महीनों से फरार चल रहे तिवारी ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय में हाजिर होकर अपर पुलिस अधीक्षक डॉ संजय कुमार के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया। डॉ. कुमार के सामने सरेंडर करते हुए तिवारी ने कहा कि उस पर सुल्तानपुर पुलिस ने 50 हजार रुपये का इनाम घोषित कर रखा है, क्योंकि उसके खिलाफ पुलिस ने डेढ़ दर्जन मुकदमे दर्ज कर रखे हैं। मुझे अपना एनकाउंटर होने का डर था, साथ ही योगी सरकार का बुलडोजर कभी भी मेरे घर पर चल सकता था, इसलिए मैंने एसपी जौनपुर के सामने आत्मसमर्पण करने का मन बनाया है। तिवारी ने बताया कि योगी सरकार के विशेष अभियान के तहत वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय कुमार साहनी के निर्देशन में शाहगंज तहसील के डिप्टी एसपी अंकित कुमार की पुलिस टीम अपराधियों के खिलाफ बड़े पैमाने पर ताबड़तोड़ कार्रवाई कर रही है। शाहगंज सर्किल के खेतासराय, सरपतहां, खुटहन थाना क्षेत्र के सभी वांटेड अपराधियों की गिरफ्तारी और उन्हें दबोचने के लिए बड़े पैमाने पर अभियान चला रही है। इसी क्रम में सरपतहां थाना क्षेत्र के चौबहा निवासी रवि तिवारी उर्फ बीर पुत्र अखिलेश तिवारी ने एएसपी सिटी डॉ संजय कुमार के दफ्तर में आत्मसमर्पण कर दिया। उसके खिलाफ सुल्तानपुर जनपद के करौदीकलां थाना और जौनपुर के खुटहन थाना में लूट और हत्या समेत 18 मुकदमे दर्ज हैं।

### योगी सरकार ने औरैया के डीएम को किया निलंबित

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में योगी आदित्यनाथ सरकार ने शासन स्तर पर अधिकारियों को सख्त संदेश देते हुए भ्रष्टाचार और लापरवाही के आरोप में पिछले एक सप्ताह के दौरान दूसरे जिलाधिकारी (डीएम) के रूप में सोमवार को औरैया के डीएम को निलंबित कर दिया है। मुख्यमंत्री कार्यालय के सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार सरकार ने औरैया के डीएम सुनील वर्मा को निलंबित कर दिया है। उनके खिलाफ यह कार्रवाई भ्रष्टाचार और प्रशासनिक दायित्व के निर्वाह में लापरवाही की शिकायतों के आधार पर की गयी है। उनके खिलाफ विजिलेंस जांच के भी आदेश दिये गये हैं। गौरतलब है कि इससे पहले 31 मार्च को भी दो वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों को योगी सरकार ने अनियमितता के आरोप में निलंबित कर दिया गया था। इनमें सोनभद्र के जिलाधिकारी टी के शिबू को निलंबित करने के कुछ घंटे बाद ही गाजियाबाद के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक पवन कुमार को अपराध पर नियंत्रण करने में नाकाम रहने के आरोप में निलंबित कर दिया था।

### बहराइच में बस ने युवक को रौंदा

बहराइच। उत्तर प्रदेश में बहराइच के रानीपुर क्षेत्र में सोमवार को प्राइवेट बस की चपेट में आकर एक युवक की मौत हो गयी। पुलिस सूत्रों ने बताया कि कटघरी गांव निवासी नईम (18) मुंबई में मजदूरी करता था। रमजान माह के चलते युवक अपने घर के लिए रवाना हुआ। सोमवार सुबह प्राइवेट बस से युवक कुट्टी के पास उतरा जिस बस से युवक उतरा, उसी बस ने रौंद दिया। मौके पर ही युवक की मौत हो गई। हादसे के बाद बस के चालक और परिचालक दोनों फरार हो गए हैं। थानाध्यक्ष सौरभ सिंह ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर फरार लोगों की तलाश की जा रही है।

### एनसीसी कैडेटों ने कुड़िया घाट पर गोमती को दिलायी प्रदूषण से निजात

लखनऊ। पुनीत सागर अभियान के तहत 63 यूपी बटालियन एनसीसी लखनऊ ने गोमती नदी के कुड़िया घाट में सफाई अभियान चलाया। इस दौरान लोगों को नुक्कड़ नाटक के माध्यम से स्वच्छता एवं सफाई के लिए जागरूक किया गया। यह अभियान 63 यूपी बटालियन एनसीसी, लखनऊ के कमान अधिकारी कर्नल सुमित पुरी के दिशा निर्देशन में रविवार को संचालित किया गया। इस स्वच्छता अभियान में एक एनसीसी अधिकारी सहित पांच पीआई स्टाफ और 26 एनसीसी कैडटों ने भाग लिया। गौरतलब है कि पुनीत सागर अभियान को एक अप्रैल को पूरे देश में शुरु किया गया है जो पांच अप्रैल तक चलेगा। इस अभियान का उद्देश्य समुद्र तटों, पूरे भारत में नदियों व झीलों के तटों की सफाई और एकत्रित प्लास्टिक कचरों का निस्तारण करना है।

### प्रतापगढ़ में एसडीएम की गिरफ्तारी की मांग को लेकर कर्मचारी धरने पर

प्रतापगढ। उत्तर प्रदेश के प्रतापगढ़ जिले में नायब नाजिर की पिटाई से हुयी मौत के मामले में सरकारी कर्मचारी आरोपी एसडीएम की गिरफ्तारी की मांग के साथ सोमवार को धरने पर बैठ गये हैं। नायब नाजिर सुनील कुमार शर्मा की पिटाई से हुयी मौत के मामले में मुख्यमंत्री के निर्देश पर एसडीएम ज्ञानेन्द्र विक्रम सिंह को निलंबित कर दिया गया है मगर कर्मचारी उसकी गिरफ्तारी पर अड़ गये हैं। इस सिलसिले में विभिन्न कर्मचारी संगठनों ने यहां कार्यालयों में तालाबंदी की और कलेक्ट्रेट में जिलाधिकारी के कार्यालय के सामने धरने पर बैठ गये। कर्मचारी संगठन हत्यारोपी एस डी एम ज्ञानेंद्र विक्रम सिंह यादव की गिरफ्तारी की मांग कर रहे है। नायब नाजिर की इलाज के दौरान जिला चिकित्सालय में मृत्यु हो गयी थी। मृतक के बेटे की तहरीर पर एसडीएम के विरुद्ध हत्या सहित कई गम्भीर धाराओं में अभियोग पंजीकृत हुआ है। मृतक के बेटे ने अपनी तहरीर में कहा है कि एसडीएम ने 30 अक्टूबर की रात में उसके पिता की डण्डे से पिटाई की थी जिससे इलाज के दौरान उसकी मृत्यु हो गयी थी।

# शिवपाल को डिप्टी स्पीकर बनाने की अटकलों से सपा में बेचैनी

**इटावा।** प्रगतिशील समाजवादी पार्टी (प्रसपा) अध्यक्ष शिवपाल सिंह यादव के विधानसभा का डिप्टी स्पीकर बनाये जाने की अटकलों से समाजवादी पार्टी (सपा) में बेचैनी दिखने लगी है।
राजनीतिक गलियारों में अटकलों का बाजार गर्म है कि सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव के विधायक चाचा को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) विधानसभा के डिप्टी स्पीकर के पद से नवाज सकती है। पिछले कुछ दिनो से भाजपा के नेताओं से संपर्क बढ़ा रहे शिवपाल इस पद को स्वीकार करने के लिए तैयार है, यह सवाल भी बड़ा बना हुआ है। खुद के बारे में तरह तरह की अटकलों पर सफाई देने के बजाय शिवपाल सिर्फ यह कह कर खामोश हो जा रहे है कि वक्त आने पर बतायेंगे। उनकी यही अदा सपा खेमे को बेचैन किये हुये है।
विधानसभा उपाध्यक्ष की कुर्सी को अगर शिवपाल स्वीकार करते हैं तो वह सदन में अपने भतीजे व नेता प्रतिपक्ष अखिलेश यादव के बगल में बैठेंगे । विधानसभा उपाध्यक्ष की सीट सदन में ठीक नेता प्रतिपक्ष के बगल में ही होती है।
पीएसपीएल प्रमुख शिवपाल यादव



इटावा जिले की जसवंतनगर विधानसभा सीट से लगातार छठी बार विधायक निर्वाचित हुए हैं। हमेशा की ही तरह इस दफा भी शिवपाल सिंह यादव समाजवादी पार्टी के सिंबल साइकिल के चुनाव चिन्ह से निर्वाचित हुए है। 10 मार्च को मतगणना मे जब समाजवादी गठबंधन सत्ता के करीब नही पहुंचा तो शिवपाल सिंह यादव ने अपने भतीजे अखिलेश यादव की कार्यशैली पर सवाल उठाना शुरू कर दिया ।
जिससे अखिलेश यादव से दूरियां बढ़ती जा रही हैं। सपा उन्हें अपना विधायक से ज्यादा सहयोगी दल प्रसपा का अध्यक्ष मानती है ।
होली के अवसर पर मुलायम रामगोपाल अखिलेश यादव के साथ सैफई मे होली खेलने वाले शिवपाल 26 मार्च के बाद यह कह कर बिफर गये कि उन्हे सपा की बैठक मे नही बुलाया गया लेकिन जब 29 मार्च को बुलाया गया तो शिवपाल ने बैठक मे शामिल होने के बाद भर्थना मे भागवत सुनना पसंद किया ।
इसी बीच 30 मार्च को शिवपाल ने शपथ ग्रहण के साथ ही का मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मुलाकात तो की ही नवरात्रि के पहले दिन सोशल मीडिया पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को फालो करने से उनके भाजपा के साथ जाने के संकेत मिल रहे हैं। इससे पहले उन्हें राज्यसभा में भेजे जाने व उनकी सीट जसवंत नगर पर उपचुनाव में बेटे आदित्य यादव को उतारने की अटकलें जोरों पर थी।

## भाजपा राज में थाने तहसील बने भ्रष्टाचार के अड्डे : अखिलेश

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में योगी सरकार की जीरो टालरेंस नीति को दिखावा करार देते हुये समाजवादी पार्टी (सपा) अध्यक्ष अखिलेश यादव ने सोमवार को कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) राज में थाने, तहसील, कलेक्ट्रेट सब भ्रष्टाचार के अड्डे बना दिये गये हैं।
उन्होने कहा कि भाजपा सरकार की जीरो टॉलरेंस नीति महज दिखावा है। सत्ता के संरक्षण में प्रशासन निर्दोषों, गरीबों का उत्पीड़न करने में लग गया है। किसानों पर बुलडोजर चल रहा है। झूठ के सहारे अभी से उपलब्धियां गिनाई जा रही है।
यादव ने कहा कि भाजपा राज में दावों



का फरेबी ताजमहल गढ़ने का कोई हिसाब नहीं है। उत्तर प्रदेश में भाजपा की पिछली सरकार में पांच लाख नौकरियां दिये जाने का दावा किया गया था जिसका डाटा आज तक सार्वजनिक नहीं किया गया कि किसको कहां नौकरी मिली। अब भाजपा सरकार 100 दिन में दस हजार नौकरियां देने का वादा कर रही है। इनकी करनी और कथनी को सभी ने देखा है। भाजपा सरकार की नई घोषणाएं महज झांसा है। युवाओं की नौकरी, रोजगार के प्रति भाजपा सरकार पूरी तरह संवेदनशून्य है। बेरोजगारी के कारण नौजवान आत्महत्या करने को मजबूर हैं।
सपा अध्यक्ष ने कहा कि मेरठ में भाजपा नेता के गुंडो द्वारा एक गरीब वेज बिरयानी वाले की लाचारी का फायदा उठा कर उसकी रोजी-रोटी को तहस-नहस कर देना भाजपा सरकार के जंगलराज का प्रतीक है, गोसाईगंज पुलिस ने निर्दोश युवक को फर्जी मुकदमें में जेल भेज दिया। भाजपा दफ्तर के बाहर पीड़ित मां द्वारा न्याय की गुहार लगाते हुए खुद को आग लगा लेने की घटना दुखद है।
उन्होने कहा कि 'सबका साथ सबका विकास और सबका विश्वास' के नारे से लोगों को गुमराह करने में माहिर भाजपा नेतृत्व को इस बात का जवाब देना चाहिए कि उत्तर प्रदेश में नफरत फैलाकर क्यों अत्याचार को छूट दे रखी है। भाजपा का एजेण्डा समाज को बांटकर अपना राजनीतिक स्वार्थ साधन करना है। जनता उसकी सच्चाई से पूरी तरह अवगत हो गयीं है। भाजपा की झूठ की बेल अब सिरे चढ़ने वाली नहीं है।

## बस्ती मंडल में 10 हजार रुपये से अधिक के बकायेदारों की कटेगी बिजली

बस्ती। उत्तर प्रदेश के बस्ती मण्डल में बिजली विभाग ने बिल नहीं चुका रहे कनेक्शनधारकों में से 10 हजार रुपये से अधिक के बकायेदारों का बिजली कनेक्शन काट दिया जायेगा।
विभाग के सूत्रों ने सोमवार को यहां बताया कि घाटे में चल रहे उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन लिमिटेड ने बिजली बिल के बड़े बकायेदारों की सूची तैयार कर ली है। इस सूची में 10 हजार से अधिक के बकायेदारों का नाम भी शामिल है। इनका बिल समय से जमा ना होने पर कनेक्शन काट दिया जाएगा। अधिकारियों ने बताया कि इसके लिए बिजली विभाग मंडल के बस्ती,सिद्धार्थनगर तथा संतकबीरनगर जिलों में युद्धस्तर पर काम करेगा। उन्होंने बताया कि बकायेदारों को नोटिस दिया जा रहा है। बिजली का कनेक्शन कटने के बाद बिल जमा होने पर ही उपभोक्ता का दोबारा कनेक्शन जोड़ा जाएगा। उन्होंने कहा कि कनैक्शन कटने के बाद अवैध ढंग से किसी भी कनेक्शन धारक द्वारा बिजली सप्लाई कराई गई तो उसके विरुद्ध कानूनी कार्रवाई भी की जाएगी।

## ग्रामीण की पिटाई करने पर थानाध्यक्ष निलंबित, तीन लाइन हाजिर

महोबा। उत्तर प्रदेश के महोबा जिले में अपराध कुबूल कराने के लिए एक ग्रामीण को हिरासत में लेकर कथित तौर पर थर्ड डिग्री प्रताड़ना देने पर एक थानाध्यक्ष को निलंबित कर दिया गया है जबकि इस मामले में तीन पुलिस कर्मियों को लाइन हाजिर किया गया है। अपर पुलिस अधीक्षक आरके गौतम ने सोमवार को बताया कि श्रीनगर क्षेत्र के पवा गांव में 31 मार्च को एक साथ दस घरों में हुई चोरी की घटनाओं की जांच पड़ताल में पुलिस ने एक ग्रामीण भारत राजपूत को संदिग्ध मानकर हिरासत में लेते हुए उससे पूछतांछ शुरू की थी। आरोप है कि पुलिस ने इस दौरान अपराध कुबूल कराने के लिए उसके साथ मारपीट भी की। पुलिस की पिटाई में भारत की हालत बिगड़ जाने पर कल रात उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया था जहां हालत गम्भीर देख चिकित्सकों ने उसे मेडिकल कालेज के लिए रिफर कर दिया। उन्होने बताया कि भारत राजपूत को रात में ही कानपुर के रीजेंसी अस्पताल में भर्ती कराया गया है जहां सघन उपचार के बाद चिकित्सकों द्वारा उसकी हालत पर काबू पाया गया। डाक्टरों द्वारा सुबह जांचोपरांत अब उसकी हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है।

## लोकसभा में उठा मुरादाबाद में छात्राओं की मौत का मामला

अमरोहा। उत्तर प्रदेश के मुरादाबाद में पिछले कुछ समय के दौरान लगभग दर्जन भर छात्राओं की संदिग्ध मौत होने का मामला बहुजन समाज पार्टी (बसपा) के सांसद कुंअर दानिश अली ने सोमवार को लोकसभा में उठाया। अमरोहा लोकसभा सीट से सांसद दानिश अली ने बताया कि उन्होंने तीर्थंकर महावीर विश्वविद्यालय (टीएमयू) की मेडिकल छात्रा नीरज भडाना समेत कई अन्य छात्र छात्राओं की लगातार संदिग्ध परिस्थितियों में हो रही मौतों का मुद्दा संसद के निचले सदन में उठाया। उन्होंने तारांकित प्रश्न के जरिये सरकार से पूछा कि उच्च शिक्षण संस्थानों में होनहार छात्र-



छात्राओं की लगातार संदिग्ध मौत या आत्महत्या के केस क्यों बढ़ रहे हैं? उन्होंने कहा कि छात्र रोहित वेमुला की मौत का मामला काफी चर्चित रहा, जबकि इसी तरह अन्य तमाम मामलों की चर्चा तक नहीं होती और वे 'अंडर द कार्पेट' रह जाते हैं। उन्होंने सदन में यह मामला उठाते हुए कहा, मेरे लोकसभा क्षेत्र में स्थित टीएमयू में अब तक 12 से अधिक छात्राओं की आत्महत्या के मामले सामने आये हैं। चौथी या पांचवीं मंजिल से कूदकर छात्राओं की आत्महत्या के इन मामलों की जांच तार्किक निष्कर्ष तक नहीं पहुंचती है। एक दो मामलों में जांच भी हुई है, लेकिन कोई ठोस निष्कर्ष नहीं निकला। उन्होंने कहा कि केंद्रीय विश्वविद्यालयों पर केंद्र सरकार की निगरानी का जवाब दिया गया है, जबकि निजी विश्वविद्यालयों की जिम्मेदारी से सरकार को नहीं भागना चाहिए।
उन्होंने कहा कि मुरादाबाद स्थित टीएमयू में छात्राओं की आत्महत्या के मामलों में क्या शिक्षा मंत्री सदन को इस मामले की जांच एक विशेष समिति बनाकर करवाने का आश्वासन देंगे?

# एटीएस और एसटीएफ करेंगे गोरखनाथ मंदिर में सुरक्षाकर्मियों पर हमले की जांच

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने राज्य के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के गृह जनपद गोरखपुर में स्थित गोरखनाथ मंदिर में तैनात सुरक्षाकर्मियों पर रविवार को किये गये हमले की वारदात के पीछे आतंकी साजिश की आशंका से इंकार नहीं करते हुए कहा है कि इसकी जांच आतंक निरोधक स्क्वॉयड (एटीएस) और राज्य पुलिस के विशेष कार्यबल (एसटीएफ) मिलकर करेंगे।
राज्य सरकार में गृह विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव अवनीश कुमार अवस्थी ने सोमवार को कहा कि इस वारदात के पीछे आतंकी हमले की साजिश से इंकार नहीं किया जा सकता है। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री योगी गोरखनाथ मंदिर के महंत भी हैं।
अवस्थी के साथ संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में उत्तर प्रदेश पुलिस के अतिरिक्त महानिदेशक (कानून



व्यवस्था) प्रशांत कुमार ने बताया कि मुर्तजा अब्बासी नामक युवक ने रविवार को रात में गोरखनाथ मंदिर में तैनात सुरक्षाकर्मियों पर हमला कर धार्मिक उन्माद फैलाने वाले नारे भी लगाये।
हमले के तुरंत बाद मंदिर में तैनात अन्य सुरक्षाकर्मियों ने मुर्तजा को पकड़ कर पुलिस के हवाले कर दिया।
कुमार ने बताया कि इस हमले में पीएसी के दो जवान गोपाल गौर और अनिल पासवान तथा उप्र पुलिस के जवान आजाद पासवान घायल हो गये। उन्होंने कहा कि हमलावर के पास से बरामद की गयी सामग्री से स्पष्ट है कि यह घटना किसी बड़े हमले की तैयारी होने की साजिश का नतीजा थी। इतना ही नहीं इसके पीछे किसी आतंकी हमले की साजिश से इंकार नहीं किया जा सकता है।
कुमार ने बताया कि एटीएस और एसटीएफ के अतिरिक्त महानिदेशक गोरखपुर पहुंच गये हैं। वारदात के आरोपी से संवेदनशील दस्तावेज भी बरामद किये गये हैं। इस घटना के बाद दो मामले दर्ज कर प्रारंभिक स्तर पर जांच शुरु कर दी गयी है।
उन्होंने बताया कि गोरखनाथ मंदिर के अलावा अयोध्या, वाराणसी और मथुरा में प्रमुख स्थलों के सुरक्षा इंतजामों की समय समयस पर समीक्षा की जाती है और जरूरत के मुताबिक ही इन स्थलों पर सुरक्षाबल के जवान तैनात किये जाते हैं। बहादुर सुरक्षाकर्मियों ने हमलावर को मंदिर में प्रवेश करने से पहले ही रोक लिया अन्यथा उसके मंदिर में प्रवेश करने पर बड़ा नुकासान हो जाता।
इस मामले में मुख्यमंत्री योगी द्वारा दिये गये निर्देशों की जानकारी देते हुए अवस्थी ने बताया कि मुख्यमंत्री ने इस हमले को नाकाम बनाने वाले सुरक्षाकर्मियों को पांच लाख रुपये का इनाम देने की घोषणा की है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने इसकी जांच एटीएस से कराने का निर्देश दिया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि दरअसल इस मामले की जांच का काम एटीएस और एसटीएफ मिलकर करेंगे।
अवस्थी ने बताया कि हमलावर से बरामद हुए लैपटॉप और मोबाइल फोल में दर्ज जानकारियों की गहन जांच की जा रही है। उन्होंने कहा कि उन संपर्कसूत्रों की भी पड़ताल की जा रही है जिनसे मुर्तजा जुड़ा था।

## इटावा मे मजदूर की हत्या कर शव पेड़ से लटकाया

**एजेंसी**

इटावा। उत्तर प्रदेश में इटावा जिले के सिविल लाइन इलाके में मजदूर की हत्या करने के बाद उसके शव को पेड पर टांग दिया गया।
पुलिस अधीक्षक नगर कपिल देव सिंह ने सोमवार को बताया कि हरदासपुर गांव निवासी सत्यपाल का शव गांव के बाहर पेड से टंगा हुआ मिला था। लोगो की सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंच गय कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया । पोस्टर्माटम रिर्पोट मे युवक की गला घोट कर हत्या के बाद शव को पेड से लटकाने की पुष्टि हुई ।
उन्होने बताया कि गांव के ही छह लोगो के खिलाफ धारा 302 और 147 तहत मामला दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है । हत्यारोपियो की तलाश मे पुलिस की दो टीमो को सक्रिय कर दिया गया है ।
पुलिस सूत्रों ने बताया कि हरदासपुर गांव के विजय सिंह राजपूत का 21 साल का बेटा सत्यपाल मेहनत मजदूरी करता था । कुछ महीनों से विजय सिंह का बीमारी के कारण ग्वालियर में इलाज चल रहा था । इसके कारण उनकी पत्नी व छोटा पुत्र बृजेश उनके साथ ग्वालियर गए हुए थे । घर पर सत्यपाल रुका हुआ था जबकि उसका बड़ा भाई रिश्तेदारी में गया हुआ था। सत्यपाल को गांव के कुछ लोगों ने खेत की तरफ जाते समय उसके घर से लगभग दो सौ मीटर दूर नीम के पेड़ पर उसकी शर्ट के सहारे फांसी के फंदे पर जब लटका देखा तो गांव में हड़कंप मच गया। पिता ने आरोप लगाया कि उसके पुत्र सत्यपाल का शनिवार की शाम पानी भरने को लेकर गांव के एक व्यक्ति से झगड़ा हो गया था । इसी पर बात पर उसके साथ मारपीट भी की गई थी। उन्हीं लोगों ने पुत्र की हत्या कर उसे फंदे से लटका दिया है।

## हमीरपुर में पानी आपूर्ति के साधन न होने से आग मचा सकती है तबाही

**एजेंसी**

हमीरपुर। उत्तर प्रदेश के हमीरपुर जिले में आग बुझाने के लिये पानी की आपूर्ति का कोई साधन न होने से कभी भी कोई बड़ी घटना हो सकती है। 25 साल पहले जमीदोंज हो चुके करीब सात फायर हाइडेंटों को आज तक निकालने व उनके बदले दूसरे फायर हाइडेंटों की स्थापना नहीं की गयी है। यही नहीं,ग्रामीण क्षेत्रों में केवल अभी तक 35 नलकूपों में कपलिंग पाइप लगाये गये है, जिससे आग लगने के समय नलकूपों से अग्निशममन विभाग पानी भी नही ले सकता है।
जिला अग्निशमन अधिकारी राहुल पाल ने बताया कि हमीरपुर जिला बुन्देलखंड में आग लगने के मामले में सबसे ज्यादा संवेदनशील है। लोगो में जागरुकता न होने के कारण आये दिन आग जैसी घटनाएं होती रहती है,मार्च के महीने में
पचास से अधिक घटनाएं आग की हो चुकी है। हमीरपुर शहर में आग की घटनाओं को देखते हुये कई साल पहले चिंहित स्थानों में फायर हाइडेंट लगाये गये थे, जहां से आग लगते ही पाइप लगाकर अग्निशमन विभाग के कर्मी वहां से पानी लेकर बड़े बड़े पाइपो के माध्यम से संबंधित स्थल में जाकर आग बुझा देते थे मगर 25 साल पहले शहर में सड़के बनती गयी और उसी में सभी फायर हाईडेंट जमीन में ही दब गये तब से आज तक इस पर कोई विचार नही किया गया है।
उन्होने कहा कि हर साल शासन व प्रशासन को फायर हाइडेंट के महत्व व उनकी आवश्यकता के बारे में अवगत करा दिया जाता है मगर उसका कोई हल नही निकला है,हमीरपुर शहर में केवल दो फायर हाइडेंट है जो एक विभाग के पास है दूसरा न्यायालय में लगा है जबकि जो फायर हाइडेंट चिंहित स्थलो पर थे उनका होना बहुत आवश्यक है।
फायर हाईडेंट हर कस्बे में होना चाहिये ताकि पानी मिलने में कोई असुविधा न हो।

# गोरखनाथ मंदिर में हमला: आरोपी मुर्तजा को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा

गोरखपुर। गोरखपुर में गोरखनाथ मंदिर के बाहर पीएसी के दो जवानों पर धारदार हथियार से हमला करने वाले आरोपी मुर्तजा को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। बता दें कि 2015 में आईआईटी मुंबई से केमिकल इंजीनियरिंग कर चुका आरोपी मुर्तजा रविवार शाम धारदार हथियार लिए गोरखनाथ मंदिर पर तैनात पीएसी के दो जवानों पर हमला कर घायल कर दिया। इसके बाद वह सड़कों पर दौड़ता रहा जिससे पब्लिक और पुलिस वाले उसे देख भागते रहे। इस बीच मुर्तजा ने अल्लाह हू अकबर का नारा भी लगाया।
लखनऊ में अपर मुख्य सचिव गृह अवनीश अवस्थी और अपर पुलिस महानिदेशक प्रशांत कुमार ने सोमवार को पत्रकार वार्ता मजानकारी दी कि हमलावर व्यक्ति (मुर्तजा) आतंकी घटना को अंजाम देने के लिए



बदनीयती से मंदिर परिसर में घुसने का प्रयास कर रहा था, जिसे पीएसी एवं पुलिस के जवानों ने नाकाम कर दिया। अधिकारियों ने कहा कि इस घटना में हमलावर ने पीएसी के दो जवानों को गंभीर रूप से घायल कर दिया।
अवस्थी ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस घटना की विवेचना यूपी एटीएस को सौंपे जाने का निर्देश दिया गया है। उन्होंने बताया कि यूपी एटीएस व यूपी एसटीएफ दोनों एजेंसियों को घटना का खुलासा करने के लिए संयुक्त रूप से कार्य करने का भी निर्देश दिया गया है तथा दोनों एजेंसियों के वरिष्ठ अधिकारी गोरखपुर पहुंच चुके हैं। अवस्थी ने बताया कि हमले को नाकाम करने वाले पीएसी के जवानों गोपाल गौड़ व अनिल पासवान तथा नागरिक पुलिस के जवान अनुराग राजपूत को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पांच लांख रुपये इनाम के रूप में दिए जाने की घोषणा की है। गौरतलब है कि गोरखपुर के गोरखनाथ मंदिर के दक्षिणी द्वार पर रविवार शाम एक युवक ने धार्मिक नारे लगाते हुए मंदिर में प्रवेश करने की कोशिश की और सुरक्षा में तैनात पीएसी के दो आरक्षियों को धारदार हथियार से घायल कर दिया। सुरक्षाकर्मियों द्वारा पकड़ने की कोशिश में वह व्यक्ति भी घायल हो गया। गोरखनाथ मंदिर नाथ संप्रदाय की सर्वोच्च पीठ है और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ इस पीठ के महंत हैं। गोरखपुर जोन के अपर पुलिस महानिदेशक (एडीजी) अखिल कुमार ने पहले बताया था कि एक व्यक्ति ने धारदार हथियार के साथ धार्मिक नारा लगाते हुए मंदिर में प्रवेश करने की कोशिश की और पीएसी के दो आरक्षियों को घायल कर दिया। उन्होंने बताया कि आरोपी गेट के पास पीएसी पोस्ट पर भी गया और पुलिस पर हमला करने की कोशिश की। हालांकि, पुलिस ने धैर्य दिखाया और उसे पकड़ लिया।

## शार्ट न्यूज

### इंद्रप्रस्थ गैस ने दिल्ली में सीएनजी के दाम बढ़ाएं

नयी दिल्ली। इंद्रप्रस्थ गैस लिमिटेड (आईजीएल) ने सोमवार को दिल्ली में कंप्रेस्ड नेचुरल गैस (सीएनजी) के दाम 2.5 रुपए प्रति किलो से बढ़ा दिए। कंपनी ने एक बयान में कहा कि सीएनजी की कीमत 64.11 रुपये किलो है। यह वृद्धि आज से प्रभाव में आ गयी है। बीते एक महीने में सातवीं बार सीएनजी के दाम बढ़ाएं गए हैं। नोएडा, ग्रेटर नोएडा और गाजियाबाद में सीएनजी के दाम 66.68 रुपए प्रति किलो हो गए हैं।

### बजाज ऑटो की बिक्री मार्च में 20 प्रतिशत गिरी

मुंबई। बजाज ऑटो के मार्च 2022 में बिके वाहनों में 20 प्रतिशत की गिरावट हुयी है। कंपनी ने सोमवार को बताया कि उसने पिछले माह में 2,97,188 वाहन बेचे हैं, जबकि मार्च 2021 में बिक्री संख्या 3,69,448 थी। बजाज के एक बयान में कहा गया है कि घरेलू बाजार में वाहनों की उसकी कुल बिक्री 36 प्रतिशत से घटकर 1,26,752 रही, जबकि मार्च 2021 में यह संख्या 1,98,551 थी। कंपनी ने घरेलू बाजार में इस बार मार्च 2021 में 1,07,081 दोपहिया वाहन बेचे, जबकि एक साल पहले इसी माह में बिक्री का यह आंकड़ा 1,81,393 था। कंपनी ने कहा कि इस दौरान घरेलू बाजार में उसके वाणिज्यिक वाहनों की बिक्री 15 प्रतिशत बढ़कर 19,671 रही, जबकि एक वर्ष पूर्व इसी अवधि में यह संख्या 17,158 वाहनों की थी। इस बार मार्च में 21,193 वाणिज्यिक वाहनों का निर्यात किया, जो मार्च 2021 की तुलना में चार प्रतिशत कम है।

### सोने में 50 रुपये की गिरावट, चांदी 187 रुपये चढ़ी

**नयी दिल्ली।** रुपये के मूल्य में सुधार आने के बीच दिल्ली सर्राफा बाजार में सोमवार को सोना 50 रुपये की गिरावट के साथ 51,483 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ। एचडीएफसी सिक्योरिटीज ने यह जानकारी दी। इससे पिछले कारोबारी सत्र में सोना 51,533 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में सोमवार को डॉलर के मुकाबले रुपया 19 पैसे की तेजी के साथ 75.55 प्रति डॉलर पर बंद हुआ। इसके रुख के उलट चांदी की कीमत 187 रुपये की बढ़त के साथ 66,827 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुआ। पिछले कारोबारी सत्र में चांदी 66,640 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के शोध विश्लेषक (जिंस) तपन पटेल ने कहा, ''वैश्विक बाजारों में सोने की कीमत में तेजी के बावजूद रुपये के मूल्य में सुधार होने के कारण दिल्ली में 24 कैरट सोने के हाजिर भाव में 50 रुपये प्रति 10 ग्राम की गिरावट आई।'' उन्होंने कहा कि न्यूयॉर्क स्थित जिंस एक्सचेंज कॉमेक्स में सोने का हाजिर भाव तेजी के साथ 1,930 डॉलर प्रति औंस था।

### फ्रैंकलिन टेंपलटन की छह बंद योजनाओं के पास 231 करोड़ रुपये की नकदी: सप्रे

नयी दिल्ली। फ्रैंकलिन टेंपलटन म्यूचुअल फंड ने सोमवार को कहा कि उसकी छह बंद हो चुकीं ऋण योजनाओं के पास यूनिटधारकों को बांटने के लिए 231.13 करोड़ रुपये की नकदी उपलब्ध है। अभी तक इस म्यूचुअल फंड कंपनी ने इन छह योजनाओं के तहत 26,098 करोड़ रुपये वितरित किए हैं, जो प्रबंधन के तहत परिसंपत्तियों (एयूएम) का 103.50 प्रतिशत है। फ्रैंकलिन टेंपलटन ने 23 अप्रैल, 2020 में इन योजनाओं को बंद कर दिया था। फ्रैंकलिन टेंपलटन एसेट मैनेजमेंट इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के अध्यक्ष संजय सप्रे ने एक पत्र में निवेशकों को भरोसा दिलाने की कोशिश की है। उन्होंने कहा कि छह में से पांच योजनाओं के एयूएम कर 100 प्रतिशत से अधिक लौटाया जा चुका है। उन्होंने कहा कि बाकी प्रतिभूतियों को भुनाने की कोशिश बदस्तूर जारी है और एएमसी अदालत से नियुक्त परिसमापक की तरफ से चलाई जा रही मौद्रीकरण प्रक्रिया को समर्थन देना जारी रखे हुए है। सप्रे ने कहा, ''हमने निवेशकों के हित में चूक करने वाले जारीकर्ताओं या अलग-अलग पोर्टफोलियो में रखी गई प्रतिभूतियों से वसूली के लिए सभी कोशिशें जारी रखी हैं। इन योजनाओं के पास 31 मार्च, 2022 तक 231.13 करोड़ रुपये की नकदी थी।''

### महिंद्रा इलेक्ट्रिक मोबिलिटी ने अल्फा ब्रांड का सीएनजी संस्करण उतारा

नयी दिल्ली। महिंद्रा समूह की कंपनी महिंद्रा इलेक्ट्रिक मोबिलिटी लिमिटेड ने सोमवार को अपने अल्फा ब्रांड का नया सीएनजी यात्री और कार्गो संस्करण पेश किया जिसकी लखनऊ में शोरूम कीमत 2.57 लाख रुपये से शुरू है। महिंद्रा एंड महिंद्रा ने शेयर बाजार को बताया कि नए अल्फा यात्री डीएक्स बीएस-6 सीएनजी संस्करण की लखनऊ में शोरूम कीमत 2.57 लाख रुपये और अल्फा लोड प्लस की कीमत 2,57,800 रुपये रखी गई है। यह गाड़ी उत्तर प्रदेश, आंध्र प्रदेश, कर्नाटक, तेलंगाना, राजस्थान, महाराष्ट्र, गुजरात, दिल्ली, बिहार, झारखंड, केरल और मध्य प्रदेश में महिंद्रा डीलरशिप पर उपलब्ध होंगी। महिंद्रा इलेक्ट्रिक मोबिलिटी के मुख्य कार्यकारी सुमन मिश्रा ने कहा कि नए अल्फा सीएनजी कार्गो और यात्री वाहन की पेशकश के साथ कंपनी अपने ग्राहकों को इलेक्ट्रिक, डीजल और सीएनजी सहित हर तरह के विकल्पों की पेशकश कर रही है।

### बीते वित्त वर्ष में बैंक ऑफ महाराष्ट्र का अग्रिम 27 प्रतिशत बढ़कर 1.36 लाख करोड़ रुपये पर

नयी दिल्ली। सार्वजनिक क्षेत्र के ऋणदाता बैंक ऑफ महाराष्ट्र (बीओएम) का ऋण या अग्रिम बीते वित्त वर्ष 2021-22 में 27 प्रतिशत बढ़कर 1,36,733 करोड़ रुपये पर और जमा 16 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 2,02,641 करोड़ रुपये पर पहुंच गई। बैंक ने सोमवार को यह जानकारी दी है। बैंक की तरफ से जारी ताजा अस्थायी आंकड़ों के अनुसार, वित्त वर्ष 2020-21 में बैंक का सकल अग्रिम 1,07,654 करोड़ रुपये और जमा 1,74,006 करोड़ रुपये थी। पुणे स्थित बैंक द्वारा शेयर बाजारों को भेजी गई सूचना में कहा गया है कि 31 मार्च, 2022 तक सालाना आधार पर उसका कुल कारोबार 20.49 प्रतिशत बढ़कर 3,39,374 करोड़ रुपये हो गया। एक साल पहले यह 2,81,660 करोड़ रुपये था। इस बीच, निजी क्षेत्र के ऋणदाता आईडीएफसी फर्स्ट बैंक ने कहा कि वित्त वर्ष 2021-22 के अंत में उसकी कुल जमा 12.6 प्रतिशत बढ़कर 93,138 करोड़ रुपये हो गई। साथ ही उसकी सकल वित्तपोषित परिसंपत्तियां 12.8 प्रतिशत बढ़कर 1,32,067 करोड़ रुपये रहीं।

### असम के डिब्रूगढ़ को अरुणाचल के पांच शहरों से जोड़ेगी एलायंस एयर

डिब्रूगढ़। क्षेत्रीय विमानन सेवा प्रदाता कंपनी एलायंस एयर जल्द ही असम के डिब्रूगढ़ जिले से अरुणाचल प्रदेश के पांच शहरों को जोड़ने वाली उड़ान सेवाएं शुरू करेगी। एलायंस एयर के डिब्रूगढ़ स्टेशन प्रबंधक नरसिंह राव मीसाला ने सोमवार को कहा कि पहले चरण में उड़ान सेवाएं डिब्रूगढ़-पासीघाट, डिब्रूगढ़-तेजू और डिब्रूगढ़-ज़िरो के बीच शुरू होंगी। उन्होंने बताया कि विमानों की उपलब्धता के आधार पर अगले चरण में डिब्रूगढ़-तूतिंग और डिब्रूगढ़-मेचुका के बीच भी उड़ान सेवाएं शुरू की जाएंगी। हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) ने केंद्र सरकार की क्षेत्रीय संपर्क योजना उड़ान के तहत दो 17 सीटर डोर्नियर डीओ-228 विमानों को पट्टे पर देने के लिए एलायंस एयर के साथ एक समझौता भी किया है। मीसाला ने बताया कि नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया और अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री पेमा खांडू 12 अप्रैल को पहली उड़ान का उद्घघाटन कर सकते हैं।

### एलन मस्क ने ट्विटर की 9.2 प्रतिशत हिस्सेदारी खरीदी

सान फ्रांसिस्को। अपने ट्वीट के लिए चर्चा में रहने वाले टेस्ला के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) एलन मस्क ने सोशल मीडिया कंपनी ट्विटर की 9.2 प्रतिशत हिस्सेदारी खरीद ली है। सोमवार को जारी एक नियामकीय सूचना के अनुसार, मस्क ने ट्विटर के लगभग 7.35 करोड़ शेयर खरीदे हैं। मस्क की ट्विटर में इस हिस्सेदारी को निष्क्रिय निवेश माना जा रहा है। इसका मतलब है कि वह दीर्घावधि के लिए निवेशक बने रहना चाहते हैं। सोशल मीडिया कंपनी में यह हिस्सेदारी खरीदने के साथ सोमवार को ट्विटर का शेयर 25 प्रतिशत से अधिक उछल गया।

# भारत के निर्यात में 43 प्रतिशत का जबरदस्त उछाल, व्यापार घाटा भी बढ़ा

नयी दिल्ली। भारत ने गत 31 मार्च को समाप्त हुए वित्त वर्ष 2021-22 में 43.18 प्रतिशत के जोरदार उछाल के साथ कुल 417.81 अरब डालर की वाणिज्यिक वस्तुओं का निर्यात किया है। यह जानकारी वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय की एक विज्ञप्ति में सोमवार को दी गयी।

वर्ष 2020-21 में निर्यात 291.81 अरब डालर था।

पिछले वित्त वर्ष के आखिरी माह मार्च 2022 में निर्यात 14.53 प्रतिशत वृद्धि के साथ 40.38 अरब डालर रहा, जो अबतक किसी माह का सर्वाधिक निर्यात है। पिछले साल इसी माह निर्यात 35.26 अरब डालर के बराबर था।

वर्ष 2021-22 (अप्रैल-मार्च) के दौरान भारत का वाणिज्यिक वस्तुओं का आयात 610.22 अरब डालर रहा। यह एक साल पहले के वार्षिक 394.44 अरब डालर के आयात की तुलना में 54.71 प्रतिशत अधिक है। मार्च 2022 में आयात 59.07 अरब डालर का रहा जो मार्च 2021 के 48.90 अरब डालर की तुलना में 20.79 प्रतिशत ऊंचा है।

मार्च 2022 में व्यापार घाटा 36.97 प्रतिशत बढ़कर 18.69 अरब डालर रहा। पिछले वर्ष मार्च में व्यापार घाटा 13.64 अरब डालर था। गत वित्त वर्ष (अप्रैल-मार्च 2021-22) के दौरान व्यापार घाटा 192.41 अरब डालर के बराबर रहा जो 2020-21 के 102.63 अरब डालर की तुलना में 87.49 अरब डालर की वृद्धि दर्शाता है।

मार्च 2022 में गैर पेट्रोलियम निर्यात 33 अरब डालर के बराबर रहा जो मार्च 2021 के 31.65 अरब डालर के गैर पेट्रोलियम निर्यात की तुलना में 4.28 प्रतिशत अधिक है। इसी तरह आलोच्य माह में गैर पेट्रोलियम आयात 40.66 अरब डालर का रहा जो एक साल पहले के 38.63 अरब डालर से 5.26 प्रतिशत अधिक है।

अप्रैल-मार्च 2021-22 में गैर पेट्रोलियम वस्तुओं का कुल निर्यात 352.76 अरब डालर रहा जो इससे पिछले वर्ष के 266 अरब डालर की तुलना 32.62 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है।



इसी तरह गैर पेट्रोलियम आयात 2021-22 में सालाना आधार पर 44.2 प्रतिशत बढ़कर 449.54 अरब डालर के बराबर रहा। इससे पिछले वित्त वर्ष 2020-21 में यह आयात 311.75 अरब डालर के बराबर था।

अप्रैल-मार्च, 2021-22 के दौरान इंजीनियरिंग उत्पादों के निर्यात में 45.5 प्रतिशत पेट्रोलियम उत्पाद में 152 प्रतिशत, रत्न एवं आभूषण में 49.7 प्रतिशत, कार्बनिक एवं अकार्बनिक रसायन 32 प्रतिशत, औषधि 0.13 प्रतिशत, हर तरह के सिले कपड़े 30 प्रतिशत, इलेक्ट्रोनिक के समान 40.5 प्रतिशत, सूती धागा कपड़ा परिधान और हैंडलूम उत्पाद 55 प्रतिशत, प्लास्टिक एवं लिनॉलियम 31 प्रतिशत और चावल के निर्यात में नौ प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गयी।

निर्यातकों के शीर्ष संगठन फेडरेशन ऑफ इंडियन एक्सपोर्ट ऑर्गेनाइजेशन (फियो) के अध्यक्ष डॉ के. शक्तिवेल ने एक बयान में कहा कि मार्च 2022 में 40 अरब डालर से अधिक का निर्यात भारत के निर्यात क्षेत्र की मजबूती को फिर दर्शाता है। उन्होंने कहा कि पिछले वित्त वर्ष में हर माह वाणिज्यिक निर्यात 30 अरब डालर से ऊपर रहा और हमने वर्ष के दौरान 418 अरब डालर के निर्यात का एक उल्लेखनीय आंकड़ा दर्ज किया है। इससे पिछले वर्ष की तुलना में वाणिज्य निर्यात में 130 अरब डालर की वृद्धि दर्ज की गयी है।

डॉ. शक्तिवेल ने इसके लिए निर्यातक समुदाय के प्रयासों की सराहना करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री का दृष्टिकोण और देश के निर्यातकों के प्रति उनका भरोसा सराहनीय है।

मोदी ने निर्यातकों में अपने आह्वान से एक उत्साह भरा और उसका परिणाम निर्यात में उल्लेखनीय वृद्धि के रूप में सामने है।

उन्होंने चुनौतियों से भरे में निर्यातकों पर भरोसा रखने के लिए वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण और वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल का भी आभार व्यक्त किया।

भारतीय इंजिनियरिंग निर्यात संवर्धन परिषद (ईईपीसी) के चेयरमैन महेश देसाई ने एक बयान में कहा कि वित्त वर्ष 2021-22 में भारत से इंजीनियरिंग वस्तुओं का निर्यात 111 अरब डालर के बराबर रहा और चालू वित्त वर्ष में भी इस क्षेत्र के निर्यात में तेजी बनी रहने की उम्मीद है। लेकिन उन्होंने यह भी कहा कि जिंस की कीमतों में उतार-चढ़ाव, आपूर्ति श्रृंखला में बाधाओं और विश्व की राजनीतिक व्यवस्था में संभावित बदलाव से निश्चित रूप से व्यापार और अर्थव्यवस्था पर असर पडेगा।

श्री देसाई पिछले कुछ सप्ताह में कुछ प्रमुख क्रेडिट रेटिंग एजेंसियों द्वारा भारत की आर्थिक वृद्धि के अनुमानों को घटाए जाने का उल्लेख करते हुए कहा, परिणाम जरूर होगा लेकिन इसके गहरा होने की संभावना नहीं है। उन्होंने कहा कि संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) और ऑस्ट्रेलिया के साथ हुए मुक्त व्यापार समझौतों (एफटीए) और अन्य देशों के प्रस्तावित इस तरह के समझौतों से भारत के निर्यात में तेजी आएगी।

# एचडीएफसी और एचडीएफसी बैंक के विलय की घोषणा से शेयर बाजार ने भरी उड़ान

एजेंसी

**मुंबई।** वैश्विक बाजार की तेजी के साथ ही स्थानीय स्तर पर देश के सबसे बड़े निजी बैंक एचडीएफसी बैंक और एचडीएफसी के विलय की घोषणा से उत्साहित निवेशकों की चौतरफा लिवाली की बदौलत शेयर बाजार आज दो प्रतिशत से अधिक की उछाल लेकर ढाई महीने के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया।



घोषणा के बाद एचडीएफसी बैंक 10 प्रतिशत और एचडीएफसी की नौ प्रतिशत की तेजी समेत 28 कंपनियों के शेयरों में हुई जबरदस्त लिवाली से बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 1335.05 अंक यानी 2.25 प्रतिशत की छलांग लगाकर ढाई महीने के उच्चतम स्तर 60 हजार अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर के पार 60611.74 अंक पर रहा। इससे पूर्व सेंसेक्स इस वर्ष 19 जनवरी को 60098.82 अंक पर रहा था।

इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी भी 382.95 अंक अर्थात 2.17 प्रतिशत की उछाल लेकर 18 हजार अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर के पार 18053.40 अंक पर रहा। दिग्गज कंपनियों की तरह छोटी और मझौली कंपनियों में भी हुई लिवाली से बीएसई का मिडकैप 1.27 प्रतिशत चढ़कर 24,754.58 अंक और स्मॉलकैप 1.68 प्रतिशत की तेजी लेकर 29,182.42 अंक पर रहा।

इस दौरान बीएसई में कुल 3672 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2681 में लिवाली जबकि 848 में बिकवाली हुई वहीं 143 शेयरों के भाव स्थिर रहे। इसी तरह एनएसई में 46 कंपनियों के शेयर हरे जबकि चार लाल निशान पर रहे।

बीएसई के सभी 19 समूहों में लिवाली दर्ज की गई। इस दौरान वित्त समूह सबसे अधिक 4.25 प्रतिशत की बढ़त पर रहे। इसी तरह बैंकिंग 3.45, पावर 3.00, धातु 2.04, यूटिलिटीज 2.93, बेसिक मैटेरियल्स 1.58, सीडीजीएस 1.00, ऊर्जा 1.25, एफएमसीजी 1.25, हेल्थकेयर 1.48, इंडस्ट्रियल्स 1.66, दूरसंचार 1.50, ऑटो 1.11, कैपिटल गुड्स 1.79 और तेल एवं गैस समूह के शेयर 1.47 प्रतिशत तक चढ़े।

वैश्विक बाजार में तेजी का रुख रहा। इस दौरान ब्रिटेन का एफटीएसई 0.19, जर्मनी का डैक्स 0.16, जापान का निक्केई 0.25, हांगकांग का हैंगसैंग 2.10 और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.94 प्रतिशत मजबूत रहा।

शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स 487 अंक की तेजी के साथ 59,764.13 अंक पर खुला और दमदार लिवाली की बदौलत दोपहर से पूर्व यह 60,845.10 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। हालांकि कारोबार के दौरान यह 59,760.22 अंक के निचले स्तर पर भी रहा। अंत में पिछले दिवस के 59,276.69 अंक की तुलना में 2.25 प्रतिशत की मजबूती के साथ 60,611.74 अंक पर रहा।

निफ्टी ने भी मजबूत शुरुआत की और 139 अंक चढ़कर 17,809.10 अंक पर खुला। सत्र के दौरान यह 18,114.65 अंक के उच्चतम जबकि 17,791.40 अंक के निचले स्तर पर भी रहा। अंत में पिछले सत्र के 17,670.45 अंक के मुकाबले 2.17 प्रतिशत की तेजी लेकर 18,053.40 अंक पर रहा।

इस दौरान इंफोसिस 1.05 और टाइटन की 0.20 प्रतिशत की गिरावट को छोड़कर शेष 28 कंपनियों के शेयरों के भाव चढ़े। एचडीएफसी बैंक 9.97, एचडीएफसी 9.30, कोटक बैंक 3.32, हिंदुस्तान यूनीलीवर 2.24, एलटी 1.95, इंडसइंड बैंक 1.94, सन फार्मा 1.79, टाटा स्टील 1.77, एचसीएल टेक 1.58, नेसले इंडिया 1.35, आईसीआईसीआई बैंक 1.35, एक्सिस बैंक 1.19 और भारती एयरटेल ने 1.19 प्रतिशत का मुनाफा कमाया। इनके अलावा शेष अन्य कंपनियों के शेयरों में 0.08 से 1.18 प्रतिशत तक की तेजी रही।

# खाद्य तेलों में टिकाव; गुड़-चीनी महंगी

एजेंसी

नई दिल्ली। वैश्विक बाजार के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर उठाव सुस्त रहने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा वहीं गुड़ और चीनी महंगी हो गई।

तेल-तिलहन : वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का अप्रैल वायदा 12 रिंगिट बढ़कर 6375 रिंगिट प्रति टन पर आ गया। वहीं, अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.03 सेंट गिरकर 71.17 सेंट प्रति पौंड बोला गया।

स्थानीय स्तर पर उठाव सुस्त रहने से खाद्य तेलों में टिकाव रहा। इस दौरान सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ और वे पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर पड़े रहे।

गुड़-चीनी : मीठे के बाजार में तेजी रही। इस दौरान चीनी 30 रुपये और गुड़ के दाम 100 रुपये प्रति क्विंटल चढ़ गये।

दाल-दलहन : दाल-दलहन के बाजार में स्थिरता रही। चना दाल, चना, मूंग दाल, अरहर दाल, मसूर दाल और उड़द दाल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ।

अनाज : अनाज मंडी में मिलाजुला रुख रहा। इस दौरान गेहूं 50 रुपये प्रति क्विंटल सस्ता हो गया जबकि चावल के भाव स्थिर रहे।

सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के थोक दाम इस प्रकार रहे —

दाल-दलहन : चना 4800-4900, दाल चना 5800-5900, मसूर काली 8600-8700, मूंग दाल 9000-9100, उड़द दाल 9500-9600, अरहर दाल 8200-8300 रुपये प्रति क्विंटल रहे।

अनाज : (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2300-2400 रुपये और चावल = 2550-2650 रुपये प्रति क्विंटल रहा।

चीनी-गुड़ : चीनी एस 3570-3670, चीनी एम. 3680-3780, मिल डिलीवरी 3450-3550 और गुड़ 3200-3300 रुपये प्रति क्विंटल बोले गये।

खाद्य तेल: सरसों तेल 18901 रुपये, मूंगफली तेल 19780 रुपये, सूरजमुखी तेल 19267 रुपये, सोया रिफाइंड 17875 रुपये, पाम ऑयल 16116 रुपये और वनस्पति तेल 16849 रुपये प्रति क्विंटल पर रहा है।

# डॉलर के मुकाबले रुपया 19 पैसे की बढ़त के साथ 75.55 प्रति डॉलर पर

एजेंसी

मुंबई। घरेलू शेयर बाजारों में मजबूती के रुख के बीच नये वित्त वर्ष में रुपये की मजबूत शुरुआत हुई। विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में सोमवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया 19 पैसे की तेजी के साथ 75.55 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर पहुंच गया।

अंतरबैंक विदेशीमुद्रा विनिमय बाजार में अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया 75.77 प्रति डॉलर पर खुला। कारोबार के दौरान रुपये ने 75.42 रुपये के उच्चतम स्तर और 75.79 रुपये के निचले स्तर को छुआ।

कारोबार के अंत में रुपया अपने पिछले बंद भाव के मुकाबले 19 पैसे की तेजी के साथ 75.55 रुपये प्रति डॉलर पर बंद हुआ। वित्त वर्ष 2021-22 के आखिरी कारोबारी सत्र में बृहस्पतिवार को रुपया 16 पैसे का लाभ दर्शाता 75.74 प्रति डॉलर पर बंद हुआ था।

दिल्ली में सामाजिक न्याय का प्रतीक अन्ना-कलैगनार अरिवलयम, जानें क्या है खासियत

कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों और डॉलर के मजबूत रहने के कारण बीते वित्त वर्ष में रुपये में 3.61 प्रतिशत या 264 पैसे की गिरावट दर्ज हुई थी। बैंकों की वार्षिक लेखाबंदी के कारण शुक्रवार को विदेशीमुद्रा विनिमय बाजार बंद था।

इस बीच, छह प्रमुख मुद्राओं की तुलना में डॉलर की स्थिति दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.12 प्रतिशत की तेजी के साथ 98.75 हो गया।

वैश्विक मानक ब्रेंट क्रूड वायदा 1.07 प्रतिशत की गिरावट के साथ 103.27 डॉलर प्रति बैरल रह गया।

# पेट्रोल-डीजल के दामों में वृद्धि

एजेंसी

नयी दिल्ली। देश में तेल विपणन करने वाली कंपनियों ने पेट्रोल-डीजल के दामों में सोमवार को फिर बढ़ोत्तरी कर दी। बीते 14 दिनों में तेल कंपनियां ने 12वें दिन ईंधन के दाम बढ़ाए हैं।

राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में आज पेट्रोल-डीजल के दामों में 40-40 पैसे प्रति लीटर की बढ़ोत्तरी की गयी। इस वृद्धि के बाद दिल्ली में पेट्रोल 103.81 रुपये प्रति लीटर और डीजल के 95.07 रुपये प्रति लीटर के दाम से बिक रहा है।

वहीं, मुंबई में आज हुयी वृद्धि के साथ पेट्रोल की कीमत 118.83 रुपए प्रति लीटर और डीजल के दाम 103.07 रुपये प्रति लीटर पर है।

रूस के यूक्रेन पर हमला करने के कारण वैश्विक स्तर पर तेल और प्राकृतिक गैस की आपूर्ति बाधित होने की आशंका में इनकी कीमतों में उछाल आया है।

वैश्विक स्तर पर भले ही कच्चे तेल के दाम 100 डालर प्रति बैरल के करीब आ गए हैं लेकिन देश में पेट्रोल-डीजल की कीमतों में उछाल जारी है।

देश में पेट्रोल-डीजल की कीमतें 137 दिनों की स्थिरता के बाद 22 मार्च 2022 से बढ़नी शुरू हुई हैं। कंपनियों ने 24 मार्च और 01 अप्रैल को छोड़कर हर दिन पेट्रोल-डीजल के दाम बढ़ाए हैं।

**देश के चार बड़े महानगरों में पेट्रोल और डीजल के दाम**

| महानगर | पेट्रोल | डीजल (रुपये प्रति लीटर) |
|---|---|---|
| दिल्ली | 103.81 | 95.07 |
| कोलकाता | 113.45 | 98.22 |
| मुंबई | 118.83 | 103.07 |
| चेन्नई | 109.34 | 99.42 |

# संयुक्त अरब अमीरात ने अत्याधुनिक कृषि-तकनीकी समाधानों को आकर्षित करने के लिए यूएस 2 मिलियन राशि के FoodTech Challenge की घोषणा की

दुबई। पारम्परिक कृषि प्रथाओं को कुशलतापूर्वक और स्थायी रूप से बदलने के लिए प्रौद्योगिकी नवोन्मेषों की अगली लहर ढूंढने को लक्षित FoodTech Challenge के दूसरे संस्करण, जिसे एक्सपो 2020 दुबई में लॉन्च किया गया, ने आज प्रतियोगिता की कुल पुरस्कार राशि यूएस 2 मिलियन का खुलासा किया।

अंतरराष्ट्रीय विश्वविद्यालय-आधारित अनुसंधान टीमों से लेकर व्यक्तिगत उद्यमियों और छोटी फर्मों तक के शुरुआती चरण के स्टार्ट-अप पर लक्षित, प्रतियोगिता इन दो महत्वपूर्ण ट्रैक से संबंधित नवोन्मेषों को आमंत्रित करती है: भोजन की उपलब्धता और प्रचुरता का समाधान करने के लिए खाद्य उत्पादन व पूरी खाद्य आपूर्ति श्रृंखला तथा पूरी दुनिया में अधिक व्यापक रूप से स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए अगली पीढ़ी के पोषक तत्वों से भरपूर विकल्पों व खाद्य नुकसान और अपशिष्ट का अन्वेषण।

यूएस 22 मिलियन तक के कुल पुरस्कार के साथ, विजेताओं को संयुक्त अरब अमीरात के भीतर अपने व्यावसायिक मॉडल का विस्तार करने का अवसर प्रदान किया जाएगा, जो अनुसंधान व विकास, स्टार्ट-अप एक्सीलरेशन, वाणिज्यिक प्रोत्साहन और जीतने वाली अवधारणाओं को प्रयोगशाला से बाजार तक ले जाने के लिए मेंटरशिप से समर्थित होगा। कृषि-तकनीक केंद्रित देशों पर प्राथमिकता के साथ, दुनिया भर से आवेदन करने को प्रोत्साहित किया जाता है।

FoodTech Challenge का आयोजन यूएई के जलवायु परिवर्तन और पर्यावरण मंत्रालय और अबू धाबी की यूनिट Tamkeen द्वारा




किया जाता है, जो यूएई के सामाजिक, सांस्कृतिक और शैक्षिक परिदृश्य को समृद्ध करने वाली परियोजनाओं को वितरित करने के लिए प्रमुख स्थानीय और अंतर्राष्ट्रीय संस्थानों के साथ साझेदारी करता है। प्रतियोगिता के इस संस्करण के लिए, वे उन्नत प्रौद्योगिकी अनुसंधान परिषद के कार्यक्रम प्रबंधन स्तंभ, ASPIRE से जुड़े हुए हैं, जो अबू धाबी और व्यापक संयुक्त अरब अमीरात के लिए प्रौद्योगिकी से संबंधित अनुसंधान व विकास की देखरेख करता है। प्रत्येक ट्रैक को स्थानीय चैम्पियन द्वारा भी समर्थन दिया जा रहा है, जिसमें ADQ और Silal खाद्य उत्पादन बढ़ाने के लिए ट्रैक पार्टनर हैं, और अमीरात फाउंडेशन खाद्य नुकसान और अपशिष्ट को कम करने के लिए ट्रैक पार्टनर है।

जलवायु परिवर्तन और पर्यावरण मंत्री, महामहिम मरियम अलमहेरी ने लॉन्च पर टिप्पणी करते हुए कहा: खाद्य सुरक्षा का महत्व इतना अधिक कभी भी प्रासंगिक नहीं रहा, जैसा कि हम जानते हैं कि आपूर्ति श्रृंखला चुनौतियां और जलवायु परिवर्तन पूरी दुनिया को बाधित कर रहा है। हम पर भविष्य के लिए भोजन पर पुनर्विचार करने, लचीली कृषि पद्धतियों पर पुनर्विचार करने और ऐसा करने में सर्वोत्तम तकनीकी प्रगति का लाभ उठाने का दबाव है। FoodTech Challenge हमें कुछ ऐसे समाधानों को खोजने के करीब लाता है, यह स्वीकार करते हुए कि हमारी साझा चुनौतियों का समाधान करने में नवोन्मेष की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। Tamkeen की अध्यक्ष रीमा अल मोकारब ने कहा: 'यूएई की दीर्घकालिक और दूरगामी खाद्य सुरक्षा महत्वाकांक्षाओं के समाधान के लिए साहसिक दृष्टिकोण की आवश्यकता है जो रचनात्मक विचारों, नए मॉडल और वैश्विक कृषि-तकनीक पारिस्थितिकी तंत्र के साथ व्यापक समन्वय को बढ़ावा दे। FoodTech Challenge बहु-क्षेत्रीय भागीदारों के एक शक्तिशाली समूह को एक साथ लाता है जो प्रगति को आगे बढ़ाते हैं – संयुक्त अरब अमीरात में यहां पनपने के लिए स्थायी, प्रौद्योगिकी-संचालित, व्यावसायिक रूप से व्यवहार्य समाधानों का समर्थन करते हुए।

सफल प्रौद्योगिकियों पर फोकस के साथ, ATRC के महासचिव, महामहिम फैसल अल बन्नई ने कहा जब समाज के कुछ सबसे महत्वपूर्ण समस्याओं के समाधान खोजने में मदद करने के लिए नवोन्मेष और अत्याधुनिक तकनीक की शक्ति का उपयोग करने की बात आती है तो यूएई अभी दुनिया के सबसे रोमांचक स्थानों में से एक है। FoodTech Challenge इसका एक और शानदार उदाहरण है क्योंकि यूएई दुनिया के सबसे प्रतिभाशाली लोगों की मेजबानी कर रहा है जबकि वे कृषि-तकनीक में सहयोग, अन्वेषण व सीमाओं से परे जाने के लिए एकसाथ आते हैं। प्रतियोगिता को अबू धाबी ग्लोबल मार्केट, अबू धाबी रेजिडेंट्स ऑफिस, द कैटालिस्ट एक्सेलेरेटर और खलीफा फंड फॉर एंटरप्राइज डेवलपमेंट का भी समर्थन प्राप्त है।

## शार्ट न्यूज

### फिट इंडिया क्विज स्टेट के विजेताओं की घोषणा, विजेता अब राष्ट्रीय खिताब के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगे

नयी दिल्ली। फिट इंडिया क्विज स्टेट राउंड के 36 विजेताओं का चयन कर लिया गया है और अब वे आगामी राष्ट्रीय राउंड में अपने संबंधित राज्य और केंद्र शासित प्रदेशों का प्रतिनिधित्व करेंगे। फरवरी और मार्च के महीने में हुए फिट इंडिया क्विज स्टेट के फाइनल में योग्यता प्राप्त 359 स्कूलों की भागीदारी देखी गई और उन्होंने अपने संबंधित राज्य का चैंपियन बनने के लिए प्रतिस्पर्धा की। प्रत्येक राज्य चैंपियन को 2.75 लाख रुपये (प्रतिभागियों और उनके स्कूल के लिए 25 हजार + 2.5 लाख रुपये) के नकद पुरस्कार से सम्मानित किया गया है और अब आगामी फिट इंडिया क्विज़ नेशनल राउंड में वे अपने-अपने राज्यों का प्रतिनिधित्व करेंगे। प्रत्येक स्टेट फाइनल के पहले और दूसरे उपविजेता को क्रमश: 1.1 लाख रुपये (10 हजार + 1 लाख रुपये) और 55,000 रुपये (5 हजार + 50 हजार रुपये) के नकद पुरस्कार दिए गए और वे अपने-अपने राज्य में दूसरे और तीसरे स्थान पर रहे। 36 स्कूल टीमें (प्रत्येक राज्य और/या केंद्र शासित प्रदेश से विजेता) अब राष्ट्रीय दौर में जाएंगी जो राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में होगी और इसका प्रसारण स्टार स्पोर्ट्स और कई सोशल मीडिया चैनलों पर पर किया जाएगा।

### महमूद ने आईसीसी से की तटस्थ अंपायरों की वापसी की मांग

ढाका। बंगलादेश क्रिकेट टीम के निदेशक खालिद महमूद ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ यहां किंग्समीड में सोमवार को संपन्न पहले टेस्ट के चौथे दिन रविवार को कई अनुचित फैसलों के बाद अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में तटस्थ अंपायरों की मांग की है। उल्लेखनीय है कि कोरोना महामारी के प्रकोप के बाद आईसीसी ने अंतरराष्ट्रीय मैचों के लिए मेजबान देशों के अंपायरों का इस्तेमाल करने का निर्णय लिया था, हालांकि बंगलादेश और दक्षिण अफ्रीका के बीच पहले टेस्ट मैच के चौथे दिन रविवार को अंपायरों के फैसले खेल समाप्ति के बाद चर्चा का विषय बन गए, क्योंकि कई फैसले बंगलादेश के खिलाफ गए। दोनों ऑन-फील्ड अंपायरों एड्रियन थॉमस होल्डस्टॉक और उनके वरिष्ठ साथी मरायस इरास्मस को चौथे दिन के खेल के दौरान सात बार डीआरएस के चलते अपने फैसले बदलने पड़े थे। महमूद ने खेल समाप्ति के बाद इस बारे में पत्रकारों से कहा, मुझे लगता है कि टेस्ट मैच के पीछे अंपायर बड़ी भूमिका निभाते हैं और बहुत कुछ उनके फैसलों पर निर्भर करता है। सुबह से सभी ने अंपायरिंग देखी है और इसमें छिपाने के लिए कुछ नहीं है। कुछ फैसले हमारे खिलाफ गए और अगर ऐसा नहीं होता तो हम 270 के बजाय 180 का पीछा कर रहे होते।

### ऑरेंज कैप की दौड़ में बराबरी पर जॉस बटलर और इशान किशन

मुम्बई। अपने पहले दो मैचों में राजस्थान रॉयल्स के जॉस बटलर और मुंबई इंडियंस के इशान किशन ने 135 रन बनाए हैं। फिलहाल ऑरेंज कैप की दौड़ में दोनों खिलाड़ी बराबरी पर हैं। मुंबई और राजस्थान के बीच हुए मैच में बटलर ने 68 गेंदों में 100 रनों की पारी खेली थी और उसी मैच की दूसरी पारी में किशन ने 43 गेंदों में 54 रनों की पारी खेली थी। किशन ने मुंबई के पहले मैच में भी 48 गेंदों में 81 रनों की पारी खेली थी। हालांकि इन दोनों मैचों में उनकी टीम को हार का सामना करना पड़ा था। इस लिस्ट में 109 रनों के साथ शिवम दुबे तीसरे स्थान पर हैं। वही लियम लिविंगस्टन (98) और आंद्रे रसेल (95) चौथे और पांचवें स्थान पर हैं। सर्वाधिक विकेट के लिए पर्पल कैप के मामले में केकेआर के तेज़ गेंदबाज़ उमेश यादव इस वक़्त आईपीएल 2022 में सबसे ज़्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज़ हैं। उन्होंने 7.37 की औसत से तीन मैचों में 8 विकेट लिए है इसमें से 4 विकेट उन्होंने पंजाब किंग्स के ख़िलाफ़ थे।

### दो बार की विश्व चैंपियनशिप पदक विजेता को हराकर मोनिका सेमीफाइनल में

नयी दिल्ली। भारतीय मुक्केबाज मोनिका ने दो बार की विश्व चैंपियनशिप की पदक विजेता फिलीपींस की जोसी गुबुको को सोमवार को महिला 48 किग्रा वर्ग में हराकर फुकेट में थाईलैंड ओपन अंतर्राष्ट्रीय मुक्केबाजी टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। हरियाणा के रोहतक की 26 वर्षीय मोनिका ने अनुभवी गुबुको को 4-1 के अंतर से हराया। गुबुको ने 2012 और 2018 विश्व चैंपियनशिप में क्रमश: स्वर्ण और कांस्य पदक जीते थे। मोनिका का सेमीफाइनल में वियतनाम की ट्रान डीएम किंयु से मुकाबला होगा जिन्हे पिछले राउंड में बाई मिल गयी थी। भारत के दो अन्य मुक्केबाज आशीष कुमार(81) और मनीषा ने भी थाई प्रतिद्वंद्वियों को हराकर अंतिम चार में जगह बना ली है। इस बीच रेनू (54) और मोनिका (63) का अभियान क्वार्टरफाइनल में हार के साथ समाप्त हो गया।

### इंडियन आर्मी रेड ने 68वीं इंटर सर्विसेज हॉकी चैंपियनशिप जीती

**जालंधर।** जालंधर में कटोच स्टेडियम के एस्ट्रोटर्फ हॉकी ग्राउंड में आज 68वीं इंटर सर्विसेज हॉकी चैंपियनशिप का फाइनल हुआ। इंडियन आर्मी रेड ने भारतीय नौसेना को 4-3 से हराकर खिताब अपने नाम किया। सेना के प्रवक्ता द्वारा सोमवार को यहां जारी विज्ञप्ति में बताया गया कि दोनों टीमों के बीच उच्च तीव्रता की प्रतियोगिता में फॉरवर्ड और गोलकीपरों के बीच गहरी प्रतिस्पर्धा, उत्कृष्ट स्टिक वर्क और अद्वितीय कौशल शामिल थे। वज्र कोर के चीफ ऑफ स्टाफ मेजर जनरल संजय मैनी ने विजेताओं और उपविजेताओं को सम्मानित किया और फाइनल में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए खिलाड़ियों को बधाई दी। उन्होंने सर्विसेज टीम के लिए चुने गए खिलाड़ियों को भी बधाई दी और उन्हें राष्ट्रीय हॉकी चैंपियनशिप में अच्छा प्रदर्शन करने के लिए प्रोत्साहित किया।

### पॉवरप्ले में विकेट गंवाने के बाद वापसी करना मुश्किल था : जडेजा

मुम्बई। पंजाब किंग्स से मिली 54 रन की हार के बाद चेन्नई सुपरतकिंग्स के कप्तान रवींद्र जडेजा ने कहा कि पॉवरप्ले में ज्यादा विकेट गंवाने के बाद वापसी करना मुश्किल था। पंजाब किंग्स ने 20 ओवरों में आठ विकेट पर 180 रन बनाये और चेन्नई को 18 ओवर में 126 रन पर ढेर कर दिया। जडेजा ने मैच के बाद कहा, हमने पावरप्ले में ही विकेट गंवा दिए जिस वजह से गेम में वापसी करना काफ़ी मुश्किल हो गया। लेकिन हम अगले मैचों में ज्यादा मज़बूती के साथ वापसी करेंगे। हमें ऋतुराज का आत्मविश्वास बढ़ाना होगा। शिवम दुबे ने अपनी बल्लेबाज़ी से प्रभावित किया है।

### ध्रुव चौहान की घातक गेंदबाजी से डीसी बाल भवन की शानदार जीत



नयी दिल्ली। मैन ऑफ़ द मैच ध्रुव चौहान की शानदार गेंदबाजी (4 विकेट 32 रन देकर), अभिषेक सिंह (30 रन और 2/19), मुकुल यादव (54) और मधुर उपाध्याय (32 रन) के शानदार खेल की मदद से बाल भवन ग्राउंड में खेले जा रहे तीसरे फ्रेंडशिप क्रिकेट टूर्नामेंट में डी सी बाल भवन ने बाल भवन द्वारका को चार रनों से हरा दिया। डीसी बाल भवन 219 रनों पर आल आउट हो गई। लक्ष्य का पीछा करते हुये बाल भवन द्वारका 215 रनों पर आलआउट हो गई और मैच 4 रन से हार गई। हारी हुई टीम की तरफ से अक्षत बिष्ट ने शानदार 68 रन और गर्व कुमार ने 47 रन बनाये पर अपनी टीम को हार से न बचा पाए। शानदार खेल के लिए ध्रुव चौहान को राजेश नागर ने मैन ऑफ़ द मैच पुरस्कार से सम्मानित किया।

# हरमनप्रीत की हैट्रिक से भारत ने इंग्लैंड को 4-3 से हराया



भुवनेश्वर, 04 (वार्ता) उप कप्तान एवं डिफेंडर हरमनप्रीत सिंह की गोलों की हैट्रिक की बदौलत भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने यहां कलिंग स्टेडियम में रविवार को खेले गए 2021-22 एफआईएच प्रो हॉकी लीग मुकाबले में इंग्लैंड को 4-3 से हरा दिया। भारत इस जीत के साथ एफआईएच प्रो लीग अंक तालिका में शीर्ष पर पहुंच गया है।

भारत की इंग्लैंड पर यह लगातार दूसरी जीत है। इससे पहले भारत ने शनिवार को इंग्लैंड को पेनल्टी शूटआउट में 3-2 से हराया था। भारत 10 मैचों में छह जीत, दो मैचों में सीधी हार तथा एक शूटआउट में जीत और एक शूटआउट में हार के साथ 21 अंकों के साथ पहले स्थान पर काबिज है, जबकि जर्मनी 17 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर है, जिसने 2021-22 पुरुष एफआईएच प्रो हॉकी लीग में अब तक आठ मैच खेले हैं, जिसमें से उसने पांच में सीधी जीत और एक में शूटआउट से जीत हासिल की है, जबकि दो मैच हारे हैं।

भारत और इंग्लैंड के बीच कांटे का मुकाबला रहा। इंग्लैंड ने शनिवार की तरह इस मैच में भी सातवें मिनट में गोल करके शुरुआती बढ़त बना ली, लेकिन कप्तान मनप्रीत सिंह ने 15वें मिनट में मिले एक मिनट के अतिरिक्त समय में पेनल्टी कार्नर को गोल में तब्दील कर 1-1 की बराबरी के साथ पहला क्वार्टर समाप्त किया और इसके बाद भारत कभी पीछे नहीं रहा। हरमनप्रीत ने गोलों की हैट्रिक करते हुए भारत के लिए 100 गोलों का आंकड़ा पूरा, जबकि इंग्लैंड दो और गोल करने में सक्षम रहा और स्कोर की बराबरी नहीं कर सका और 4-3 से हार गया।

हरमनप्रीत ने दूसरे क्वार्टर में 26वें मिनट में दो शानदार गोल दाग कर बढ़त को 3-1 कर दिया। दूसरे क्वार्टर के शानदार समापन के बाद भारतीय टीम ने तीसरे क्वार्टर में आक्रमण के साथ-साथ डिफेंस पर भी खासा ध्यान दिया, हालांकि इंग्लैंड 39वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर अर्जित करने और इसे गोल में बदलने में कामयाब रहा। भारत ने हालांकि इसका जवाब दिया और हरमनप्रीत के 43वें मिनट में पेनल्टी कार्नर के जरिए हुए गोल से स्कोर को 4-2 किया, लेकिन इंग्लैंड ने क्वार्टर की समाप्ति से ठीक पहले 44वें मिनट में एक और पेनल्टी कॉर्नर हासिल किया और इसे गोल में तब्दील कर 4-3 के स्कोर के साथ तीसरा क्वार्टर खत्म किया। चौथे और आखिरी क्वार्टर में खेल काफी तीव्र रहा। दोनों ओर से कड़ी चुनौती देखने को मिली, लेकिन दोनों ही टीमों के मजबूत डिफेंस के चलते यह क्वार्टर गोल रहित और 4-3 के स्कोर पर समाप्त हुआ। परिणामस्वरूप भारत ने जीत के साथ महत्वपूर्ण तीन अंक प्राप्त किए।

प्लेयर ऑफ द मैच रहे और गोलों की हैट्रिक करने वाले हरमनप्रीत ने अपने प्रदर्शन का श्रेय टीम को देते हुए कहा, भारत के लिए अपने 100वें गोल और हैट्रिक से खुश हूं। यह संभव इसलिए हुआ, क्योंकि हमारी टीम के पास उन कोनों में बेहतरीन विकल्प हैं, इसलिए डिफेंस उस स्थिति में एक खिलाड़ी पर ध्यान केंद्रित नहीं रह सकता। हम जिस दिशा में जा रहे हैं, उससे और टीम में प्रतिभा और विकल्प से खुश हूं।

## न्यूजीलैंड ने नीदरलैंड को 3-0 से किया क्लीन स्वीप

हैमिल्टन। मार्टिन गप्टिल (106) और विल यंग (120) के शानदार शतकों और फिर मैट हेनरी की घातक गेंदबाजी के दम पर न्यूजीलैंड ने सोमवार को यहां तीसरे और आखिरी वनडे मैच में नीदरलैंड को 115 रन से एकतरफा अंदाज में हरा दिया। इसी के साथ न्यूजीलैंड ने वनडे सीरीज को 3-0 से क्लीन स्वीप कर दिया।

मेजबान न्यूजीलैंड ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करते हुए शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों गप्टिल और यंग के शतकों से 50 ओवर में आठ विकेट पर 333 रन का विशाल स्कोर बनाया और फिर मैट हेनरी और अन्य गेंदबाजों की घातक गेंदबाजी की बदौलत नीदरलैंड को 42.3 ओवर में 218 रन पर ऑलआउट कर दिया। यंग को मैच विजयी शतकीय पारी के लिए 'प्लेयर ऑफ द मैच' और सीरीज में दो शतकों समेत कुल 224 रन बनाने के लिए 'प्लेयर ऑफ द सीरीज' पुरस्कार दिया गया।

12 के स्कोर पर पहला विकेट गिरने के बाद गप्टिल और यंग ने टीम को शानदार शुरुआत दी। दोनों बल्लेबाजों ने दूसरे विकेट के लिए 203 रन की विशाल साझेदारी की, जिसने टीम को बड़े स्कोर तक पहुंचाया। गप्टिल ने जहां 11 चौकों और दो छक्कों की मदद से 123 गेंदों पर 106, वहीं यंग ने छह चौकों और चार छक्कों के दम पर 112 गेंदों पर 120 रन बनाए। वहीं गेंदबाजी में हेनरी ने 7.3 ओवर में 36 रन पर चार विकेट लिए।

उनके अलावा डौग ब्रेसवेल ने दो, जबकि ईश सोढ़ी, काइल जैमिसन, माइकल ब्रेसवेल और कॉलिन डी ग्रैंडहोम को एक-एक विकेट मिला। नीदरलैंड की ओर से सलामी बल्लेबाज स्टीफन मायबर्ग ने 13 चौकों और एक छक्के के सहारे 43 गेंदों पर 63 रन की विस्फोटक पारी खेली, जबकि गेंदबाजी में फ्रेड क्लासेन, वैन बीक, क्लेटन फ्लॉइड और आर्यन दत्त ने दो-दो विकेट लिए।

उल्लेखनीय है कि पिछले दो वनडे मैचों में न्यूजीलैंड ने नीदरलैंड को क्रमश: सात विकेट और 118 रन से हराया था।

## लैनिंग 2022 महिला विश्व कप की मोस्ट वैल्यूएबल टीम की कप्तान बनीं



क्राइस्टचर्च। ऑस्ट्रेलियाई महिला क्रिकेट टीम की कप्तान मेग लैनिंग को आईसीसी महिला क्रिकेट विश्व कप 2022 की अपस्टॉक्स मोस्ट वैल्यूएबल टीम की कप्तान बनाया गया है, जिन्होंने शानदार नेतृत्व करते हुए और टूर्नामेंट में 394 रन बनाते हुए अपनी टीम को सातवां विश्व कप खिताब जिताया है।

'प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट' एलिसा हीली समेत चार आस्ट्रेलियाई खिलाड़ी मोस्ट वैल्यूएबल टीम में शामिल हैं। उल्लेखनीय है कि विकेटकीपर बल्लेबाज हीली ने नॉकआउट चरण में दो शतक बनाए थे, जिसमें फाइनल में 170 रन की शानदार पारी शामिल है।

टीम का चयन आईसीसी के इवेंट प्रमुख क्रिस टेटले द्वारा बनाए गए एक पैनल द्वारा किया गया है, जिसमें कमेंटेटर लिसा स्टालेकर, नासिर हुसैन और नताली जर्मनोस तथा पत्रकार आलोक गुप्ता और क्रिस्टी हैविल पैनल शामिल हैं। मोस्ट वैल्यूएबल टीम में ऑस्ट्रेलियाई उप कप्तान राचेल हेन्स भी शामिल हैं, जिन्होंने 497 रन के साथ दूसरे सर्वाधिक रन स्कोरर के रूप में टूर्नामेंट समाप्त किया है। वहीं बेथ मूनी को 110 के औसत से 330 रन बनाने के चलते छठे खिलाड़ी के तौर पर चुना गया है। उन्होंने टूर्नामेंट दो शानदार कैच भी पकड़े थे।

वहीं दक्षिण अफ्रीका की लौरा वोलवार्ड्ट को सलामी बल्लेबाज के तौर पर टीम में जगह दी गई है। उनके पांच अर्धशतकों की मदद से दक्षिण अफ्रीकी टीम सेमीफाइनल तक पहुंची थी। उनके अलावा दक्षिण अफ्रीकी ऑलराउंडर मरिजान कप्प और तेज गेंदबाज शबनीम इस्माइल भी टीम में मौजूद हैं। मरिजान ने टूर्नामेंट 12 विकेट और 203 रनों के साथ शानदार ऑलराउंडर प्रदर्शन किया था। उन्हें दो बार 'प्लेयर ऑफ द मैच' भी चुना गया था, जबकि इस्माइल ने 14 विकेटों के साथ दूसरे सर्वाधिक विकेटटेकर के रूप में टूर्नामेंट का समापन किया है।

आईसीसी पैनल द्वारा चयनित मोस्ट वैल्यूएबल टीम में इंग्लैंड की स्टार ऑलराउंडर नताली साइवर, लेफ्ट आर्म स्पिनर सोफी एक्लेस्टोन और ऑलराउंडर चार्ली डीन को भी चुना गया है। उल्लेखनीय है कि नताली ने 436 रनों के साथ इंग्लैंड की सर्वाधिक रन स्कोरर के रूप में 2022 विश्व कप की समाप्ति की है, जिसमें फाइनल में 121 गेंदों पर 148 रन की नाबाद शतकीय पारी भी शामिल है। वहीं उन्होंने टूर्नामेंट में चार विकेट भी लिए हैं।

एक्लेस्टोन की बात करें तो वह 21 विकेटों के साथ वह टूर्नामेंट की सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज रहीं हैं। उन्होंने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ सेमीफाइनल मैच में घातक गेंदबाजी करते हुए 36 रन छह विकेट लिए थे, जो महिला विश्व कप का अब तक सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी प्रदर्शन है। इस बीच चार्ली डीन को उनके पहले विश्व कप में 11 विकेट लेने और फाइनल मुकाबले में साइवर के साथ 65 रन की साझेदारी करने के मद्देनजर 12वें खिलाड़ी के रूप में चुना गया है। मोस्ट वैल्यूएबल टीम में वेस्ट इंडीज की हेले मैथ्यूज और बंगलादेश की कप्तान सलमा खातून को भी जगह मिली है। मैथ्यूज वेस्ट इंडीज की एकमात्र खिलाड़ी हैं, जिन्हें विश्व कप में उत्कृष्ट ऑलराउंड प्रदर्शन के बाद टीम में रखा गया है। उन्होंने वेस्ट इंडीज के लिए 260 रन बनाए थे और 10 विकेट लिए थे।

# गोटाबाया ने अपने भाई को पद से हटाया, चार मंत्रियों ने ली शपथ

**जब तक कि पूर्ण मंत्रिमंडल शपथ नहीं ले लेता अन्य कार्यों को वैध तरीके से संचालित किया जाएगा**



कोलंबो। श्रीलंका के राष्ट्रपति गोटाबाया राजपक्षे ने सोमवार को अपने भाई को वित्तमंत्री के पद से हटा दिया और उनकी जगह चार मंत्रियों को नए विभागों के लिए शपथ दिलाई। इससे पहले सभी मंत्रियों ने देश की आजादी के बाद से सबसे खराब वित्तीय संकट से उबरने के लिए इस्तीफा दे दिया था।

राजपक्षे के मीडिया कार्यालय ने 26 कैबिनेट मंत्रियों के सामूहिक रूप से इस्तीफा देने के बाद एक बयान में कहा, संसद सुनिश्चित करने के लिए चार मंत्रियों की नियुक्ति की गई है और जब तक कि पूर्ण मंत्रिमंडल शपथ नहीं ले लेता अन्य कार्यों को वैध तरीके से संचालित किया जाएगा।

घोषणा में कहा गया है कि न्याय मंत्री अली साबरी नए वित्त मंत्री होंगे, जो बेसिल राजपक्षे की जगह लेंगे, जो इस महीने अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के साथ एक आपातकालीन ऋण सुरक्षित करने के लिए वाशिंगटन जाने वाले थे। पूर्व विदेश मंत्री (जी एल पेइरिस), शिक्षामंत्री (दिनेश गुणवर्धने) और राजमार्गमंत्री (जॉन्सटन फर्नांडो) अपने पद पर बने रहेंगे।

अधिकारियों ने कहा कि और अधिक मंत्रियों को शपथ दिलाई जाएगी।

वर्ष 2009 में तमिल टाइगर अलगाववादियों को कुचलने वाले युद्ध की अध्यक्षता करने वाले राजपाक्षे ने सभी दलों से सार्वजनिक विरोध के बीच एक नई सरकार में शामिल होने का आह्वान किया है।

सरकार के खिलाफ सड़क पर विरोध प्रदर्शन सोमवार को भी जारी रहा और कई शहरों में भीड़ जमा हो गई। सेंट्रल बैंक ऑफ श्रीलंका के गवर्नर अजित निवार्ड काबराल ने भी सोमवार को इस्तीफा दे दिया।

मीडिया रिपोर्टों में कहा गया है कि सत्तारूढ़ गठबंधन वाले 11 राजनीतिक दलों में से एक के प्रमुख उदय गम्मनपिला ने राष्ट्रपति राजपक्षे के इस कदम को खारिज कर दिया और नए मंत्रिमंडल को 'नई बोतल में पुरानी शराब' कहा। पिविथुरु हेला उरुमाया पार्टी के प्रमुख गम्मनपिला ने ट्विटर पर लिखा, हमारी मांग आवश्यक सेवाओं को बहाल करने और संसदीय चुनाव कराने के लिए एक सर्वदलीय अंतरिम सरकार बनाने की है। लोगों को अपना अगला नेता तय करना चाहिए, किसी और को नहीं।

### पाकिस्तान के डिप्टी स्पीकर के फैसले की वैधता पर विचार करेगा सुप्रीम कोर्ट

इस्लामाबाद। पाकिस्तान का सुप्रीम कोर्ट प्रधानमंत्री इमरान खान के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव को नेशनल असेंबली के डिप्टी स्पीकर कासिम सूरी द्वारा खारिज किये जाने की वैधता पर सोमवार को विचार करेगा। पाकिस्तान के समाचारपत्र डॉन ने अपनी रिपोर्ट में यह जानकारी दी। इससे पहले रविवार को सुप्रीम कोर्ट ने देश की मौजूदा स्थिति का स्वतः संज्ञान लिया था और संक्षिप्त सुनवाई के बाद लिखित आदेश जारी किया, जिसमें कहा गया कि अदालत यह जांच करना चाहेगी कि क्या इस तरह की कार्रवाई (संविधान के अनुच्छेद-5 के तहत अविश्वास प्रस्ताव को खारिज करना) संविधान के अनुच्छेद 69 में निहित निष्कासन द्वारा संरक्षित किया गया है। अदालत ने सभी राजनीतिक दलों और प्रशासन के अधिकारियों को मौजूदा स्थिति का फायदा नहीं उठाने तथा संविधान के दायरे में सख्ती से रहने का आदेश दिया।

## इमरान खान ने की कार्यवाहक प्रधानमंत्री के नाम की सिफारिश



इस्लामाबाद। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री इमरान खान के नेतृत्व वाली पाकिस्तान तहरीक ए इंसाफ (पीटीआई) ने सोमवार को कार्यवाहक प्रधानमंत्री के तौर पर पूर्व मुख्य न्यायाधीश गुलजार अहमद के नाम की सिफारिश की।

पूर्व सूचना एवं प्रसारण मंत्री फवाद चौधरी ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि पार्टी ने कार्यवाहक प्रधानमंत्री पद के लिए अपने उम्मीदवारों के नामों को अंतिम रूप दे दिया है।

उन्होंने कहा, पीटीआई ने कार्यवाहक प्रधानमंत्री पद के लिए राष्ट्रपति आरिफ अल्वी को दो नाम भेजे हैं।

एआरवाई न्यूज ने पूर्व मंत्री के हवाले से बताया कि संयुक्त विपक्ष ने सात दिन के भीतर नामों को अंतिम रूप नहीं दिया, लिहाजा पीटीआई द्वारा सुझाए गए नामों में से शीर्ष उम्मीदवार को कार्यवाहक प्रधानमंत्री बनाया जाएगा। इससे पहले, श्री अल्वी ने श्री खान और नेशनल असेंबली में विपक्ष के नेता शाहबाज शरीफ को पत्र भेजकर कार्यवाहक प्रधानमंत्री की नियुक्ति के लिए सुझाव मांगे थे।

जियो न्यूज के अनुसार, यदि दोनों राजनेता तीन दिन के भीतर एक नाम पर आम सहमति तक नहीं पहुंच पाते हैं, तो उनमें से प्रत्येक कार्यवाहक प्रधानमंत्री की नियुक्ति के लिए जिम्मेदार संसदीय समिति को दो नाम भेजेगा। आठ सदस्यीय संसदीय समिति में नेशनल असेंबली और सीनेट दोनों के सदस्य शामिल होते हैं तथा सत्तारूढ़ दल और विपक्ष का समान प्रतिनिधित्व होता है। इसका गठन नेशनल असेंबली के स्पीकर द्वारा किया जाएगा। रविवार को नेशनल असेंबली के भंग होने के कारण श्री खान को प्रधानमंत्री पद से हटा दिया गया है, लेकिन वह कार्यवाहक प्रधानमंत्रही की नियुक्ति तक अपने कर्तव्य का निर्वहन करते रहेंगे।

राष्ट्रपति सचिवालय के अनुसार, इमरान अहमद खान नियाजी, पाकिस्तानी संविधान के अनुच्छेद 224 ए (4) के तहत कार्यवाहक प्रधानमंत्री की नियुक्ति तक प्रधानमंत्री के पद पर बने रहेंगे।

इस बीच, विपक्ष के नेता शाहबाज शरीफ ने एक कार्यवाहक प्रधानमंत्री की नियुक्ति सहित एक अंतरिम व्यवस्था के लिए किसी भी परामर्श का हिस्सा बनने से इनकार कर दिया और कहा कि वह संविधान के उल्लंघन के खिलाफ शीर्ष अदालत के फैसले का इंतजार कर रहे हैं।

### शंघाई भेजे गए दो हजार डॉक्टर

बीजिंग। चीन की पीपुल्स लिबरेशन आर्मी ऑफ चाइना (पीएलए) ने दो वर्षों में कोविड-19 से सर्वाधिक प्रभावित शंघाई में कोरोना संक्रमण से जंग में मदद के लिए दो सौ से अधिक चिकित्सकों को रवाना किया है। रक्षा मंत्रालय ने सोमवार को एक बयान जारी करके यह जानकारी दी। बयान में कहा गया कि पीएलए ने कोरोना संक्रमण से बचाव के लिए दो हजार से अधिक चिकित्सकों को शंघाई भेजा है।शंघाई में रविवार को कोरोनावायरस संक्रमण के 425 स्थानीय मामलों की पुष्टि हुई जबकि 8,581 मामले बिना लक्षण के पाये गये। शंघाई में 28 मार्च को नया लॉकडाउन लागू है। हुआंगपु नदी के पूर्वी और दक्षिणी क्षेत्रों में पिछले सोमवार को लॉकडाउन लगाया गया और ये शुक्रवार सुबह खोला जाएगा। पश्चिमी जिलों में पांच-दिवसीय लॉकडाउन शुरू किया गया। उल्लेखनीय है पूर्वी क्षेत्रों में सोमवार से शुक्रवार तक लॉकडाउन लगाने के निर्देश दिए और सार्वजिनक जगहों को पूर्ण रूप से प्रतिबंध लगाया। अधिकारिकयों ने शंघाई में ओमीक्रोन के तेजी से बढ़ते मामलों को मद्देनजर 21 मार्च से 01 मई तक अंतरराष्ट्रीय उड़ानों का मार्ग बदल दिया है।

### श्रीलंकाई राष्ट्रपति ने नयी सरकार बनाने के लिए राजनीतिक दलों को दिया न्यौता

कोलंबो। श्रीलंका के राष्ट्रपति गोटाबाया राजपक्षे ने देश की मौजूदा आर्थिक संकट का समाधान खोजने के वास्ते सोमवार को सभी राजनीतिक दलों को नयी सरकार बनाने के लिए निमंत्रण दिया। राष्ट्रपति के मीडिया विंग की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि मौजूदा संकट कई आर्थिक कारणों तथा वैश्विक विकास का परिणाम है और देश के लोकतांत्रिक ढांचे के भीतर इसका समाधान खोजना चाहिए। बयान में कहा गया है कि देश की जरुरतों के परिप्रेक्ष्य में सभी नागरिकों और आने वाली पीढ़ियों की खातिर एक साथ काम करने का समय आ गया है। राष्ट्रपति ने संसद में प्रतिनिधित्व करने वाले सभी राजनीतिक दलों को एक साथ आने के लिए आमंत्रित किया है, ताकि इस राष्ट्रीय समस्या का समाधान निकाला जा सके।

### आरिफ अल्वी ने कार्यवाहक प्रधानमंत्री की नियुक्ति के लिए मांगा सुझाव

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के राष्ट्रपति आरिफ अल्वी ने रविवार को प्रधानमंत्री इमरान खान और नेशनल असेंबली में विपक्ष के नेता शहबाज शरीफ से कार्यवाहक प्रधानमंत्री की नियुक्त के लिए सुझाव मांगे हैं। अल्वी ने पत्र भेजकर दोनों नेताओं से कार्यवाहक प्रधानमंत्री के संबंध में सुझाव मांगे हैं। पाकिस्तान में कार्यवाहक प्रधानमंत्री की नियुक्ति के लिए प्रक्रिया शुरू हो गई हैं। जियो न्यूज के अनुसार यदि दो राजनेताओं की तीन दिनों के भीतर एक नाम पर आम सहमति तक नहीं बनती हैं, तो उनमें से प्रत्येक एक कार्यवाहक प्रधानमंत्री की नियुक्ति के लिए संसदीय समिति को दो नाम भेजेगा। नेशनल असेंबली के अध्यक्ष आठ सदस्यीय संसदीय समिति का गठन करेंगे। जिसमें नेशनल असेंबली और सीनेट दोनों सदस्य शामिल होगें और उसमें सत्तारूढ़ दल और विपक्ष का समान प्रतिनिधित्व होगा।

### इमरान ने धमकी देने वाले अमेरिकी अधिकारी का किया खुलासा

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री इमरान खान ने कहा है कि अमेरिका के दक्षिण और मध्य एशियाई मामलों के सहायक विदेश मंत्री डोनाल्ड लू ने उन्हें और उनकी सरकार को धमकी दे रहे हैं। पाकिस्तान के समाचारपत्र डॉन ने सोमवार को अपनी रिपोर्ट में यह जानकारी दी। रिपोर्ट के मुताबिक श्री खान ने दावा किया है कि अमेरिका ने अपने देश में स्थित पाकिस्तान के राजदूत के जरिए उन्हें एक धमकी भरा संदेश भेजा था। उन्होंने कहा कि श्री डोनाल्ड लू ने कथित तौर पर राजदूत असद मजीद के साथ बैठक में चेतावनी दी थी कि अगर वह (श्री खान) नेशनल एसेंबली में विपक्ष के अविश्वास प्रस्ताव में बच गए, तो पाकिस्तान के लिए मुश्किलें पैदा हो सकती है। उन्होंने यह भी दावा किया है कि उन्हें ऐसी खबरें मिली हैं कि पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ़ (पीटीआई) के असंतुष्ट नेता अमेरिकी दूतावास गए थे।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, प्रवीण कुमार सिंह द्वारा आला प्रिंटिंग प्रेस 3636 कटारा दिना बेग लाल कुआं... से मुद्रित एवं, ब्लाक नं 23 मकान नं 399 त्रिलोक पुरी दिल्ली -91 से प्रकाशित
संपादकः प्रवीण कुमार सिंह, आरएनआई नं. ·DELHIN/2011/38334, किसी भी विवाद के लिए पीआरबी एक्ट अंतर्गत उत्तरदायी, टेलीफोन नं.: 011-26700510/11, ई-मेल : info@gauravshalibharat.com, समस्त विवादो का न्यायलय दिल्ली होगा

# 'बाहुबली 3' को लेकर आ गई ये बड़ी खबर



**नई दिल्ली।** एस.एस. राजामौली के निर्देशन में बनी फिल्म आरआरआर बॉक्स ऑफिस पर तांडव मचा रही है। फिल्म को दर्शकों को बेहिसाब प्यार मिल रहा है और यही वजह है कि फिल्म एक के बाद एक नए कीर्तिमान रचती चली जा रही है।

इसी बीच राजामौली की फिल्म बाहुबली के सीक्वल को लेकर एक ताजा खबर सामने आई है। बाहुबली 2 के बाद अब बाहुबली-3 को लेकर आई इस खबर को सुनकर फैंस की खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा।

### बाहुबली-3 को लेकर प्रोड्यूसर ने कही ये बात

आरआरआर के प्रमोशन के दौरान एस.एस.राजामौली ने बाहुबली-3 को लेकर हिंट दिया था और अब पिंकविला की एक रिपोर्ट के मुताबिक बाहुबली के प्रोड्यूसर प्रसाद देवीनेनी ने फिल्म को लेकर कुछ दिलचस्प बातें कही हैं। प्रसाद ने कहा, उनका कहने का मतलब था कि बाहुबली वर्ल्ड में उतना स्कोप है कि एक और कहानी सुनाई जा सकती है। कहानी की दुनिया वही रहेगी और किरदार तो लार्जर दैन लाइफ हैं।

### जाहिर तौर पर हम इस पर काम करेंगे

प्रसाद ने फिल्म को लेकर कहा, लेकिन हम अभी तुरंत इसे शुरू करने के बारे में नहीं सोच रहे हैं, क्योंकि अभी उनके पास कई सारी जिम्मेदारियां हैं।

उसके बाद हम इसके बारे में सोचेंगे। जाहिर तौर पर एक पॉइंट पर हम इसे बनाएंगे, लेकिन अगर चीजें ठीक रहीं तो। हालांकि अभी इसे लेकर कोई काम नहीं किया जा रहा है।

यानि प्रसाद के बयान के बाद कहा जा सकता है कि मेकर्स बाहुबली-3 को लेकर काफी सीरियस हैं और देर सबेर इस पर काम शुरू किया ही जाएगा।

### सलमान भी करेंगे राजामौली के साथ काम

तो एस.एस. राजामौली के बाद अब प्रसाद के बयान के बाद माना जा सकता है कि बाहुबली फैंस को निराश होने की जरा भी जरूरत नहीं है। मेकर्स आज नहीं तो कल बाहुबली-3 पर काम शुरू कर देंगे। बता दें कि सुपरस्टार सलमान खान ने भी राजामौली के साथ एक फिल्म को लेकर हिंट दिया था। हालांकि उस बारे में भी अभी तक कोई ऐलान नहीं किया गया है।




# एसएस राजामौली के साथ फिर काम करेंगी आलिया भट्ट!



**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री आलिया भट्ट दक्षिण भारतीय फिल्मों के जाने-माने निर्देशक एस.एस राजामौली के साथ फिर काम करती नजर आ सकती है। आलिया भट्ट ने एसएस राजामौली के निर्देशन में बनी फिल्म आरआरआर में काम किया है। चर्चा है कि आलिया भट्ट ने एसएस राजामौली की अगली फिल्म के लिए उनसे हाथ मिला लिया है। कहा जा रहा है कि इस फिल्म में आलिया, महेशा बाबू के साथ रोमांस करती हुई दिखाई देंगी।

इस जानकारी को दक्षिण भारतीय फिल्म क्रिटिक और ओवरसीज सेंसर बोर्ड के मेंबर उमैर संधू ने अपने ट्विटर हैंडल पर साझा किया था। उमैर के ट्विटर अनुसार यह कंफर्म जानकारी है कि, आलिया भट्ट, एसएस राजामौली अगले फिल्म में महेश बाबू के साथा काम करती नजर आयेंगी।

# क्रिकेटर और पिता के किरदार से शाहिद कपूर ने जीता दिल, सुपरस्टार नानी को दे रहे टफ कॉम्पटीशन



नई दिल्ली। शाहिद कपूर की मोस्ट अवेटेड फिल्म जर्सी के ट्रेलर का फैंस काफी समय से इंतजार कर रहे थे और अब फाइनली ट्रेलर रिलीज हो गया है। जर्सी के ट्रेलर की शुरुआत होती है शाहिद कपूर से जो बड़ा शॉट मारते हैं। इसके बाद शाहिद और मृणाल ठाकुर साथ में नजर आते हैं। मृणाल कहती हैं, तुम कितनी भी कोशिश करलो, अब कुछ नहीं होने वाला। तुम्हारे पास चांस था और अब वो खत्म हो गया है। इसके बाद शाहिद को सभी क्रिकेट खेलने से मना करते हैं। सब कहते हैं कि अब उनकी उम्र नहीं है खेलने की और ना ही उनमें अब वो बात है। लेकिन फिर शाहिद का बेटा उन्हें मोटिवेट करता है क्रिकेट खेलने को। अब शाहिद अपने बेटे के कॉन्फिडेंस से मोटिवेट होकर खुद का नाम बनाएंगे।

ट्रेलर में दिखाया गया है कि कैसे एक एक्स खिलाड़ी क्रिकेट में वापसी करना चाहता है, लेकिन कोई साथ देने के लिए तैयार नहीं सिवाय बेटे के लिए। अब वो अपने सपने और बेटे के विश्वास को जीत दिलाएंगे या नहीं, ये फिल्म देखकर पता चलेगा।

ट्रेलर को अच्छा रिस्पॉन्स मिल रहा है। फैंस शाहिद की तारीफ कर रहे हैं। बता दें कि पहली बार शाहिद क्रिकेटर का किरदार निभा रहे हैं। इससे पहले फिल्म दिल बोले हड़िप्पा में भी शाहिद क्रिकेट खेलते दिखे थे, लेकिन जर्सी में तो पूरी क्रिकेटर की कहानी है। मृणाल इसमें एक प्यार करने वाली गर्लफ्रेंड से लेकर एक पति की नाकामयाबी से परेशान पत्नी के रूप में दिखीं। ट्रेलर को जो रिस्पॉन्स मिल रहा है उसे देखकर लग रहा कि फिल्म को भी अच्छा रिस्पॉन्स मिल सकता है।

### नानी की जर्सी से मुकाबला

बता दें कि तेलुगु सिनेमा के स्टार नानी भी पहले फिल्म जर्सी लेकर आ चुके हैं जिसे काफी जबरदस्त रिस्पॉन्स मिला था। ये फिल्म साल 2018 में रिलीज हुई थी और आज तक इस फिल्म का क्रेज फैंस में हैं। तो अब जर्सी के हिंदी रीमेक को लेकर भी फैंस देखना चाहते हैं कि शाहिद इस फिल्म में क्या अलग कमाल दिखाएंगे क्योंकि जर्सी में नानी का कमाल फैंस पहले ही देख चुके हैं। तो अब देखते हैं कि शाहिद अपनी परफॉर्मेंस से नानी से ये मुकाबला जीत पाएंगे या नहीं।


### जर्सी की स्टार कास्ट

जर्सी में शाहिद कपूर के अलावा मृणाल ठाकुर, पंकज कपूर और रोनित कुमार लीड रोल में हैं। फिल्म को गौतम तिन्ननुरी डायरेक्ट कर रहे हैं। बता दें कि गौतम ने ही नानी की जर्सी को डायरेक्ट किया था और हिंदी फिल्म को भी वह ही डायरेक्ट कर रहे हैं।

# अनिल कपूर-माधुरी दीक्षित की फिल्म बेटा के प्रदर्शन के 30 साल पूरे

मुंबई। बॉलीवुड अभिनेता अनिल कपूर और अभिनेत्री माधुरी दीक्षित की सुपरहिट फिल्म बेटा के प्रदर्शन के 30 साल पूरे हो गये हैं। अनिल कपूर और माधुरी दीक्षित की फिल्म बेटा की रिलीज को 30 साल पूरे हो गए हैं। अनिल कपूर ने इस मौके पर खुशी जाहिर करते हुए अपने इंस्टाग्राम पर फिल्म बेटा में अपने प्रदर्शन के लिए मिले अवॉर्ड समारोह की तस्वीरें साझ की हैं, जिसमें वह फिल्म की को-एक्ट्रेस माधुरी दीक्षित के साथ नजर आ रहे हैं।इन तस्वीरों में अनिल कपूर फिल्म की मिली शानदार सफलता के बाद एक समारोह में अवॉर्ड प्राप्त करते हुए दिख रहे हैं, जबकि दूसरी तस्वीर में वह और माधुरी अपने हाथों में पुरस्कार पकड़े हुए नजर आ रहे हैं। अनिल कपूर ने इन तस्वीरों को इंस्टाग्राम पर शेयर कर लिखा, अभिनेताओं के रूप में ये हमारे लिए बहुत अच्छा अहसास था, जब हमारी फिल्म साल 1992 की सबसे बड़ी ब्लॉकबस्टर थी। इस फिल्म को इतना प्यार और प्रशंसाएं मिलीं। बेटा के 30 साल पूरे होने का जश्न।

# मानुषी छिल्लर ने 'पृथ्वीराज' के सेट से शेयर किया अपना लुक



**मुंबई।** मिस वर्ल्ड मानुषी छिल्लर ने अपनी आने वाली फिल्म पृथ्वीराज के सेट से अपना लुक सोशल मीडिया पर शेयर किया है।


मानुषी छिल्लर फिल्म 'पृथ्वीराज' से बॉलीवुड में अपना डेब्यू करने जा रही हैं। इस फिल्म में वह अक्षय कुमार के साथ नजर आयेगी। फिल्म के लिए मानुषी काफी रोमांचित हैं। मानुषी ने 'पृथ्वीराज' के सेट से अपने किरदार की एक झलक साझा की है, जिसमें वह रॉयल राजपूती ज्वेलरी पहने नजर आ रही हैं।

मानुषी ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर फिल्म के सेट से एक बीटीएस तस्वीर शेयर की, जिसमें उनके संयोगिता लुक की एक झलक दिखाई दे रही है, तस्वीर में मानुषी का बायां हाथ दिख रहा है जो पृथ्वीराज के युग में पहने जाने वाले हैवी ट्रेडिशनल ज्वेलरी से सजा हुआ है। पोस्ट को शेयर करते हुए उन्होंने कैप्शन में लिखा, अपनी संयोगिता ग्रूव ऑन कर रही हूं, इसके साथ ही उन्होंने अक्षय कुमार, फिल्म के निर्देशक और प्रोडक्शन हाउस यशराज फिल्म्स को हैसटैग करते हुए लिखा, पृथ्वीराज के आने में दो महीने। गौरतलब है कि डॉ चंद्रप्रकाश द्विवेदी के निर्देशन में बनी फिल्म पृथ्वीराज में अक्षय कुमार पृथ्वीराज के किरदार में है, वहीं मानुषी छिल्लर राजकुमारी संयोगिता के रूप नजर आयेगी।अक्षय और मानुषी के अलावा सोनू सूद और संजय दत्त की इस फिल्म में अहम भूमिका है। 'पृथ्वीराज' इस साल 3 जून को सिनेमाघरों में रिलीज की जाएगी। यह फिल्म हिंदी, तेलुगू और तमिल भाषा में रिलीज होगी।

# गर्मियों में स्किन की तमाम समस्याओं से छुटकारा पाने के लिए ऐसे इस्तेमाल करें एलोवेरा

प्रिया मिश्रा

**आप बिना ज्यादा पैसे खर्च किए कुछ घरेलू नुस्खों से अपनी स्किन को निखार सकती हैं। ऐसा ही एक घरेलू नुस्खा है एलोवेरा जो हमारी स्किन के लिए बेहद फायदेमंद होता है। एलोवेरा में एंटीऑक्सीडेंट होते हैं जो चेहरे की चमक बढ़ाने में मदद करते हैं।**



गर्मियों का मौसम शुरू होते ही तमाम स्किन प्रॉब्लम से शुरू हो जाती हैं जहां सर्दियों में त्वचा दमकती रहती है वही गर्मी में दाने, टैनिंग, सनबर्न और रैशेज जैसी परेशानियां शुरू हो जाती हैं। गर्मियों में तेज़ धूप के कारण चेहरे की त्वचा टैन हो जाती है। इससे चेहरा काला और बेजान नज़र आता है। ऐसे में कई महिलाएं तरह-तरह के ब्यूटी प्रोडक्ट्स और ब्यूटी ट्रीटमेंट्स लेती हैं। लेकिन कई बार महंगे-महंगे ब्यूटी प्रोडक्ट्स से भी कोई रिजल्ट नहीं मिलता है। ऐसे में आप बिना ज्यादा पैसे खर्च किए कुछ घरेलू नुस्खों से अपनी स्किन को निखार सकती हैं। ऐसा ही एक घरेलू नुस्खा है एलोवेरा जो हमारी स्किन के लिए बेहद फायदेमंद होता है। एलोवेरा में एंटीऑक्सीडेंट होते हैं जो चेहरे की चमक बढ़ाने में मदद करते हैं। आज के इस लेख में हम आपको बताएंगे कि आप अपनी स्किन की देखभाल के लिए एलोवेरा का इस्तेमाल किस तरह कर सकती हैं -

बाजार में मिलने वाले फेस वॉश में तरह-तरह के केमिकल्स होते हैं जो आपकी स्किन को नुकसान पहुंचा सकते हैं। ऐसे में आप फेस वॉश करने के लिए एलोवेरा का इस्तेमाल कर सकती हैं। इसके लिए एक चम्मच एलोवेरा जेल में एक चम्मच दूध और एक चम्मच नींबू का रस मिलाएं। एलोवेरा जेल में एंटी बैक्टीरियल और मॉइश्चराइजिंग गुण होते हैं। दूध आपकी त्वचा को साफ करने में मदद करेगा और नींबू से त्वचा की रंगत हल्की होगी। इससे आपकी त्वचा साफ और चमकदार बनेगी।

आजकल बाजार में तरह-तरह की नाइट मास्क और नाइट क्रीम उपलब्ध हैं। नाइट मास्क लगाने से त्वचा की नमी बनी रहती है और त्वचा चमकदार बनती है। लेकिन अगर आप नाईट मास्क पर ज्यादा पैसे खर्च नहीं करना चाहती हैं तो आप एलोवेरा जेल का इस्तेमाल नाईट मास्क के तौर पर कर सकती हैं। इसके लिए रात में सोने से पहले अपनी त्वचा पर एलोवेरा जेल की एक परत लगाएं और अगले दिन चेहरा साफ कर लें।

गर्मियों का मौसम शुरू होते ही तमाम स्किन प्रॉब्लम से शुरू हो जाती हैं जहां सर्दियों में त्वचा दमकती रहती है वही गर्मी में दाने, टैनिंग, सनबर्न और रैशेज जैसी परेशानियां शुरू हो जाती हैं। गर्मियों में तेज़ धूप के कारण चेहरे की त्वचा टैन हो जाती है। इससे चेहरा काला और बेजान नज़र आता है। ऐसे में कई महिलाएं तरह-तरह के ब्यूटी प्रोडक्ट्स और ब्यूटी ट्रीटमेंट्स लेती हैं। लेकिन कई बार महंगे-महंगे ब्यूटी प्रोडक्ट्स से भी कोई रिजल्ट नहीं मिलता है। ऐसे में आप बिना ज्यादा पैसे खर्च किए कुछ घरेलू नुस्खों से अपनी स्किन को निखार सकती हैं। ऐसा ही एक घरेलू नुस्खा है एलोवेरा जो हमारी स्किन के लिए बेहद फायदेमंद होता है। एलोवेरा में एंटीऑक्सीडेंट होते हैं जो चेहरे की चमक बढ़ाने में मदद करते हैं। आज के इस लेख में हम आपको बताएंगे कि आप अपनी स्किन की देखभाल के लिए एलोवेरा का इस्तेमाल किस तरह कर सकती हैं -

बाजार में मिलने वाले फेस वॉश में तरह-तरह के केमिकल्स होते हैं जो आपकी स्किन को नुकसान पहुंचा सकते हैं। ऐसे में आप फेस वॉश करने के लिए एलोवेरा का इस्तेमाल कर सकती हैं। इसके लिए एक चम्मच एलोवेरा जेल में एक चम्मच दूध और एक चम्मच नींबू का रस मिलाएं। एलोवेरा जेल में एंटी बैक्टीरियल और मॉइश्चराइजिंग गुण होते हैं। दूध आपकी त्वचा को साफ करने में मदद करेगा और नींबू से त्वचा की रंगत हल्की होगी। इससे आपकी त्वचा साफ और चमकदार बनेगी।

एलोवेरा जेल का इस्तेमाल आप मुहांसों के निशान को कम करने के लिए भी कर सकते हैं। एलोवेरा जेल पिगमेंटेशन को कम करके मुहांसों के निशान को कम करने में मदद करता है। इसमें एंटी-इंफ्लामेटरी गुण होते हैं जो त्वचा पर मुंहासों को बढ़ने से रोकते हैं।

एलोवेरा जेल का इस्तेमाल आप स्किन को एक्सफोलिएट करने के लिए भी कर सकते हैं। प्रदूषण और मेकअप की वजह से हमारी त्वचा पर डेड स्किन की परत जमा हो जाते हैं जिससे चेहरे का निखार कम हो जाता है। ऐसे में आप एलोवेरा जेल में पिसी हुई चीनी या कॉफी मिलाकर इससे चेहरे को एक्सफोलिएट कर सकती हैं।

आजकल बाजार में तरह-तरह की नाइट मास्क और नाइट क्रीम उपलब्ध हैं। नाइट मास्क लगाने से त्वचा की नमी बनी रहती है और त्वचा चमकदार बनती है। लेकिन अगर आप नाईट मास्क पर ज्यादा पैसे खर्च नहीं करना चाहती हैं तो आप एलोवेरा जेल का इस्तेमाल नाईट मास्क के तौर पर कर सकती हैं। इसके लिए रात में सोने से पहले अपनी त्वचा पर एलोवेरा जेल की एक परत लगाएं और अगले दिन चेहरा साफ कर लें।

एलोवेरा जेल का इस्तेमाल आप नेचुरल मेकअप रिमूवर के तौर पर कर सकती हैं। मेकअप लगाकर सोने से स्किन पोर्स बंद हो जाते हैं जिससे त्वचा खराब हो सकती है। मेकअप हटाने के लिए आप एक कॉटन बॉल पर थोड़ा सा एलोवेरा जेल लगाएं और इससे अपना मेकअप साफ करें। हल्के हाथों से चेहरे की मसाज करें और बाद में अपना चेहरा धो लें।

एलोवेरा जेल का इस्तेमाल आप नेचुरल मेकअप रिमूवर के तौर पर कर सकती हैं। मेकअप लगाकर सोने से स्किन पोर्स बंद हो जाते हैं जिससे त्वचा खराब हो सकती है। मेकअप हटाने के लिए आप एक कॉटन बॉल पर थोड़ा सा एलोवेरा जेल लगाएं और इससे अपना मेकअप साफ करें। हल्के हाथों से चेहरे की मसाज करें और बाद में अपना चेहरा धो लें।

# कमर दर्द से रहते हैं परेशान, अपनाएं यह आसान उपाय

मिताली जैन

**अगर आप कमर दर्द से परेशान हैं और नेचुरल तरीके से उसे दूर करना चाहते हैं तो ऐसे में मालिश करना एक अच्छा विचार हो सकता है। मालिश आपको एक रिलैक्स्ड फील कराता है। जिससे कमर दर्द के साथ-साथ बॉडी से स्ट्रेस भी दूर होता है।**



कमर दर्द की समस्या इन दिनों बेहद कॉमन हो चुकी है। आमतौर पर, यह माना जाता है कि लंबे समय तक बैठे रहने के कारण कमर में दर्द होता है, लेकिन इसके अन्य भी कई कारण हो सकते हैं। बढ़ती उम्र से लेकर सूजन तक के चलते भी कमर दर्द की शिकायत होती है। यूं तो लोग कमर दर्द से निजात पाने के लिए तरह-तरह की दवाईयों का सेवन करते हैं। लेकिन अगर आप नेचुरल तरीके से अपने बैक पेन की समस्या को मैनेज करना चाहते हैं तो इसके लिए कुछ उपायों को अपनाया जा सकता है। यह होम रेमिडीज आपकी समस्या का समाधान नेचुरल तरीकों से कर सकती है-

### बॉडी पॉश्चर पर करें फोकस

किसी भी समस्या से राहत पाने के लिए सबसे पहले उसके कारणों के बारे में जान लेना चाहिए। दरअसल, बहुत से लोग लंबे समय तक बैठे रहते हैं और इस दौरान उन्हें अपने बॉडी पॉश्चर का ख्याल ही नहीं रहता है। जिससे कमर दर्द की शिकायत शुरू हो जाती है। कभी-कभी तो दर्द बर्दाश्त से बाहर हो जाता है। लेकिन अगर बॉडी पॉश्चर पर ध्यान दिया जाए तो इससे कमर दर्द की समस्या को काफी हद तक कम किया जा सकता है। आपको सिर्फ काम करते समय ही नहीं, बल्कि अपने सोने के पॉश्चर पर भी ध्यान देना चाहिए।

### मालिश से मिलेगी राहत

अगर आप कमर दर्द से परेशान हैं और नेचुरल तरीके से उसे दूर करना चाहते हैं तो ऐसे में मालिश करना एक अच्छा विचार हो सकता है। मालिश आपको एक रिलैक्स्ड फील कराता है। जिससे कमर दर्द के साथ-साथ बॉडी से स्ट्रेस भी दूर होता है। बेहतर रिजल्ट के लिए आप सरसों के तेल में लहसुन को कुक करके उससे मालिश करें।

### लें एप्सम बाथ साल्ट

गुनगुने पानी और एप्सम बाथ सॉल्ट के साथ नहाने से पीठ दर्द को कम करने में मदद मिलती है। अगर पूरे दिन काम करने के बाद आप अपनी बॉडी को रिलैक्स करना चाहते हैं और कमर दर्द से राहत चाहते हैं तो ऐसे में एप्सम बाथ साल्ट लेना अच्छा विचार है। हालांकि, इस दौरान आपको पानी के तापमान पर ध्यान देना चाहिए।

अगर आपको इन उपायों से राहत नहीं मिलती है तो ऐसे में आपको एक डॉक्टर से सलाह अवश्य लेनी चाहिए।

# क्या ईपीएफ दर में कटौती स्वैच्छिक भविष्य निधि को आकर्षक नहीं बनाती है?

जे. पी. शुक्ला

**43 वर्षों में ईपीएफ बचत पर यह सबसे कम ब्याज दर है, जिससे योगदानकर्ताओं को निराशा हुई है। फिर भी यह सबसे आकर्षक, कर-कुशल साधन बना हुआ है जो अपने ग्राहकों को सुरक्षित रिटर्न प्रदान करता है। ईपीएफ निवेश, संचय और परिपक्वता चरणों में कर से मुक्त है।**



केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड 31 अगस्त, 2021 की अपनी अधिसूचना के माध्यम से कर्मचारियों द्वारा किए गए 2.5 लाख रुपये से अधिक भविष्य निधि (पीएफ) योगदान पर इसे कर योग्य बना दिया, वहीं कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) के केंद्रीय न्यासी बोर्ड ने 12 मार्च, 2022 को पीएफ जमा पर 2021-22 के लिए 8.5 प्रतिशत की पिछली दर से ब्याज को घटाकर चार दशक के निचले स्तर 8.1 प्रतिशत प्रति वर्ष कर दिया।

इस झटके ने इसे उच्च वेतन पाने वाले ग्राहकों के लिए अनाकर्षक बना दिया है जो अपने वेतन का एक बड़ा हिस्सा कर-मुक्त करने के लिए पीएफ में बड़ा स्वैच्छिक योगदान कर रहे हैं। कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) के 60 मिलियन से अधिक सदस्यों के लिए यह एक बड़ा झटका है, जब सेवानिवृत्ति निधि प्रबंधक ने वित्तीय वर्ष 2021-22 के लिए वार्षिक ब्याज दर को पिछले वर्ष के 8.5 प्रतिशत से घटाकर 8.1 प्रतिशत कर दिया।

43 वर्षों में ईपीएफ बचत पर यह सबसे कम ब्याज दर है, जिससे योगदानकर्ताओं को निराशा हुई है। फिर भी यह सबसे आकर्षक, कर-कुशल साधन बना हुआ है जो अपने ग्राहकों को सुरक्षित रिटर्न प्रदान करता है। ईपीएफ निवेश, संचय और परिपक्वता चरणों में कर से मुक्त है। 2.5 लाख रुपये से अधिक के ईपीएफ योगदान पर अर्जित ब्याज वित्तीय वर्ष 2021-22 से कर के अधीन है।

वित्त अधिनियम 2021 के अनुसार, कर्मचारियों द्वारा किए गए 2.5 लाख रुपये से अधिक के पीएफ योगदान की राशि से संबंधित किसी भी ब्याज पर कर लगेगा। हालांकि सामान्य भविष्य निधि (जीपीएफ) में योगदान करने वाले सरकारी कर्मचारियों को कुछ राहत मिलती है, क्योंकि ऐसे मामलों में, जहां केवल कर्मचारी ही पीएफ योगदान कर रहा है, 2,50,000 रुपये की सीमा को बढ़ाकर 5,00,000 रुपये कर दिया जाएगा।

लेकिन जीपीएफ अंशदान पर 7.1 फीसदी की कम ब्याज दर सरकारी कर्मचारियों के लिए निराशाजनक है, क्योंकि हाल ही में दर में कटौती के बाद भी ईपीएफ पर ब्याज दर 8.1 फीसदी पर तुलनात्मक रूप से उच्च बनी हुई है। थ्रेशोल्ड सीमा से ऊपर के योगदान को कर योग्य बनाने के बाद दोहरे खाते अब भविष्य निधि खाते में बनाए जाएंगे - एक कर योग्य घटक के साथ और दूसरा गैर-कर योग्य घटक के साथ।

### वीपीएफ कैसे काम करता है?

VPF, या स्वैच्छिक भविष्य निधि बस आपके EPF खाते का विस्तार है। आपका नियोक्ता अनिवार्य रूप से आपके मूल वेतन और महंगाई भत्ते, यदि कोई हो, से हर महीने आपके भविष्य निधि खाते में जमा करने के लिए 12 प्रतिशत की कटौती करता है। नियोक्ता आपके सेवानिवृत्ति कोष में एक समान राशि का योगदान देता है और इस योगदान का 8.33 प्रतिशत (अधिकतम 1,250 रुपये या 15,000 रुपये के मूल वेतन केअधीन) आपके कर्मचारियों की पेंशन योजना खाते के लिए निर्देशित किया जाता है।